हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026

नई सोच, नई गति से

आगे बढ़ता

मध्यप्रदेश





71वां

स्थापना दिवस

समारोह

1-3 नवम्बर, 2026





शुभारंभ

मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव

द्वारा

लाल परेड ग्राउंड, भोपाल

“

हर जीवन को स्पर्श करते विकास से,
हर चेहरे पर मुस्कान लाती समृद्धि तक
किसान के खेत से युवाओं के सपनों और
नारी के सम्मान से वंचितों की उन्नति तक

बदलाव की मिसाल बनता

मध्यप्रदेश

71वें स्थापना दिवस की

हार्दिक शुभकामनाएं

D-11159/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh

@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP

JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026



हरिभूमि



मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026

गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में मध्यप्रदेश पुलिस का दमदार प्रदर्शन

2600 किमी की यात्रा कर पहुंचे 7 पुलिस बाइकर्स हॉक फोर्स और पुलिस बैंड ने भी बढ़ाया 'गौरव'

इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता के साथ नशामुक्त भारत का संदेश देना था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को स्टैचू ऑफ यूनिटी जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्हे नमन करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके बाद एकता परेड, फ्लैग मार्च, महिला नेतृत्व में मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और एयर शो हुआ। गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में मध्यप्रदेश पुलिस ने गौरवपूर्ण सहभागिता की। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सान्निध्य में आयोजित इस भव्य समारोह में प्रदेश के सात सदस्यीय पुलिस बाइकर्स दल, हॉक फोर्स ⏭ शेष पेज 04 पर



22 अक्टूबर को पुलिस महानिदेश कैलाश मकवाणा ने बाइकर्स को किया था रवाना

सशस्त्र बलों के 225 बाइकर्स शामिल

रिजर्व इंस्पेक्टर धनंजय शर्मा के नेतृत्व में दल ने इंदौर और अलीराजपुर होते हुए 2600 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पूरी कर एकता नगर पहुंचा। यात्रा के दौरान बाइकर्स ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। परेड में देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 225 से अधिक बाइकर्स एवं कमांडो शामिल हुए। मध्यप्रदेश पुलिस बैंड ने देशभक्ति की धुनों से समारोह में समां बांधा, वहीं हॉक फोर्स की टुकड़ी ने भी अपनी सहभागिता से प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

स्काईवॉक पर पीएम



खबर संक्षेप

चीते की मौत के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

श्योपुर। कूनो नेशनल पार्क में चीते की मौत के मामले में बड़ी जानकारी सामने आई है। सूत्रों के



अनुसार, पुलिस ने इस मामले में भगवान सिंह, विनोद और राजबीर नाम के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, उनके पास से दो भरमार बंदूकें भी बरामद की गई हैं। इस मामले में पति-पत्नी और एक अन्य शिकारी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पहले एक रेंजर और डिप्टी रेंजर समेत 6 लोगों को सस्पेंड हो चुके हैं।

जबलपुर में 871 किलो गांजा पकड़ा, 2 अरेस्ट


जबलपुर। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की झांसी यूनिट ने जबलपुर में दबिश देकर 871



किलो अवैध गांजा बरामद किया। बरामद गांजे की कीमत करीब 4.35 करोड़ रुपए आंकी गई है। जबलपुर के थाना गोशलपुर क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-30 पर मुस्कुरा मोड़ के पास घेराबंदी खेप के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने अपने नाम अलीगढ़ में इगलास थाना क्षेत्र स्थित नगला कलुआ निवासी धर्मवीर बताया।

उमर अब्दुल्ला ने निधि राजदान से शादी की

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने पत्रकार निधि राजदान के साथ शादी कर ली है।



उन्होंने शनिवार को इंस्टाग्राम पर निधि राजदान के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि कल से एक नए सफर की शुरुआत हुई। उनकी यह शादी सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी पहली पत्नी पायल अब्दुल्ला से तलाक को मंजूरी दिए जाने के करीब 3 महीने बाद हुई है। दरअसल कोर्ट ने उमर अब्दुल्ला और पायल की शादी खत्म की थी।

राहुल गांधी बोले- 2024 के लोकसभा चुनाव अवैध

19 विपक्षी दलों के 215 सांसद मौजूद रहे

विपक्ष की संसद 3.23 घंटे चली, ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन-महाभियोग पास

आज रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक का 'शंखनाद'

रविवार को इंडिया ब्लॉक 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली करेगा। कांग्रेस का दावा है कि इस रैली में देश भर से करीब 10 लाख लोग पहुंचेंगे। कॉकरोच जनता पार्टी के यूथ भी हिस्सा लेंगे। रैली के लिए मैदान में विपक्षी नेताओं के लिए मुख्य मंच पर बड़ा तिरंगे के रंग का टेंट और मंच तैयार किया गया है। गठबंधन के विभिन्न घटक दलों और राज्य इकाइयों के लिए अलग से मंच और ठिकाने बनाए गए हैं। मैदान में हजारों प्लास्टिक की कुर्सियां और सफेद तंबू लगाए गए हैं ताकि दूर-दूर से आने वाले कार्यकर्ताओं को परेशानी न हो। कांग्रेस और यूथ कांग्रेस मुख्यालय (अकबर रोड) पर भी बड़े टेंट लगाए गए हैं, जहां से कार्यकर्ता एकत्र होकर मार्च करते हुए रामलीला मैदान पहुंचेंगे। नेता मल्लिकार्जुन खरगे के आवास से मिंटो रोड तक खुली बसों की भी तैयारी है कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के करीब 3,500 से 4,000 से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। रामलीला मैदान और उसके आसपास के ⏭ शेष पेज 04 पर



मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ अन्य नेता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा एसआईआर के जरिए 13.3 करोड़ यानी 15 फीसदी मतदाताओं के नाम हटाए गए। इनमें से कई ने 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। उस चुनाव में जीत का अंतर सिर्फ 3 फीसदी वोट का था। राहुल शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस ⏭ शेष पेज 04 पर

यह जन-महाभियोग दोपहर करीब 3 बजे से शुरू हुआ

मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर चली मॉक पार्लियामेंट

समझ में आ जाएगा कि भाजपा का खेल क्या है?

राहुल ने कहा कि यह कितनी अजीब बात है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के महाभियोग पर चर्चा करने के लिए पूरे विपक्ष को बागीचे में बैठना पड़ रहा है, क्योंकि हमारे लिए बाकी सभी संस्थान बंद हैं। ज्ञानेश कुमार सीईसी के ⏭ शेष पेज 04 पर

खरगे ने लगाए 6 आरोप

1. चुनाव चुराने की साजिश रची गई
2. 13.2 करोड़ वोटरों के नाम हटा दिए गए
3. संसद की निगरानी या जानकारी के बिना 'फॉर्म 6' को बदल दिया
4. इलेक्टोरल रोल पर कब्जा कर लिया
5. बाकी दो चुनाव आयुक्तों को प्रक्रिया से बाहर रखा
6. मोदी और शाह के इशारे पर काम किया

भाजपा की भी रैली आज

भाजपा ने कांग्रेस की 1 नवंबर की रैली के खिलाफ बड़ी तैयारी की है। भाजपा के इस मार्च में 1984 के एंटी सिख दंगों के पीड़ित और उनके परिवार के लोग भी शामिल होंगे। 1 नवंबर को सुबह 11 बजे से दिल्ली के हरिनगर में मार्च निकालेगा। इस रैली में भाजपा के बड़े सिख नेताओं समेत पार्टी के अन्य बड़े नेता भी शामिल होंगे। हरदीप पुरी इस रैली का नेतृत्व करेंगे।

वोट चोरी पं. नेहरू ने की थी: पात्रा



भाजपा के प्रवक्ता संविद पात्रा ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके कुछ सहयोगी दल लोकतंत्र के साथ मजाक कर रहे हैं। असली पार्टियामेंट में सोना, आंख मारना, काम नहीं करने देते हैं। आज वोट ⏭ शेष पेज 04 पर

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान

हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा

लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरुक नागरिकों की भागीदारी जरूरी



पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु 'प्रबुद्ध जन गोष्ठी' को संबोधित करते हुए

जीएनएच कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रबुद्ध जन गोष्ठी को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

लोकतंत्र की मजबूती केवल संवैधानिक संस्थाओं से नहीं, बल्कि जागरुक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, सकारात्मक संवाद और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान से सुनिश्चित होती है। समाज के प्रबुद्ध वर्ग की जिम्मेदारी है कि वह लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने और राष्ट्रहित के विषयों पर जन-जागरुकता बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाए। यह बात हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने शनिवार को सोहना रोड स्थित जीएनएच कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रबुद्ध जन गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत ⏭ शेष पेज 04 पर

संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान पर दिया जोर

गोष्ठी में लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने, संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण और सुशासन को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने ⏭ शेष पेज 04 पर

अगले महीने सिर जोड़ा जाएगा

विष्णु मूर्ति का अलग हुआ सिर एएसआई के स्टोर रूम में मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खजुराहो




■ इसका खुलासा ब्रिक्स सम्मेलन में हुआ

खजुराहो स्थित 11वीं सदी के जवारी (वामन) मंदिर की खंडित प्रतिमा को अगले महीने तक पुराना रूप मिल जाएगा। मंदिर के गर्भगृह में बलुआ पत्थर से बनी भगवान विष्णु की प्रतिमा का धड़, चारों भुजाएं और पैर मौजूद हैं लेकिन मस्तक लंबे समय से लापता था। ये अब पुरातत्व विभाग (एएसआई) के स्टोर में ही मिला है। एएसआई के ⏭ शेष पेज 04 पर

ऑर्डनेंस फैक्ट्री से लौट रही थी

चाइनीज मांझे से हेलमेट के अंदर कटी महिला की नाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



■ हेलमेट के बाद भी नाक पर गहरा घाव हुआ

इटारसी (नर्मदापुरम) के ओवरब्रिज पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए। इनमें सिटी थाने के कॉन्स्टेबल अफजल खान और ऑर्डनेंस फैक्ट्री कर्मचारी दीक्षा चौधरी शामिल हैं। अफजल के माथे पर 6 और कान पर 2 टांके आए हैं, वहीं दीक्षा के चेहरे और अंगूठे पर कट लगे हैं। उन्होंने हेलमेट पहन रखा था। इसके बावजूद ⏭ शेष पेज 04 पर

रिफाइनरियों का निर्यात रुझान संतुलित होगा

अब पेट्रोल के निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ डीजल और एटीएफ पर बढ़ाई गई ड्यूटी

वित्त मंत्रालय की तरफ से शनिवार को जारी की गई अधिसूचनाओं के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाले विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को खत्म करने का ऐलान कर दिया है। वहीं, डीजल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को 3 रुपए प्रति लीटर और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को ⏭ शेष पेज 04 पर

संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर होगा मंथन

इंदौर में जुटेंगे संघ के 408 प्रमुख पदाधिकारी

अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 2 से 4 नवंबर तक होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 2 से 4 नवंबर तक इंदौर में आयोजित होगी। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ संगठन विस्तार, संगठनात्मक बदलाव और आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में देशभर के करीब 408 प्रमुख पदाधिकारी एवं



सुनील आंबेकर प्रेस वार्ता में बोलते हुए

कार्यकर्ता शामिल होंगे। इनमें सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सहसरकार्यवाह तथा 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हैं।

देश भर में आयोजन

बैठक से पहले शनिवार को संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकारों को बताया कि विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक शताब्दी वर्ष के तहत देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्तमान में संघ की 1,01,151 दैनिक शाखाएं संचालित हो रही हैं, जबकि साप्ताहिक मिलन सहित कुल 1,10,849 स्थानों तक संघ का कार्य पहुंचा है। पिछले वर्ष अक्टूबर की तुलना में 13 हजार से अधिक नई ⏭ शेष पेज 04 पर

पॉक्सो कोर्ट के निर्देश पर 5 लोगों पर केस

2 लाख के कैश-जेवर ले गया आरोपी

मां के नौकरी पर जाते ही नाबालिग से दुष्कर्म किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर



बहोड़ापुर थाना इलाके में ऑनलाइन दोस्ती के बाद एक सिरफिरे युवक ने नाबालिग लड़की की जिंदगी नर्क बना दी। आरोपी न केवल डरा-धमकाकर छात्रा के साथ बार-बार रेप किया, बल्कि घर से 2 लाख रुपए नकद और पुश्तैनी सोने के गहने भी लूट ले गया। पुलिस के द्वारा मामले पर ध्यान न देने के बाद पीड़िता की मां ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद पॉक्सो कोर्ट के सख्त रुख और निर्देश के बाद शनिवार को बहोड़ापुर थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत उसके परिवार के 5 लोगों पर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। शहर के बहोड़ापुर इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय 12वीं की छात्रा की सोशल मीडिया पर दिसंबर 2025 में आरोपी नितेश शर्मा से पहचान हुई थी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि वे 20 से 26 मार्च के बीच लगातार बहोड़ापुर थाने और एसपी ऑफिस के चक्कर काटती रहीं, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और केवल भ्रामक आवेदन पर दस्तखत करा लिए। तंग आकर पीड़िता की मां ने अधिवक्ता के माध्यम से स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में परिवाद ⏭ शेष पेज 04 पर

मंदसौर में 'स्व बोध : आत्म जागृति से राष्ट्र निर्माण' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

युवा संसद में बोले तोमर- जेन जी नहीं, तरुण भारत बनकर देश निर्माण में योगदान दें युवा

'अभिव्यक्ति की आजादी' दुरुपयोग के लिए नहीं है यह मर्यादित आचरण व देश को आगे बढ़ाने के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी है,



नरेंद्र सिंह तोमर

लेकिन इसका उपयोग अराजकता फैलाने या देश को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं होना चाहिए। यह आजादी मर्यादित आचरण और देश को आगे बढ़ाने के लिए है।

युवाओं को याद रखना चाहिए कि यह स्वतंत्रता बलिदानों के बाद मिली है। उन्होंने कहा कि जेन जी और तरुण भारत के अर्थ में बड़ा अंतर है। जेन जी को अराजकता से जोड़कर देखा जाता है, जबकि तरुण भारत देश के विकास और निर्माण के प्रति समर्पित विचार है। तोमर मंदसौर में आयोजित 32वीं भारतीय युवा संसद में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। 'स्व बोध : आत्म ⏭ शेष पेज 04 पर



विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

व्यक्ति निर्माण सबसे कठिन कार्य

उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण सबसे कठिन कार्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने व्यापक स्तर पर समर्पण के साथ यह काम किया है। युवाओं को शिक्षित होने के साथ तकनीक का भी उपयोग करना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया का इस्तेमाल देशहित में हो, इसके प्रति सजग रहना जरूरी है। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक दिलीप सिंह परिहार, हरदीप सिंह डंग, चंदर सिंह सिसौदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंदसौर पहुंचने पर तोमर ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण ⏭ शेष पेज 04 पर

भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष : 13, अंक : 212 ■ पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 24 न्यून.18 haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
01 नवम्बर 2026
कूपन नं. 23

समृद्ध किसान, सशक्त युवा और आत्मनिर्भर महिलाएं बनाएंगी विकसित मध्यप्रदेश

गौरवशाली अतीत..... विकासशील वर्तमान और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र शासन

सीएम का ब्लॉग

मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, समृद्ध परंपराओं, विकास यात्रा और सामूहिक संकल्पों का उत्सव है। 1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आए मध्यप्रदेश ने 7 दशकों में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्राकृतिक संपदा, नदियों, वनों, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थलों और जनजातीय संस्कृति से समृद्ध यह प्रदेश आज देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन, मां नर्मदा की पावन धारा, सांची का विश्वविख्यात स्तूप, खजुराहो की अद्भुत स्थापत्य कला, भीमबेटका की ऐतिहासिक विरासत और जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपराएं हमारी विशिष्ट पहचान हैं। इस विरासत को संरक्षित रखते हुए विकास की नई ऊंचाइयां हासिल करना हमारा लक्ष्य है। वर्ष 2026 को हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसी भावना के अनुरूप इस बार मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की मूल भावना 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' है। हमारा विश्वास है कि किसान खुशहाल होगा तो गांव समृद्ध होंगे और प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा। मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है और किसान इसकी ▸▸शेष पेज 04 पर

प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा, परिश्रम, ऊर्जा और नवाचार की अपार संभावनाएं

प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा, परिश्रम, ऊर्जा और नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण, तकनीकी शिक्षा और रोजगारोन्मुखी कौशल से युवाओं को जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। खेलों के क्षेत्र में भी प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक खेल मैदान, प्रशिक्षण सुविधाओं और खेल अधोसंरचना का विस्तार किया जा रहा ▸▸शेष पेज 04 पर

अजन्ता® AJANTA
fssai ISO ISO 20022 IS : 5346 CM/L-9405374


Food Color Preparation
Baking Powder, Custard Powder, Drinking Chocolate & Flavours
www.ajantafoodproducts.com

खबर संक्षेप

पिकअप ने उड़ाया, दंपती समेत बच्चे की मौत

शाजापुर। सारंगपुर-अकोदिया मार्ग पर पिकअप की टक्कर से एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान आष्टा की इंद्र कॉलोनी निवासी अजित पंवार, उनकी पत्नी पूजा और दो साल के बेटे शिवांशु के रूप में हुई है। परिवार बेटे के जन्मदिन पर मंदिर जा रहा था। हादसा गोदना गांव के पास हुआ।



घटना के बाद ग्रामीणों ने पिकअप को पकड़ लिया। सलसलाई थाना प्रभारी के मुताबिक, गोदना गांव के पास अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। अजित ने ब्रेक लगाए, तभी पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे ये हादसा हो गया।

डॉ. एल मुरूगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी यह सीट

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा के लिए मप्र से दाखिल किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को राज्यसभा प्रत्याशी के तौर पर मप्र विधानसभा में पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि तेलंगाना राज्य के निर्दलीय प्रत्याशी कांते सायन्ना ने भी नामांकन दाखिल किया है। अब तक में मप्र से राज्यसभा के एक सीट के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। 3 नवंबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। दो प्रत्याशियों की स्थिति में 12 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। मप्र ▸▸शेष पेज 04 पर ▸▸पढ़ें पेज 06 भी

- 3 नवंबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी
- दो प्रत्याशियों की स्थिति में 12 नवंबर को मतदान कराया जाएगा
- तेलंगाना के हैदराबाद से आए कांते सायन्ना ने भी नामांकन दाखिल किया



नामांकन जमा करते हुए पुरी

शपथ पत्र में उल्लेख... पुरी का स्विट्जरलैंड में भी एक अपार्टमेंट

पुरी ने नामांकन पत्र के साथ दाखिल शपथपत्र में स्वयं तथा पत्नी की संपत्ति का ब्यौरा भी दिया है। पुरी के नाम दिल्ली में करीब 20 करोड़ रुपए का आवासीय मकान है, जबकि उनकी पत्नी के नाम ग्रेटर नोएडा में 9 करोड़ रुपए का मकान और स्विट्जरलैंड में एक अपार्टमेंट है, जिसकी मौजूदा ▸▸शेष पेज 04 पर

ये है लोकतंत्र की खूबसूरती

1 अतिथि शिक्षक ने खरीदा नामांकन

बैतूल के 55 वर्षीय अतिथि शिक्षक हरिपाल बिहारे ने नामांकन फॉर्म खरीद लिया है। नामांकन के लिए उन्हें 10 विधायकों के हस्ताक्षर चाहिए। इसके लिए वे भाजपा और कांग्रेस नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। उनका दावा है कि 10 विधायकों का समर्थन मिलने पर जीत उनकी होगी और भाजपा के 60-70 विधायक भी उन्हें वोट देंगे। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से आश्वासन मिलने की बात कही है।



2 तेलंगाना के कांते सयन्ना भी आए

एक और निर्दलीय दावेदार सामने आया है। देश के 10 से अधिक राज्यों में 50 से ज्यादा चुनाव लड़ चुके कांते सयन्ना ने भी नामांकन फॉर्म खरीदा है। वे उपराष्ट्रपति पद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। सयन्ना का कहना है कि वे किसी राजनीतिक दल के भरोसे नहीं, बल्कि अपने खर्च पर चुनाव लड़ते हैं। उनका उद्देश्य आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं और अधिकारों के प्रति जागरुक करना है।



खून से लथपथ वकील का अस्पताल में हंगामा

शहडोल। जिले के बुढ़ार में अधिवक्ता अभिनव पाठक ने पुलिसकर्मियों पर लाठियों से पीटने का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक, शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे दुर्गा पंडाल से हिसाब-किताब का काम निपटाकर लौट रहे थे। पुलिस ने उन्हें बस स्टैंड के पास रोका। मारपीट में उनके सिर और कान में चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे साथियों से भी मारपीट का आरोप है। घटना के बाद का अस्पताल और थाने के सामने का वीडियो सामने आया है। इसमें खून से लथपथ अधिवक्ता और कुछ पुलिसकर्मियों की वर्दी भी खून से सनी दिखाई दे रही है।





मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर विशेष आलेख

मोदी-मोहन के नेतृत्व से संवरा मप्र

भारत का हृदय कहा जाने वाला मध्यप्रदेश एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आया, अतः यह दिन मध्यप्रदेश के निवासियों के लिए अत्यंत अहम है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर तथा झीलों की नगरी कहे जाने वाले भोपाल को प्रदेश की राजधानी बनाया गया। मप्र को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष वरदहस्त एवं मार्गदर्शन प्राप्त है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश की तस्वीर व तकदीर बदलने की दिशा में जो कल्याणकारी कदम उठाए जा रहे हैं, उससे प्रदेश निरंतर विकास पथ पर गतिमान है। अनेक विविधताओं को अपने में समेटे मप्र में प्रचुर वन संपदा, अथाह जल से भरपूर नदियां, विपुल खनिज भंडार, खूबसूरत पर्यटन स्थल, अनेक धार्मिक-सांस्कृतिक केंद्र, पुरातात्विक धरोहर आदि विद्यमान हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश के नव निर्माण के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उनकी पूरी टीम प्रदेशवासियों की सेवा करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रख रही है।



सुरेश पचौरी
भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री

प्रधानमंत्री मोदी के दिशा-निर्देशन में मप्र तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने में मप्र देश में लगातार अग्रणी बना हुआ है। जैविक खेती, मसाला उत्पादन, प्रधानमंत्री आवास योजना व मप्र पीएम स्व निधि योजना के क्रियान्वयन तथा दलहन उत्पादन में मप्र देश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 10 लाख स्वीकृत आवासों में से अब तक 9 लाख आवास निर्मित हो चुके हैं। गेहूं उपार्जन के मामले में, तिलहन उत्पादन में और फूलों की खेती में मप्र देश में दूसरे स्थान पर है। स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश को मिले 8 राष्ट्रीय पुरस्कार स्वच्छता के प्रति नगरीय निकायों और नागरिकों के प्रयासों का प्रमाण हैं। 35 वर्षों बाद मप्र का नक्सलमुक्त होना, आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आया है।

इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से मप्र में लगभग 34 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 12 लाख करोड़ रुपए के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं। प्रदेश के गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं और नारियों के लिए मप्र सरकार द्वारा उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश के 1.33 करोड़ गरीब परिवारों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है। 6 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से प्रति माह 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को पेंशन का वितरण किया जा रहा है और संबल योजना से 1.84 करोड़ से अधिक भाई-बहन जुड़े हैं। स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने के लिए स्टांप ड्यूटी और पंजीयन निःशुल्क करने का निर्णय सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। युवाओं के लिए 31 मार्च, 2026 से नशे के खिलाफ तीन वर्ष का देशव्यापी नशामुक्त अभियान चलाने का



लक्ष्य तय किया गया है। पिछले पौने तीन वर्षों में 85 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल, रोजगार, स्व रोजगार, स्टार्टअप, खेल एवं नेतृत्व विकास पर फोकस किया जा रहा है। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया गया है। मप्र के किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र में 1 लाख 15 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। समर्थन मूल्य पर लगभग 14 लाख से अधिक किसानों के द्वारा गेहूं का विक्रय किया गया, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 11,608 करोड़ रुपए से अधिक स्वीकृत किए गए। आपदा प्रभावित किसानों को 2,106 करोड़ रुपए से अधिक सहायता राशि प्रदान की गई। ई पंजीयन व्यवस्था लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है। किसानों को पांच रुपए में बिजली का स्थायी कनेक्शन मिल रहा है।

विधानसभा में मप्र समान नागरिक संहिता विधेयक-2026 एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) के समर्थन में ऐतिहासिक संकल्प पारित किया गया है। महिलाओं के कल्याण से जुड़ी लाड़ली लक्ष्मी योजना से 53 लाख 55 हजार से अधिक बहन-बेटियां लाभान्वित हो रही हैं एवं 15 लाख से अधिक बेटियों को एक हजार करोड़ रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति मिली है। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक बहनों को प्रतिमाह 1,500 रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है और अब तक 63,248 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है। पांच लाख से अधिक स्व सहायता समूहों के माध्यम से 65 लाख बहनें आत्मनिर्भर हुई हैं और प्रदेश में साढ़े पंद्रह लाख लखपति दीदी लाभान्वित हुई हैं। मप्र में शासकीय नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है।

पीएम मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश जिस तीव्र गति से तरक्की की ओर अग्रसर है और समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को सरकार की नीतियों, निर्णयों व योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है, उसके मद्देनजर यह स्पष्ट है कि प्रदेश की सरकार जन अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है। मध्यप्रदेश के निवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी का मध्यप्रदेश से आत्मीय लगाव है। उनका जब भी मध्यप्रदेश आगमन होता है तो वे प्रदेश को बड़ी सौगात देकर ही जाते हैं। राज्य सरकार द्वारा इंदौर-भोपाल-जबलपुर औद्योगिक कॉरिडोर और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे प्रयासों के माध्यम से बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित किया जा रहा है। हाल ही में इंदौर में आयोजित 'मध्य प्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' में शहरी क्षेत्रों को निवेश और रोजगार का प्रमुख केंद्र बनाने पर जोर दिया गया। कृषि विस्तार और जल संसाधन प्रबंधन के तहत राज्य मंत्रिमंडल ने छिंदवाड़ा, मुरैना और सागर सहित विभिन्न जिलों की वृहद सिंचाई परियोजनाओं के लिए हजारों करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिससे किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। उज्जैन में सिंहस्थ (2028) की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण, पीएम ई-बस सेवा और 'उज्जैन दर्शन' बस सेवा जैसी जन-सुविधाओं की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही शहरों में मेट्रो और सुगम परिवहन सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है, जिससे राज्य में पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के सुअवसर पर प्रदेशवासियों की खुशहाली व सुख-समृद्धि के लिए हार्दिक मंगल कामनाएं।





Hero

हीरो संग
त्योहार है
हर कहीं...

Herotsav
1 से 4 नवम्बर 2026

हर दिन एक हीरो टू-व्हीलर
जीतने का मौका पाएं.











Splendor+ XTEC

Destini

कैश डिस्काउंट
₹3 000~ तक

फाइनेंस
100%^ तक

एक्सचेंज बोनस
₹5 000^ तक

इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000$ तक
SBI card HDFC BANK pine labs

कॉर्पोरेट ऑफर्स
₹3 200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Finance Powered by: Hero FINCORP SHRIRAM Finance

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts.Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together. ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, subject to their respective T&Cs, 100% finance applicable on Ex-showroom price, Offer available only on limited stores. *Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्द्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स, 9399900143, कढ़ी: श्री राम मोटर्स, 9584997081, पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स, 9981562315, अयोध्या बाईपास, भोपाल: शिवांश मोटर्स, 6262363123, फंदा: अवनि मोटर्स, 9993160799, परवलिया सड़क, भोपाल: एन आर ट्रेडिंग एंटरप्राइजेज, 6264359954, गांधी नगर: श्रीकुंज मोटर्स, 9893735683, बंगरासिया: शाही सवारी, 9202342023, डोडी: कप्तान ऑटोमोबाइल्स, 8770850811, रेहटी: मां विजासन मोटर्स, 9009828428, चांदबाद: श्रीजी नारायण मोटर्स, 9285334084, खाचरौद: विनायक मोटर्स, 9009152131, उदयपुर: सपना मोटर्स, 9826620434, बारी: श्री राम मोटर्स, 9893352212, शोभापुर: अफजल मोटर्स, 8839223122, तलेन: श्री सांवरिया मोटर्स, 9669661034, संडावता: विजय मोटर्स, 8269770075, करेड़ी: वासुदेव मोटर्स, 7566920711, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्द: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906,

जैकेट का शेष...

2600 किमी की ...

कंटिंजेंट और मध्यप्रदेश पुलिस बैंड ने हिस्सा लिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता के साथ नशामुक्त भारत का संदेश देना था। मध्यप्रदेश पुलिस का सात सदस्यीय बाइकर्स दल भोपाल के लाल परेड ग्राउंड से रवाना हुआ था।

आज रामलीला मैदान...

इलाके को कई सुरक्षा जोन में बांटा गया है तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। तुर्कमान गेट, अजमेरी गेट, दिल्ली गेट और मीरदर्द चौक जैसे प्रमुख चौराहों पर भारी बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है।

विपक्ष की संसद...

अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर चली मॉक पार्लियामेंट को संबोधित कर रहे थे। यह संसद 3 घंटे 23 मिनट चली। पूर्व स्पीकर मीरा कुमार ने इसकी अध्यक्षता की। खड़गे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जनमहाभियोग प्रस्ताव लाए। उन पर 6 आरोप लगाए गए। प्रस्ताव को सभी सांसदों ने पास कराया। कांग्रेस सहित 19 दलों के 215 सांसद शामिल हुए। जन महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ विरोध जताते हैं। यह सांकेतिक होता है।

समझ में आ जाएगा...

पद पर नहीं टिक पाएंगे, अगर हमारे खुलासे के बाद भी भाजपा उन्हें बनाए रखने पर अड़ी रहती है, तो हमें समझ आ जाएगा कि उनका क्या खेल है। भाजपा भले ही चुनावों में धांधली करती रहे, लेकिन भारत की जनता और विपक्ष के सदस्य इसे न तो भूलेंगे और न ही माफ करेंगे।

वोट चोरी पं. ...

चोरी को लेकर जब खरगे जी बोल रहे थे तो मैंने सोचा कि हां वोट चोरी हुई थी। पंडित नेहरू वोट चोरी करके प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने सरदार पटेल को मिले वोट की चोरी की थी।

लोकतंत्र की मजबूती...

आयोजित इस कार्यक्रम में कैप्टन अभिमन्यु मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा, सुशासन और राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की जागरूकता और उनकी सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। सकारात्मक संवाद के माध्यम से समाज में रचनात्मक सोच को बढ़ावा दिया जा सकता है। भाजपा गुरुग्राम के जिला मीडिया प्रभारी अजय दुआ ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा, सोहना विधायक तेजपाल तंवर, जिला प्रभारी संदीप जोशी, पूर्व प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ और कार्यक्रम संयोजक पार्षद कुलदीप यादव मौजूद रहे। इसके अलावा प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक बोधराज सीकरी, वीटा डेयरी चेयरमैन राम अवतार गर्ग, जिला महामंत्री अजीत यादव और मनीष सैदपुर, जिला मीडिया सह प्रभारी कृतिक जैन सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिकों और भाजपा पदाधिकारियों ने भाग लिया।

संवैधानिक संस्थाओं के ...

में योगदान देना चाहिए। प्रबुद्ध नागरिकों की भूमिका जनमत को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण है।

विष्णु मूर्ति का...

महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत ने कहा कि भगवान विष्णु की 7 फीट ऊंची प्रतिमा का मस्तक खजुराहो में ही विभाग के स्टोर रूम में रखा था। इसका खुलासा ब्रिक्स सम्मेलन में बातचीत के दौरान हुआ। उन्होंने कहा कि नवंबर 2026 तक मस्तक को प्रतिमा से जोड़ने का लक्ष्य है। उधर, मूर्ति संरक्षण फाउंडेशन के चेयरमैन राकेश दलाल ने कहा कि यदि एएसआई नियमों के तहत अनुमति देता है, तो हमारी संस्था मस्तक जोड़ने में होने वाला रासायनिक और वैज्ञानिक संरक्षण संबंधी खर्च उठाने के लिए तैयार है।

चाइनीज मांझे से ...

मांझा उनकी नाक से रगड़ता हुआ निकला और अंगूठी में भी उलझ गया। सिटी थाना प्रभारी सौरभ पांडेय ने बताया कि पुलिस शनिवार को बाजार क्षेत्र में चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल के खिलाफ कार्रवाई करेगी। ऑर्डनेंस फैक्ट्री कर्मचारी दीक्षा चौधरी ने बताया कि वे शाम करीब साढ़े पांच बजे फैक्ट्री से घर लौट रही थीं। ओवरब्रिज से उतरते समय मांझा उनके हेलमेट से टकराया। अफजल खान ने बताया कि वे अवाम नगर में रहते हैं। उनकी पत्नी सुखतवा में टीचर हैं। वे पत्नी को लेने ओवरब्रिज पहुंचे थे। नर्मदापुरम से इटारसी लौटते समय अचानक मांझा उनके सिर और कान के पास उलझ गया।

अब पेट्रोल के ...

50 पैसे प्रति लीटर बढ़ा दिया गया है। नई दरों के तहत, अब पेट्रोल के निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा, जबकि पहले यह 2.50 रुपए प्रति लीटर था। डीजल के निर्यात पर शुल्क 8.50 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 11.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है और एटीएफ के निर्यात पर शुल्क 10.50 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 11 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की रिटेल कीमतों को स्थिर रखकर घरेलू उपभोक्ताओं को इस झटके के पूरे असर से बचाने की कोशिश की है। साथ ही, सरकार ने निर्यात शुल्क का इस्तेमाल यह नियंत्रित करने के लिए भी किया है कि रिफाइनर कितना ईंधन विदेशों में भेजते हैं।

आखिल भारतीय...

दैनिक शाखाएं शुरू हुई हैं। शताब्दी वर्ष में देशभर में 65,660 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। गृह संपर्क अभियान में भी व्यापक सहभागिता रही। बैठक में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर समाजहित के कार्य करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जनजागरण अभियान पर चर्चा होगी। संत रविदास की 650वीं जयंती के कार्यक्रमों की समीक्षा भी की जाएगी। मार्च में नागपुर में होने वाली अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा से पहले संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू होगी। बैठक के अंतिम दिन 4 नवंबर को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले पत्रकार वार्ता में निर्णयों और आगामी योजनाओं की जानकारी देंगे।

मां के नौकरी ...

पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुख्य आरोपी नितेश शर्मा निवासी- दुर्गा विहार कॉलोनी के अलावा उसके परिजन जिनमें पिता हेमंत शर्मा, मां अर्चना शर्मा, भाई हिमांशु शर्मा और आशीष शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

'अभिव्यक्ति की आजादी' ...

जागृति से राष्ट्र निर्माण' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि युवाओं को देश के गौरवशाली अतीत, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जड़ों से जुड़ना चाहिए। खुदीराम बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु और रानी लक्ष्मीबाई जैसे युवा देशभक्ति और बलिदान के प्रतीक हैं। आदि शंकराचार्य और स्वामी विवेकानंद ने भी युवावस्था में देश और दुनिया को नई दिशा दी।

व्यक्ति निर्माण सबसे ...

कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वापसी में रतलाम में उन्होंने कैबिनेट मंत्री चैतन्य कश्यप के निवास पहुंचकर उनकी दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पेज एक का शेष...

गौरवशाली अतीत...

अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी आय बढ़ाना, खेती को लाभकारी बनाना और आधुनिक तकनीक से जोड़ना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, कृषि अधोसंरचना का विकास, प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसी गतिविधियों के माध्यम से किसानों की आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित किए जा रहे हैं। हमारा संकल्प है कि किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और समृद्ध बने। पशुपालन भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इससे किसानों की आय बढ़ाने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं।

प्रदेश के युवाओं...

है। हमारा प्रयास है कि युवा केवल नौकरी पाने वाले न बनें, बल्कि उद्यमी बनकर दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करें। युवाओं के नए विचारों को उद्यम में बदलने के लिए स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना आवश्यक है। इसके लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, निवेश और अनुकूल व्यावसायिक वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। महिलाओं की भागीदारी के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। हमारी सरकार उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। स्व-सहायता समूहों, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण और महिला उद्यमिता के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सांदीपनि विद्यालयों की परिकल्पना प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इन विद्यालयों में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं, योग्य शिक्षकों, बेहतर अधोसंरचना और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। हमारी सरकार कानून व्यवस्था मजबूत बनाने और अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। पुलिस व्यवस्था का आधुनिकीकरण, तकनीक का उपयोग और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती चिकित्सा सुविधाएं मिलें। इसके लिए सरकारी अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता और चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस हमें अपनी उपलब्धियों पर गर्व करने के साथ भविष्य के प्रति जिम्मेदारियों का भी बोध कराता है। हमें सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक संपदा को संरक्षित रखते हुए आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित प्रदेश का निर्माण करना है। आइए, स्थापना दिवस पर हम सब मिलकर ऐसे मध्यप्रदेश के निर्माण का संकल्प लें, जहां विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें और आने वाली पीढ़ियां एक समृद्ध, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर प्रदेश पर गर्व कर सकें। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

केंद्रीय मंत्री ...

राज्यसभा के लिए भाजपा से डॉ. एल मुरुगन निर्वाचित हुए थे। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल 2030 तक था। उन्होंने अपरिहार्य कारणोंवश इससे काफी पहले अक्टूबर में अपना त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद 14 अक्टूबर से राज्यसभा की एक सीट रिक्त हो गई थी। इसके बाद चुनाव आयोग ने उप चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया था। पुरी 2018 में पहली बार उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य बने थे और 2020 में भी यूपी से ही उन्हें दोबारा चुना गया। अब उनका कार्यकाल 25 नवंबर 2026 को समाप्त हो रहा है और इस बार उन्हे मध्य प्रदेश से भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। नामांकन के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मौजूद थे। उधर, दूसरे प्रत्याशी तेलंगाना के हैदराबाद से आए कांते सायन्ना ने भी हरदीप पुरी के खिलाफ नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे किसी दल से जुड़े नहीं हैं। राजनीतिक व्यवस्था बदलने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

सीएम डॉ. यादव ने कहा- कुशल प्रशासक के रूप में विशिष्ट पहचान रखते हैं पुरी: नामांकन मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुरी भारत सरकार में मंत्री और कुशल प्रशासक के रूप में विशिष्ट पहचान रखते हैं। उनका व्यापक प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता निश्चित रूप से केंद्र सरकार के साथ-साथ प्रदेश के विकास के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल व जगदीश देवड़ा, नगरीय प्रशासन व संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, मंत्री और विधायक मौजूद थे।

पुरी ने मप्र के लिए काफी कुछ किया : मप्र को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में समृद्ध बनाने तथा प्रदेश में आवास और नगरीय विकास के क्षेत्र में सुविधाओं के विस्तार में पुरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लगभग 49 हजार करोड़ रुपए के निवेश वाले बीना रिफाइनरी विस्तार एवं डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी ने 14 सितंबर 2023 को किया था। मप्र के सात शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, सतना और उज्जैन का चयन जनवरी 2016 से जून 2017 के बीच स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत किया गया। उड़ान योजना के अंतर्गत ग्वालियर-बेंगलुरु एवं ग्वालियर-कोलकाता सेवाएं 20 जून 2019 को शुरू हुई, 16 मार्च 2020 को इंदौर-किशनगढ़ सीधी उड़ान शुरू हुई।

शपथ पत्र में उल्लेख...

30 लाख स्विस फ्रैंक बताई गई है। शपथपत्र के मुताबिक पुरी और उनकी पत्नी की रुपए में दर्ज चल-अचल संपत्ति का कुल मूल्य करीब 46.20 करोड़ रुपए है। उनके पास विदेशी मुद्रा और स्विट्जरलैंड की संपत्ति भी है। पुरी के नाम कोई कृषि भूमि, गैर कृषि भूमि या व्यावसायिक भवन दर्ज नहीं है। पुरी और उनकी पत्नी दोनों ही भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) से सेवानिवृत्त हुए हैं।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031
NAAC A

विज्ञापन सं: 02/NT/R/2026 दिनांक: 28.10.2026

रोजगार सूचना

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में **तकनीकी सहायक (कंप्यूटर)** के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र, पात्रता मानदंड एवं अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.cuh.ac.in** पर उपलब्ध है। इस संबंध में भविष्य में जारी की जाने वाली समस्त सूचनाएँ केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही अपलोड की जाएँगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **27 नवंबर 2026 सायं 5:00 बजे तक** है। **कुलसचिव**

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, विश्वकर्मा नगर, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी.- 8/6 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा श्रीमती अफशान सिद्दीकी पत्नी श्री आरिफ सिद्दीकी के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 04/03/200 कों एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 21/10/2026 को पंजीकृत है। श्रीमती अफशान सिद्दीकी पत्नी श्री आरिफ सिद्दीकी द्वारा उक्त सम्पत्ति सुश्री आफरीन पुत्री श्री जावेद आलम को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27/10/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति सुश्री आफरीन पुत्री श्री जावेद आलम के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था /वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02
भोपाल, Mobile No. 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/1176/प.यं/भोपाल-02/तशा/2026 भोपाल, दि. : 30.10.26

प्रेस विज्ञप्ति

अर्द्धशहरी पुलिस थाना भवन का निर्माण कार्य, बामौरी जिला गुना के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-19/2026-27 ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No- 2026_MPPHC_546777_1 आमंत्रित की जाती है। **निविदा प्रपत्र दिनांक 16.11.2026 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/128876/2026 **परियोजना यंत्री**

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसामान्य को सूचित किया जाता है कि मैं RENU मेरी दसवीं एवं बारहवीं की मार्कशीट में मेरा नाम RENU MOURYA दर्ज है एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम RENU दर्ज है ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।
अत: भविष्य में मुझे RENU के नाम से जाना व पहवाना जावें।
सही : रेनू (RENU)
पता : 180/2, आदित्य एवेन्यू के पीछे, फेस-2, एयरपोर्ट रोड, बैरागढ़, भोपाल (म.प्र.)-462030

कार्यालय न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक सिंघौरी अभयारण्य बाड़ी

क्रमांक / 1592 बाडी/दिनांक/27/10/2026

नोटिस भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 (4) ख के तहत

// जाहिर सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिक्षेत्र बाडी में अवैध वनोपज अवैध रूप से परिवहन करते हुये मोटरसायकलें जप्त होने से निम्न वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है। उक्त वन अपराध में मोटरसायकल का उपयोग होने के कारण इस न्यायालय में राजसात की कार्यवाही प्रचलित है।

क्रमांक	वन अपराध प्रकरण क्रमांक / दिनांक	जप्त वाहन	रजिस्ट्रेशन नंबर
1	42665/20 दि. 02.10.2026	1. मो.सा. होण्डा सी.बी. साईन रंग सफेद भूरा	MP-40-MK-4685

अतः इस समाचार पत्र में विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त वाहन के संबंध में हित रखता है तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक से 10 दिवस के अंदर इस न्यायालय में उपस्थित होकर जप्त वाहन के स्वामित्व संबंधी अभिलेख तथा अपने पक्ष समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि में उपस्थित न होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर वाहन राजसात संबंधी आदेश पारित कर दिया जावेगा। बाद में कोई तर्क मान्य नही होगा। सूचना पत्र आज दिनांक 27/10/2026 को मेरी पद एवं मुद्रा से जारी किया गया।

मयंक राज स.व.सं.)
सक्षम प्राधिकृत अधिकारी
अधीक्षक
सिंघौरी अभयारण्य बाड़ी

G-20822/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धिपत्र
खुली निविदा क्रमांक : **WCR-CRWS-TOILETUP-25-32R1**
कार्य का नाम : अप–ग्रेडेसन ऑफ टॉइलेट ऑफ एलएचबी नॉन–एसी कोचेस एट सीआरडबल्यूएस, भोपाल।

मूल ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय : 29.10.2026 को 16.00 बजे तक	संशोधित ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय : 05.11.2026 को 16.00 बजे तक
मूल निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : 29.10.2026 को 16.30 बजे तक	संशोधित निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : 05.11.2026 को 16.30 बजे तक

शुद्धिपत्र की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है
(हस्ता.)
मुख्य कारखाना प्रबंधक सडिपुका, निशातपुरा, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर











आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


धनु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मीन किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

शब्द पहेली - 6395



बाएँ से दाएँ
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

ऊपर से नीचे
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

शब्द पहेली- 6394 का हल

	सो	नि	या	गां	धी		म	हा	न	ता
खा	ना		प		र	क्ष	क		म	ल
ना		म	न	सि	ज		र	ग		मे
ब	ला	त			वा	दा		म	ह	ल
दो		दा		क	ला		आ		व	
श	य	न	क	क्ष		दि	शा	ही	न	ता
	म		प		ह	ल		न		क
का	ज	ल		शा	म			त	ह	त
म		त	य		व	फा	दा	र		व
चो	र		की	म	त		म		का	र
र	म	जा	न		न	य	न	ज	ल	

सूडोकु नवताल - 6405

कठिनतम

7							4	
		5		3			7	
					8			2
					1	9		
	2						8	
		6	7					
1			4					
	9			2		5		
	8							1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6404 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026

10 केवल तकनीक से समाप्त नहीं होगा भ्रष्टाचार, इसके लिए...



11 छाऊ के साथ आधुनिक नृत्य शैलियों के सुंदर संयोजन...



शाहजहांनी पार्क में जुटे कोटवार ठेकेदारों पर लगाया आरोप

घटिया वर्दी को लेकर भड़के कोटवार, खरीदी की जांच कराने प्रदर्शन



भोपाल। *प्रदेश के 35 हजार कोटवारों को दी गई वर्दी घटिया क्वालिटी की है। जबकि तीन साल पहले तक वर्दी के लिए राशि दी जाती थी, लेकिन अब ठेकेदारों के माध्यम से वर्दी दी जाती है, जिसकी गुणवत्ता खराब है। कोटवारों ने मांग की कि सरकार वर्दी खरीदी की जांच कराए। इसके साथ ही सेवा भूमि का स्थायी पट्टा देने की मांग भी उठाई। आजाद कोटवार संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरवीर सिंह यादव ने बताया कि भोपाल में हजारों कोटवारों ने अपनी मांगों को लेकर शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्दी के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन कोटवारों को घटिया गुणवत्ता की वर्दी दी जा रही है। उन्होंने इस व्यवस्था को बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोटवारों को दी गई सेवा भूमि का मालिकाना हक देने के लिए स्थायी पट्टे जारी किए जाने चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कोटवारों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की।*

मप्र स्थापना दिवस के कार्यक्रम के चलते लाल परेड मैदान के आसपास रहेगा डायवर्जन

जाम से बचना है तो पहले देख लें ट्रैफिक का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को घर से निकलने से पहले एक बार ट्रैफिक का रास्ता जरूर देख लें, वरना आपको बेवजह जाम और रास्तों के बदलाव के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर लाल परेड मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के चलते शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

रविवार शाम 6 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक लाल परेड मैदान के आसपास दोपहिया और चारपहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध और डायवर्जन लागू रहेगा। ऐसे में पुराने और नए भोपाल के बीच आने-जाने वाले वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करना होगा। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि घर से निकलने से पहले बदले हुए रास्तों की जानकारी जरूर लें। जरूरत के अनुसार यातायात व्यवस्था में समय के साथ बदलाव भी किया जा सकता है।

ये रास्ते रहेंगे परिवर्तित

- **कोर्ट चौराहे से लाल परेड मैदान:** *इस मार्ग से आने-जाने वाले वाहन शाम 6 बजे से लिंक रोड नंबर-1, रोशनपुरा, बाणगंगा और पॉलिटेक्निक चौराहे से होकर आवागमन कर सकेंगे।*
- **भारत टॉकीज से नया भोपाल:** *नए भोपाल की ओर जाने वाले वाहन भारत टॉकीज से जिंसी चौराहा, मैदा मिल रोड, बोर्ड ऑफिस चौराहा और लिंक रोड का उपयोग कर सकेंगे।*
- **रोशनपुरा से पुराना भोपाल:** *इस ओर जाने वाले वाहन बाणगंगा, पॉलिटेक्निक चौराहा, रेतघाट, मोती मस्जिद और रॉयल मार्केट होकर जा सकेंगे।*

यहां होगी वाहनों की पार्किंग

- **विशिष्ट अतिथि:** पासधारी वाहन सत्कार द्वार से होमगार्ड कार्यालय के सामने प्रवेश कर सलामी मंच के पीछे पार्क किए जाएंगे।
- **मीडिया के वाहन:** विजय द्वार से प्रवेश कर डीआईजी एसएएफ कार्यालय में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। अधिकृत आमंत्रण पत्र और परिचय पत्र अनिवार्य होगा।
- **कार्यक्रम के दर्शक:** वल्लभ भवन, एमपी नगर तिराहा और कोर्ट तिराहे की ओर से आने वाले दर्शक अपने वाहन जेल मुख्यालय की पार्किंग में खड़े कर विजय सत्कार द्वार से प्रवेश कर सकेंगे।

21 दिन में सड़क सुधारने का नियम, लेकिन दो महीने बाद भी नहीं भरे गड्ढे

अमृत 2.0 की खुदाई से बेहाल शहर, सड़क पर पड़े पत्थर बन रहे हादसों की वजह

पहले गैस पाइपलाइन,पानी के कनेक्शन और इंटरनेट केबल क्षतिग्रस्त के बाद, अब सड़क पर पत्थर

शहर के कई इलाकों में दो-दो महीने बाद भी दुरुस्त नहीं हुई हैं सड़कें, चालक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में अमृत 2.0 योजना के तहत सीवरेज लाइन बिछाने का काम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों की खुदाई तो कर दी गई, लेकिन इसके बाद गड्ढों को भरने और सड़क की मरम्मत करने में लापरवाही बरती जा रही है। नियमानुसार ठेकेदार को खुदाई के बाद 21 दिन के भीतर सड़क का रेस्टोरेशन कर मलबा हटाना होता है, लेकिन शहर के कई इलाकों में दो-दो महीने बाद भी सड़कें दुरुस्त नहीं हुई हैं। इससे दिनभर धूल उड़ती है और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

बाग सेवनिया रोड पर 3-4 फीट के पत्थर सड़क पर छोड़े



राजधानी के बागसेवनिया रोड पर कुछ इस तरह पत्थर सड़क पर बिखरे पड़े हैं।



बागसेवनिया रोड।

बाग सेवनिया रोड पर सड़क के बीचों-बीच पड़े बड़े-बड़े पत्थर

बाग सेवनिया रोड पर स्थिति और भी चिंताजनक है। यहां करीब 12-15 फीट चौड़ी सड़क पर अमृत योजना के तहत सीवर लाइन डालने के लिए खुदाई की जा रही है। जेसीबी से खुदाई के दौरान जमीन से 6 से 7 फीट आकार के बड़े पत्थर निकल रहें हैं जिसको हटाने के बजाय सड़क पर ही छोड़ दिया गया है। न तो पत्थरों को किनारे किया गया है और न ही इन्हें हटाने की कोई व्यवस्था की गई है। रात के समय अंधेरे में इन पत्थरों से वाहन टकराने पर बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय स्तर पर छोटे-मोटे हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदारों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

खुदाई से दूसरी सुविधाएं भी प्रभावित

योजना के तहत खुदाई के दौरान कई जगह गैस पाइपलाइन, पुराने पेयजल कनेक्शन और इंटरनेट केबल क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इससे लोगों को पानी और इंटरनेट जैसी जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ता है।

984 किमी सीवर लाइन बिछाने का लक्ष्य

अमृत 2.0 के तहत शहर में 984 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाने, 10 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने और 1.21 लाख से अधिक घरों को सीवर कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इतना बड़ा काम होने के बावजूद सड़क सुधार और मलबा हटाने की व्यवस्था कमजोर नजर आ रही है। उपयंत्री प्रभारी निगम अधिकारियों राजेन्द्र कुमार त्रिवेदी का कहना है कि सड़क पर पड़े पत्थरों को जल्द हटवा दिया जाएगा, काम के दौरान थोड़ी समस्याएं तो आती है लेकिन इसका निवारण किया जा रहा है।



गुलमोहर कॉलोनी से शुरू हुआ काम

जेट पेचर मशीन से सड़कों के गड्ढों की हो रही मरम्मत



मशीन के माध्यम से इस तरह गड्ढों में किया जा रहा सुधार कार्य।

नई तकनीक से तेजी से होगी मरम्मत, गुणवत्ता पर भी रहेगा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी की सड़कों के गड्ढे भरने के लिए नगर निगम ने नई तकनीक से काम शुरू किया है। इसके तहत जेट पेचर मशीन से सड़कों की मरम्मत की जाएगी। निगम का दावा है कि इस मशीन से कम समय में गड्ढे भरे जा सकेंगे और मरम्मत का काम बेहतर तरीके से होगा। शनिवार को महापौर मालती राय ने जोन क्रमांक 10 के वार्ड 50 स्थित जी-3 गुलमोहर कॉलोनी में मशीन से सड़क मरम्मत कार्य की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने मौके पर चल रहे काम को देखा और अधिकारियों से मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

निगम का दावा... तय समय में होगा काम

निगम के अनुसार, जेट पेचर मशीन से सड़क के गड्ढों की मरम्मत तेजी से की जा सकेगी। इससे काम में लगने वाला समय कम होगा और सड़कों को बेहतर स्थिति में लाने में मदद मिलेगी। निगम का लक्ष्य शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करना है। हालांकि, नई तकनीक का फायदा तभी मिलेगा, जब मरम्मत के बाद सड़कों की गुणवत्ता बनी रहेगी और काम की नियमित निगरानी होगी।

पांच दिन पहले जारी किए थे नोटिस

निजी जमीन पर आरा मशीन संचालकों का कब्जा, विरोध के बाद किया सील



कार्रवाई करते प्रशासनिक अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत टॉकीज चौराहे से बरखेड़ी सड़क किनारे स्थित आरा मशीनों की शिफ्टिंग की जानी है। इधर निजी जमीन पर कब्जे को लेकर दस दिन पहले शहर तहसीलदार भूपेंद्र कैलासिया ने 10 आरा मशीन संचालकों को बेदखली नोटिस जारी किए थे, जिसके बाद शनिवार को जिला प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा और आरा मशीनों को हटाने का काम शुरू किया।

हालांकि विरोध को देखते हुए अमले ने इन्हें सील कर पांच दिन का समय दिया है। तहसीलदार का कहना है कि पांच दिन बाद जगह खाली कराई जाएगी।

30 आरामशीनों को अलॉट किए प्लॉट

पिछले 35 सालों से भारत टॉकीज से बोगदा पुल तक चल रहीं करीब 80 आरा मशीनों की शिफ्टिंग का काम शुरू हो गया है। उद्योग विभाग ने 30 लोगों को प्लॉट भी आवंटित कर दिए हैं। जिसके बाद यहां शेड बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। शेष लोगों के प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया भी चल रही है। टिंबर एसोसिएशन के अध्यक्ष बद्र आलम का कहना है कि मेट्रो की जद में आने वाली आरा मशीनों की शिफ्टिंग शुरू कर दी गई है।

इंडियन ऑइल कंपनी ने एजेंसी संचालक पर लगाया जुर्माना

कोलार इंडेन एजेंसी का लाइसेंस होगा सस्पेंड छह महीने बाद सिद्धार्थ एजेंसी हुई बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इजराइल और ईरान युद्ध के समय गैस सिलेंडरों की किल्लत का फायदा उठाने वाली सिद्धार्थ गैस एजेंसी को कंपनी ने बहाल कर दिया है। हालांकि एजेंसी संचालक पर छह लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

इधर, सिलेंडरों से गैस चोरी के मामले में खाद्य विभाग ने कोलार इंडेन गैस एजेंसी का लाइसेंस सस्पेंड करने ऑयल कंपनी को पत्र लिखा है। राजधानी के कोलार इंडेन गैस एजेंसी में सिलेंडरों से गैस चोरी दूसरी बार पकड़ी गई है। इसके पहले भी सिलेंडरों में कम गैस मिली थी, जबकि बुधवार को भी सात सिलेंडरों में ढाई से तीन किलो तक गैस कम मिली। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि कोलार इंडेन गैस एजेंसी में सिलेंडरों से गैस चोरी के मामले को लेकर एजेंसी संचालक दीपा गाड़ी पर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

गैस चोरी के मामले बढ़े

सिलेंडरों से दो से तीन किलो गैस निकालकर उपभोक्ताओं को बेचने के मामले राजधानी में बढ़ गए हैं। इसके पहले भी अयोध्या बाइपास, कोलार सहित अन्य जगहों पर गैस एजेंसी के कर्मचारी सील पैक सिलेंडरों से गैस चोरी के मामले में पकड़े गए हैं। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इधर कर्मचारी गैस सिलेंडर को तौलकर देने से इंकार कर देते हैं।

सिद्धार्थ से 39 सिलेंडर किए थे जब्त

मार्च माह में ऑरा मॉल स्थित सिद्धार्थ इंडेन गैस एजेंसी के कर्मचारी रवि मेवाड़ा को 31 गैस सिलेंडरों से तीन-तीन किलो गैस निकालते हुए दबोचा था। जिसके बाद इंडियन ऑयल कंपनी ने एजेंसी का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था। कंपनी ने जुर्माना लगाकर एजेंसी को अब बहाल कर दिया है।

छोला विश्राम घाट के पास 20 मीटर के दायरे में कचरे का ढेर, सड़क पर कचरा खा रहीं गायें

दिवाली पर सफाई के दावों के बीच कचरे से पटी सड़कें, जिम्मेदार बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली के त्योहार पर शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान चलाने और अतिरिक्त इंतजाम करने के दावे किए हैं। वहीं, राजधानी में पर्यावरण संरक्षण, वायु गुणवत्ता में सुधार और शहर के सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम लगातार सफाई अभियान चलाने का दावा कर रहा है।



छोला विश्राम घाट के पास लगा है कचरे का ढेर।

आदेश के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार भी तालाबों, घाटों और सड़कों की सफाई को लेकर लगातार अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं। इसके बावजूद शहर के कई इलाकों में जमीनी हालात इन दावों की पोल खोल रहे हैं। पुराने शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर और गंदगी नजर आ रही है। इससे सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। छोला विश्राम घाट के पास करीब 20 मीटर के दायरे में कचरे का ढेर लगा हुआ है। यहां सड़क पर फैले कचरे को गाय खा आ रही हैं। कचरा सड़क तक फैलने से आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है।

पुराने शहर में सफाई व्यवस्था पर सवाल...

पुराने शहर के कई हिस्सों में सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है साथ ही सड़क पर कई जगह कचरे के ढेर लगे हैं। कहीं सड़कें गंदगी से पटी हैं तो कहीं नालियों से निकला मलबा और कचरा खुले में छोड़ दिया गया है। इससे न केवल आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि धूल और गंदगी से पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। एक ओर निगम वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव, मशीनों से सफाई और विशेष अभियान चलाने की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कचरे का समय पर उठाव नहीं हो पा रहा है। सवाल यह है कि जब आयुक्त स्तर पर लगातार सफाई के निर्देश दिए जा रहे हैं, तो मैदानी अमला इन पर कितना अमल कर रहा है। केवल अभियान और निरीक्षण से शहर साफ नहीं होगा, इसके लिए नियमित निगरानी और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई भी जरूरी है।

लौह पुरुष पटेल की प्रतिमा पर किया नमन

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सीएस ने दिलाई एकता अखंडता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में वरिष्ठ अधिकारियों,कर्मचारियों और नागरिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इससे पहले मुख्य सचिव और अन्य आगंतुकों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। शपथ में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों की ओर से संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। शपथ में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, अनुपम राजन, संजय कुमार शुक्ला, शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव सहित मंत्रालय वल्लभ भवन, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी और पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

जनसंपर्क संचालनालय में अधिकारी कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

संचालक दुबे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ



भोपाल। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनसंपर्क संचालनालय में संचालक जनसंपर्क अरविंद कुमार दुबे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर संचालक गुरमीत सिंह वाधवा सहित संचालनालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी शपथ ली। शपथ में राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया गया।

साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों से प्रेरणा लेते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने की शपथ ली गई।

ग्राम वन समितियों को 13 करोड़ रुपए से अधिक काष्ठ लाभांश का किया वितरण

मुख्यमंत्री ने 4 जिलों के 3.69 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को अंतरित की 30 करोड़ रुपए से अधिक बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- रामघाटी मध्यम सिंचाई परियोजना मंजूर, घोड़ाडोंगरी में बैराज और जलाशय बनाए जाएंगे
- 100 करोड़ से बनाए जाएंगे फुटबॉल टर्फ, इनडोर और आउटडोर स्टेडियम
- बैतूल में बनेगा जनजातीय संग्रहालय, मुख्यमंत्री ने दी 443 करोड़ के कई विकास कार्यों की सौगात



तेंदूपत्ता संग्राहकों को मुख्यमंत्री ने अंतरित की राशि।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार 'सच्चा वादा-पक्का काम' के सूत्रवाक्य के साथ प्रदेश में विकास और जनहितैषी कार्यों को लगातार आगे बढ़ा रही है। प्रदेश में गरीब, किसान, युवा और नारियों के कल्याण के लिए अनेकों कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते शुक्रवार को ही किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की राशि की सौगात मिली है। प्रदेश के किसानों को पर्याप्त बिजली और सिंचाई की सुविधाएं मिल रही हैं।

सीएम शनिवार को बैतूल में हुए तेंदूपत्ता संग्राहकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज बैतूल में चार जिलों के 3.69 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को 30 करोड़ रुपए से अधिक की बोनस राशि मिली है। यह दक्षिण बैतूल, पश्चिम बैतूल, उत्तर बैतूल, पांढुर्णा (दक्षिण छिंदवाड़ा), पूर्व छिंदवाड़ा, पश्चिम छिंदवाड़ा एवं नर्मदापुरम वन मंडल के तेंदूपत्ता संग्राहकों के अथक परिश्रम के सम्मान और उनके वाजिब हक की राशि है।

सीएम आज एमएसएमई इकाइयों को भेंट करेंगे राशि

भोपाल। सीएम रविवार एक नवंबर को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से 950 एमएसएमई इकाइयों को 490 करोड़ और 100 से अधिक स्टार्टअप को लगभग 1.50 करोड़ सहायता राशि वितरित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री उद्यमियों को भूमि आबंटन आशय पत्र और उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों को ऋण राशि भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप करेंगे।

निवेश और रोजगार देने वाली इकाइयों को प्रोत्साहन

एमएसएमई मंत्री काश्यप ने बताया कि जिन इकाईयों को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है उनकी ओर से 7,000 करोड़ से अधिक का निवेश कर 17,000 से अधिक व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

443 करोड़ से अधिक के कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय नायकों का स्मरण करते हुए कहा कि अद्भुत वन संपदा और नैसर्गिक सौन्दर्य के मामले में बैतूल जिला अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि बैतूल जिले के समग्र विकास को और गति देने के लिए जिलेवासियों को इसी जगह पर 443 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की अनुपम सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में बन रहे सांदीपनि विद्यालय बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा का मॉडल बन चुके हैं। बैतूल में जनजातीय बेटियों के लिए 50 करोड़ की लागत से कन्या शिक्षा परिसर और छात्रावास का भूमि-पूजन किया गया है।

कॉफी के बागान लगाए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बैतूल के कुकरू खामला का सौंदर्य दर्शनीय है। यहां 15 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटन सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। यहां कॉफी के बागान लगाए जाएंगे। बैतूल-मुलताई में 24 करोड़ के नए कारखाने लगाए जाएंगे। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर प्रदेशभर में 15 नवंबर से 17 नवंबर तक तीन दिन उत्सव मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की प्रमुख घोषणाएं

नल जल योजना के कार्यों के लिए 50 करोड़ राशि दी जाएगी। बैतूल में 15 करोड़ रुपए की लागत से गीता भवन और हाट बाजार बनेगा। सड़क चौड़ीकरण के लिए 47 करोड़ रुपए, 70 करोड़ रुपए की लागत से चार जलाशयों का निर्माण, 154 करोड़ की लागत से रामघाटी मध्यम सिंचाई परियोजना, घोड़ा डोंगरी में बैराज और जलाशय, बैतूल के शासकीय हाईस्कूलों में 50 करोड़ की लागत से सुविधाएं, 100 करोड़ रुपए से अधिक लागत से फुटबॉल टर्फ, इनडोर और आउटडोर स्टेडियम, बैतूल में जनजातीय संग्रहालय बनाया जाएगा।

अंतरिक्ष में भारत की नई उड़ान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि


भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जीएसएलवी-एफ-18रॉकेट से एनवीएस-03 उपग्रह के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के समस्त वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इससे नेविगेशन प्रणाली को नई मजबूती मिली है। यह भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष विज्ञान एवं अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

कोदो-कुटकी उत्पादन करने वाले किसानों के प्रोत्साहन से सिंचाई का रकबा 90 हजार पहुंचा

मंडला की धरती पर कृषि, सहायक गतिविधियों की संभावनाएं: सीएम

सीएम ने बलराम कृषि महोत्सव में किसानों से किया वर्चुअली संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सीएम ने बलराम कृषि महोत्सव पर मंडला जिले के किसानों से वर्चुअली संवाद कर उनकी सफलता की कहानियां सुनीं और खेती-किसानी के साथ कृषि आधारित अन्य कार्यों को करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत एवं समर्पण से ही प्रदेश कृषि के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

सीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान का स्मरण करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मंडला भगवान परशुराम एवं अन्य ऋषि-मुनियों की तपोभूमि होने के साथ ही राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह और वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य एवं पराक्रम की धरती है। माँ नर्मदा का आशीर्वाद जिले को प्राप्त है। यहां की प्राकृतिक संपदा और उपजाऊ भूमि जिले को समृद्ध बनाती है। मंडला में धान, अरहर, उड़द, सोयाबीन, मक्का और कोदो-कुटकी जैसी फसलों का अच्छा उत्पादन होता है।


श्रीअन्न और पारंपरिक फसलों को प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कोदो-कुटकी जैसे पारंपरिक श्रीअन्न के उत्पादन एवं खरीदी को प्रोत्साहित कर रही है। वीरांगना रानी दुर्गावती श्रीअन्न योजना में मंडला जिले के 424 किसानों को 51 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। मंडला जिले में 17 लाख किसानों को कोदो-कुटकी उत्पादन पर बोनस का लाभ मिला है।

मत्स्य पालन, पशुपालन औषधीय खेती में मंडला में मौजूद है संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला जिले में मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। जिले के 65 जलाशयों में मत्स्य पालन की गतिविधियां संचालित हैं। यहां 105 मत्स्य समितियों के माध्यम से लगभग 4 हजार किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मशरूम, मखाना और अन्य औषधीय फसलों के उत्पादन में भी संभावनाएं हैं। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ इन गतिविधियों को अपनाना चाहिए।

सुनो सरकार..



साहब की जी हुजूरी में लगे रहो

अगर दफ्तर में काम करना है तो साहब की जी हुजूरी में लगे रहो। अगर ज्यादा होशियार बनने की कोशिश की तो अब नौकरी से हाथ धो बैठोंगे, पता भी नहीं चलेगा। यह चेतावनी एनएचएम में पदस्थ एक कर्मचारी अपने साथ काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारी को दी। कर्मचारी ने आउटसोर्स कर्मचारी को समझाया कि साहब सख्त मिजाज के है। उनके आदेश के बिना कोई कर्मचारी अपनी मर्जी से कोई भी काम नहीं कर सकता। साहब ने एक बार आदेश दे दिया तो वह काम होना ही चाहिए, अगर साहब के आदेश की अवहेलवा हुई तो समझो नोकरी से गई। इसलिए समझा रहा हूं, काम करना है तो साहब की जी हुजूरी करनी ही होगी। किसी अन्य साहब के चक्कर में पड़ने की जरुरत नहीं है, बस सिर्फ साहब का गुणगान करते रहो और मौज से नौकरी करते रहो।

प्राइवेट अस्पताल को टक्कर देता काटजू अस्पताल

शहर का काटजू अस्पातल इलाज हो या फिर साफ-सफाई से लेकर स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा के मामले में प्राइवेट अस्पतालों को भी टक्कर दे रहा है। अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ रचना दुबे काटजू अस्पताल को प्रदेश का नबंर वन अस्पताल बनाने में हर संभव प्रयास कर रही है। महिला और बच्चों के इलाज के लिए बना काटजू अस्पताल निजी अस्पताल जैसी सुविधाएं दे रहा और वह पूरी तरह निःशुल्क। अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ उनके परिजनों लिए भी सुविधा के लिए नियम बनाए गए जो व्यवस्थाओं को बनाने मददगार साबित हो रहा। यहां पुरुष का वार्ड में जाना प्रतिबंधित है। यहां गुटका, पान, बीडी सिगरेट पीने मना है। नियम का पालन नहीं करने वालों पर प्रबंधन द्वारा कार्यवाही भी की जाती है।

मंत्रीजी का निरीक्षण, मुखियाओं को चिंता

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहे मंत्रीजी स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करते। मरीज के इलाज में लापरवाही होने पर मंत्रीजी तत्काल एक्शन लेकर कार्यवाही करते है। मंत्री जी के कभी भी बिना बताए किसी भी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण करने पहुंच जाते है। मंत्रीजी के आते ही संस्थानों के मुखियाओं के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच जाती है। मंत्रीजी के बिना सूचना के आने से व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आ जाती है। मंत्रीजी ने अस्पतालों का जायजा लिया तो व्यवस्थाओं की पोल खुलने लगत है। कहीं कमियां नजर आती है तो कहीं इंतजामों की हकीकत ने दावों की चमक फीकी पड़ जाती है। वैसे तो सरकारी संस्थानों में सब कुछ नियम-कायदे से चलने के दावे होते हैं, लेकिन जब कोई जब विभाग को मुखिया निरीक्षण पर पहुंचता है, तो आम दिनों में जिन कमियों पर नजर नहीं पड़ती, वे मंत्री जी के दौरे में खुद सामने आ जाती हैं।

खुद भी कमाओ, साहब का हिस्सा भी पहुंचाओ... बाकी हम देख लेंगे!

भोपाल रेल मंडल कार्यालय में इन दिनों एक अलग ही तरह की चर्चा गलियारों में तैर रही है। कहा जा रहा है कि कुछ अधिकारियों का अपने मातहत कर्मचारियों के लिए कथित तौर पर सीधा संदेश है—तुम भी कमाओ और हमें भी कमा कर दो। बाकी सब हम देख लेंगे! त्योहारी सीजन है, ऐसे में इस चर्चा ने भी जोर पकड़ लिया है। कानाफूसी तो यहां तक है कि कुछ कर्मचारियों को कमाई के रास्ते तलाशने और उसमें से अधिकारियों का हिस्सा निकालने की नसीहत दी जा रही है। साथ ही भरोसा भी ऐसा कि किसी से डरने की जरूरत नहीं, ऊपर तक अपनी बातचीत है। यानी कमाई का इंतजाम तुम करो, हिस्सेदारी की चिंता हमें छोड़ दो। अब इस चर्चा में कितनी सच्चाई है और कितना महज गलियारों का मसाला, यह तो संबंधित लोग ही जानें। लेकिन चर्चा यह भी है कि कुछ कर्मचारी इस कथित दबाव से परेशान हैं। उन्होंने कर्मचारी संगठनों तक अपनी बात पहुंचाई है।

वन विहार में शराब पीकर कर रहे ड्यूटी

वन विहार में इन दिनों एक चर्चा खूब उड़ रही है। बताया जा रहा है कि विगत दिनों एक कर्मचारी कथित तौर पर शराब के नशे में ड्यूटी करता नजर आया। चर्चा है कि साथी कर्मचारियों को शक हुआ तो इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक भी पहुंचाई गई, लेकिन कार्रवाई की बात सामने नहीं आई। हालांकि, इस पूरे मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही किसी लिखित शिकायत की जानकारी है। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर संवेदनशील वन विहार क्षेत्रों में ड्यूटी के दौरान इस तरह की लापरवाही होती है, तो पर्यटकों और वन्यजीवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन संभालेगा? फिलहाल मामला चचार्ओं में है, लेकिन विभागीय निगरानी पर सवाल जरूर छोड़ गया है।

किसका होगा अभिषेक...

नगर निगम में नई बिसात बिछने लगी है। अब किसे कौन-सी जिम्मेदारी मिलेगी, इसे लेकर निगम के गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। हर कोई अपनी गोटियां फिट करने में जुटा है। इसी बीच एक विधानसभा क्षेत्र के दो 'लाल' अपनी कुर्सी बचाने के लिए ऊपर से नीचे तक सक्रिय बताए जा रहे हैं। चर्चा तो यहां तक है कि रात ढलने का नाम नहीं ले रही, यानी 'निशा' का अंत अभी दूर है और कुर्सी का 'गौरव' भी कोई छोड़ना नहीं चाहता। अंदरखाने की खबरों पर गौर करें तो बंगलों से लेकर अटल भवन के पहले माले तक आश्वासनों का दौर चल चुका है। बताया जा रहा है कि इन आश्वासनों के सहारे मोहरे भी सेट किए जा रहे हैं। लेकिन असली पेच नए 'अभिषेक' को लेकर फंसा हुआ है। आखिर ताज किसके सिर सजेगा और किसकी कुर्सी सलामत रहेगी, यह अभी साफ नहीं है। फिलहाल निगम की सियासी शतरंज पर हर चाल के अपने मायने हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस बिसात पर किसका अभिषेक होता है और किसकी उम्मीदों पर पानी फिरता है।

सचिन सिंह बैस, कपिलदेव श्रीवास्तव, मनीष मान

11 से 18 तक आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

भाजपा करेगी बिरसा मुंडा जयंती पर 'जनजातीय गौरव सप्ताह' का आयोजन

15 नवंबर को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम, भाजपा कार्यालय में तैयारी बैठक

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



भाजपा द्वारा महान क्रांतिकारी व राष्ट्रवादी जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 11 नवंबर से 18 नवंबर तक 'जनतातीय गौरव सप्ताह' के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे(15 नवंबर को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक लोकेन्द्र पाराशर, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम, प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी शिवराज डाबी, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व कार्यक्रम सह संयोजक सोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

डॉ यादव एवं खंडेलवाल वर्चुअल करेंगे संबोधित

'जनजातीय गौरव सप्ताह' के अंतर्गत 3 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। 4 नवंबर को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी एवं सोशल मीडिया प्रभारियों की कार्यशाला का आयोजन होगा। 5 नवंबर को मुख्यमंत्री निवास में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सांसद, विधायक, पंच से लेकर सभी जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 10 से 12 नवंबर तक प्रदेश एवं जिला स्तर पर पत्रकार-वार्ता आयोजित की जाएंगी।

14 से होगा इन कार्यक्रमों का आयोजन

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की पूर्व संध्या पर 14 नवंबर को प्रदेश भर में दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा और स्वच्छता अभियान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 15 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से पूरे प्रदेश में वर्चुअली संबोधित करेंगे। 16 एवं 17 नवंबर को प्रदेश भर के अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में पार्टी के जनप्रतिनिधियों द्वारा व्यापक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ 18 नवंबर को प्रदेशभर में जनजातीय गौरव चौपाल का आयोजन होगा।

एप्स्टीन के कारण कांग्रेस ने किया था विरोध

पुरी के विरोध की आशंका में शुक्ला नजरबंद, हिरासत में कई कांग्रेसी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के भाजपा से राज्यसभा के लिए नामांकन के दौरान विरोध की आशंका के चलते पुलिस-प्रशासन शनिवार को सुबह से ही सतर्क रहा। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को उनके भोपाल स्थित कार्यालय में पुलिस बल तैनात कर अवैध रूप से नज़रबंद कर दिया गया।

उन्हें और उनके साथियों को कार्यालय से बाहर निकलने से रोका गया, जिसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच तीखी धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके अलावा पुलिस ने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित खत्री समेत संगठन के कई नेताओं को हिरासत में लिया। पुलिस खत्री को ऐशबाग थाने ले गई। युकां प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार और जिला अध्यक्ष अंकित दुबे को हबीबगंज थाने ले जाया गया। मोहित सक्सेना को अयोध्या नगर थाने में बैठाया गया। कांग्रेस ने एप्स्टीन फाइल्स में नाम आने के कारण हरदीप का भोपाल आने पर विरोध का ऐलान किया था।



जनता के सवालों से तरह डरी हुई है भाजपा सरकार

इस अघोषित पुलिसिया कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मनोज शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के सवालों से पूरी तरह डरी हुई है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम और उनसे जुड़ी मुलाकातों व ईमेल के संदर्भ जेफरी एप्स्टीन से जुड़े दस्तावेजों (एप्स्टीन फाइल्स) में सार्वजनिक रूप से सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद भाजपा नेतृत्व और खुद मंत्री इस गंभीर मामले पर देश की जनता को कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं।

दामन साफ है तो सवालों से डर कैसा: सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी एप्स्टीन फाइल्स के खुलासे का जिक्र करते हुए पुरी पर मीडिया से बचने और सवालों का जवाब नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में चुनाव हैं तो वहां से टिकट तक नहीं मिला और मुंह उठाकर मध्य प्रदेश में टपक पड़े। एप्स्टीन फाइल्स के खुलासे के बाद मीडिया से छिपते-छिपाते नामांकन भरने वाले हरदीप पुरी को सवालों के जवाब देने चाहिए। अगर दामन साफ है तो सवालों से यह खौफ कैसा? जवाब दीजिए।

हवाई, रेल और सड़क मार्ग से रवाना हुए कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता

आज की दिल्ली महारैली में हिस्सा लेने प्रदेश से हजारों कांग्रेसियों का दिल्ली कूच, कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत

इंडिया गठबंधन की 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली आज दिल्ली में

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

नई दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार 1 नवंबर को इंडिया गठबंधन की आयोजित होने जा रही 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूची पुनरीक्षण विवाद और लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के मुद्दे पर बुलाई गई इस राष्ट्रीय रैली के लिए सूबे के विभिन्न संभागों से हजारों कार्यकर्ताओं का दिल्ली पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों, विधायकों, पूर्व मंत्रियों, जिला व ब्लॉक अध्यक्षों और फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को राजधानी दिल्ली में मौजूदगी दर्ज कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

अन्य अंचलों के नेता, कार्यकर्ता भी पहुंच रहे दिल्ली

ग्वालियर-चंबल के अलावा मालवा-निमाड़ अंचल के इंदौर, उज्जैन संभाग, मध्य क्षेत्र भोपाल, होशंगाबाद संभाग के जिलों महाकौशल जबलपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी आदि, बुंदेलखंड सागर, दमोह, छतरपुर और विंध्य अंचल के रीवा, सतना, सीधी, शहडोल से भी कार्यकर्ता विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों और सड़क मार्ग से दिल्ली कूच कर रहे हैं। मालवा और भोपाल संभाग के कार्यकर्ता मुख्य रूप से भोपाल-नई दिल्ली रूट की ट्रेनों और हाईवे के रास्ते निकल रहे हैं, जबकि बुंदेलखंड के कार्यकर्ता झां सी - ग्वा लि य र - आ ग रा एक्सप्रेसवे कॉरिडोर से दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। अन्य अंचलों के कांग्रेसी अलग-अलग साधनों से दिल्ली पहुंच रहे हैं।

ग्वालियर-चंबल अंचल लामबंदी का मुख्य केंद्र

भौगोलिक रूप से दिल्ली के सबसे नजदीक स्थित ग्वालियर-चंबल अंचल इस लामबंदी का मुख्य केंद्र बना हुआ है। स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने रास्ते में पुलिस प्रशासन द्वारा संभावित अवरोध या वाहनों को बाहरी सीमाओं पर रोके जाने की आशंका को देखते हुए कार्यकर्ताओं को छोटे-छोटे समूहों में सड़क, नियमित ट्रेनों और सार्वजनिक परिवहन के जरिए सीधे दिल्ली पहुंचने की रणनीति पर काम करने को कहा है।

कॉन्ट्रा फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड की ऐसी श्रेणी हैं, जिनमें फंड मैनेजर बाजार की प्रचलित धारणा से अलग जाकर निवेश के अवसर तलाशते हैं। जब किसी कंपनी, उद्योग या शेयर को लेकर बाजार में निराशा होती है और उसका मूल्य कारोबारी संभावनाओं की तुलना में कम दिखाई देता है, तब ऐसे फंड उसमें निवेश पर विचार करते हैं। हर गिरते शेयर में पैसा लगा दिया जाए। कंपनी की वित्तीय स्थिति, कारोबार की गुणवत्ता, भविष्य में कमाई की संभावना और शेयर के मूल्यांकन का विश्लेषण जरूरी होता है। इस रणनीति के पीछे मान्यता है कि बाजार में किसी कंपनी के प्रति बनी नकारात्मक धारणा हमेशा कायम नहीं रहती।

तीन साल से ज्यादा का निवेश क्षितिज होने पर उभरता है फायदा

बाजार की गिरावट में भी टिके कॉन्ट्रा फंड लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न संभव

पांच साल में मिल सकता है बेहतर प्रदर्शन, धैर्य की परीक्षा भी

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क



शेयर बाजार में गिरावट के दौर में निवेशकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। ज्यादातर निवेशक ऐसे समय में सुरक्षित विकल्प तलाशने लगते हैं, लेकिन अनुभवी निवेशक बाजार की कमजोरी में भविष्य के अवसर भी खोजते हैं। म्यूचुअल फंड की कॉन्ट्रा श्रेणी इसी सोच पर काम करती है। ये फंड उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करने की कोशिश करते हैं, जिन्हें फिलहाल बाजार में पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा है, लेकिन जिनकी कारोबारी संभावनाएं लंबी अवधि में बेहतर हो सकती हैं। हालिया प्रदर्शन के आंकड़े संकेत देते हैं कि बाजार की मौजूदा कमजोरी के बीच कॉन्ट्रा फंड ने कुछ मजबूती दिखाई है। हालांकि, इस रणनीति का लाभ तुरंत मिलने की गारंटी नहीं है। इसमें निवेशकों को लंबा नजरिया और उतार-चढ़ाव सहने की क्षमता रखनी पड़ती है।

क्या होते हैं कॉन्ट्रा फंड?

कॉन्ट्रा फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड की ऐसी श्रेणी हैं, जिनमें फंड मैनेजर बाजार की प्रचलित धारणा से अलग जाकर निवेश के अवसर तलाशते हैं। जब किसी कंपनी, उद्योग या शेयर को लेकर बाजार में निराशा होती है और उसका मूल्य कारोबारी संभावनाओं की तुलना में कम दिखाई देता है, तब ऐसे फंड उसमें निवेश पर विचार करते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि हर गिरते शेयर में पैसा लगा दिया जाए। कंपनी की वित्तीय स्थिति, कारोबार की गुणवत्ता, भविष्य में कमाई की संभावना व शेयर के मूल्यांकन का विश्लेषण जरूरी होता है। इस रणनीति के पीछे मान्यता है कि बाजार में किसी कंपनी के प्रति बनी नकारात्मक धारणा हमेशा कायम नहीं रहती। यदि कंपनी का कारोबार सुधरता है और निवेशकों का भरोसा लौटता है, तो उसके शेयर की कीमत में सुधार हो सकता है। इसे बाजार में मूल्य के सामान्य स्तर पर लौटने की प्रक्रिया के रूप में समझा जा सकता है। हालांकि, यदि कंपनी की मुश्किलें स्थायी हैं, तो कम कीमत पर खरीदा गया शेयर भी नुकसान दे सकता है।

निवेश से पहले इन बातों का रखें ध्यान

- **अवधि:** कम से कम तीन से पांच साल का नजरिया रखें। यह अवधि भी लाभ की गारंटी नहीं है।
- **जोखिम :** बाजार में लंबी गिरावट और कमजोर प्रदर्शन सहने की तैयारी होनी - चाहिए।
- **विविधीकरण:** पूरी रकम एक ही श्रेणी में लगाने से बचें।
- **तुलना का तरीका:** फंड के प्रदर्शन की तुलना उसके समकक्ष फंडों और उपयुक्त मानक सूचकांक से करें।
- **समीक्षा:** हर तिमाही के प्रतिफल से घबराकर फैसला न लें, लेकिन फंड की रणनीति और निवेश की गुणवत्ता पर नजर बनाए रखें।

तीन साल में दिखने लगता है रणनीति का असर : फाइनेंशियल एक्सप्रेस की 24 अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, तीन साल के आधार पर कॉन्ट्रा फंड श्रेणी का औसत वार्षिक चक्रवृद्धि प्रतिफल लगभग 12 प्रतिशत रहा, जबकि मध्य प्रतिफल करीब 13.2 प्रतिशत बताया गया। इसके मुकाबले लार्ज-कैप फंड श्रेणी का औसत प्रतिफल लगभग 9.3 प्रतिशत रहा। ये आंकड़े संबंधित अवधि में कॉन्ट्रा फंड के बेहतर प्रदर्शन की ओर संकेत करते हैं, लेकिन इन्हें भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं समझना चाहिए।

पांच साल में उभर सकती है बढ़त

कॉन्ट्रा निवेश की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें फंड मैनेजर बाजार की तत्कालीन पसंद के बजाय भविष्य की संभावनाओं पर दांव लगाता है। किसी उपेक्षित कंपनी के शेयर में निवेश करने के बाद बाजार को उसकी वास्तविक क्षमता पहचानने में कई साल लग सकते हैं। इस दौरान शेयर का प्रदर्शन कमजोर रह सकता है और निवेशक का धैर्य डगमगा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पांच साल की अवधि में कॉन्ट्रा फंड श्रेणी का औसत प्रतिफल लार्ज-कैप फंडों के मुकाबले लगभग दोगुना रहा है। इससे संकेत मिलता है कि इस निवेश रणनीति को परिणाम देने के लिए पर्याप्त समय की जरूरत होती है। हालांकि, यह निष्कर्ष रिपोर्ट में दी गई संबंधित अवधि के आंकड़ों पर आधारित है। अलग-अलग समय में परिणाम बदल सकते हैं। इसलिए कॉन्ट्रा फंड में निवेश करने वालों के लिए तीन से पांच साल या उससे अधिक का नजरिया उपयोगी हो सकता है। लेकिन लंबी अवधि का चुनाव भी नुकसान से सुरक्षा की गारंटी नहीं देता।



एक साल में नुकसान भी कम नहीं

कॉन्ट्रा फंड की संभावनाओं के साथ उसके जोखिम को समझना भी जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल के आधार पर इस श्रेणी का प्रतिफल लगभग 8 प्रतिशत नकारात्मक रहा। यह गिरावट लार्ज-कैप फंडों के प्रदर्शन के आसपास थी। इससे स्पष्ट होता है कि कॉन्ट्रा फंड भी बाजार की कमजोरी से अछूते नहीं हैं। दरअसल, बाजार जिन कंपनियों को पसंद नहीं कर रहा होता है, उनमें निवेश करने का अर्थ यह भी है कि निवेशक को कुछ समय तक कमजोर प्रदर्शन झेलना पड़ सकता है। यदि कंपनी का कारोबार उम्मीद के मुताबिक नहीं सुधरता, तो नुकसान लंबा खिंच सकता है। इसलिए केवल इस आधार पर निवेश करना उचित नहीं कि कोई फंड हालिया गिरावट के दौरान बेहतर टिका रहा है।

पोर्टफोलियो में कितनी हो हिस्सेदारी

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार, कॉन्ट्रा फंड को पूरे निवेश पोर्टफोलियो का विकल्प बनाने के बजाय विविधीकृत निवेश व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक है। निवेशक अपने वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम उठाने की क्षमता और निवेश की अवधि के अनुसार इसमें सीमित राशि लगा सकते हैं। जिन लोगों को निकट भविष्य में पैसे की जरूरत है या जो बाजार में उतार-चढ़ाव से घबरा जाते हैं, उनके लिए यह श्रेणी उपयुक्त नहीं हो सकती।

निवेश बनाए रखें

कॉन्ट्रा फंड उन निवेशकों के लिए उपयोगी विकल्प हो सकते हैं, जो बाजार की अस्थायी निराशा के पीछे छिपे अवसर तलाशना चाहते हैं और लंबी अवधि तक निवेश बनाए रख सकते हैं। लेकिन बेहतर प्रतिफल की संभावना के साथ जोखिम भी जुड़ा है। इसलिए निवेश का फैसला केवल हालिया प्रदर्शन देखकर नहीं, बल्कि वित्तीय लक्ष्य, निवेश अवधि और जोखिम सहने की क्षमता को ध्यान में रखकर करना चाहिए।



बच्चों को बचपन से सिखाएं पैसे की समझ, रहेंगे आर्थिक रूप से मजबूत

- छोटी-छोटी बचत की आदतें बनाएंगी जिम्मेदार नागरिक
- खर्च और फैसले लेने का सलीका सिखाना भी है जरूरी

बिजनेस डेस्क

आज के दौर में बच्चों की परवरिश का बड़ा हिस्सा उनकी जरूरतें पूरी करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने में बीतता है। खिलौनों से लेकर मोबाइल, महंगे कपड़ों और मनोरंजन तक, बच्चों की हर फरमाइश पूरी करने की कोशिश की जाती है। माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे किसी चीज से वंचित न रहें। लेकिन इस कोशिश में अक्सर एक जरूरी सबक पीछे छूट जाता है। पैसे की कीमत और उसका सही इस्तेमाल। आर्थिक रूप से मजबूत भविष्य की नींव केवल अच्छी कमाई से नहीं, बल्कि बचपन में विकसित हुई वित्तीय समझ से भी पड़ती है। इसलिए बच्चों को पैसे का महत्व समझाना, खर्च करने में विवेक सिखाना और बचत की आदत विकसित करना उनकी परवरिश का अहम हिस्सा होना चाहिए।

1. बिना पैसे खर्च किए भी खुश रहना सिखाएं

बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि खुशी का हर जरिया बाजार से नहीं खरीदा जा सकता। परिवार के साथ समय बिताना, घर में मिलकर खाना बनाना, खेलना, किताबें पढ़ना और पार्क में घूमना भी आनंद के अच्छे साधन हैं। यदि बच्चे हर गतिविधि को किसी खरीदारी से जोड़कर देखेंगे, तो उनके मन में यह धारणा बन सकती है कि मनोरंजन के लिए पैसा खर्च करना अनिवार्य है। माता-पिता को अपनी दिनचर्या में ऐसे अवसर शामिल करने चाहिए, जिनमें बिना अतिरिक्त खर्च के भी परिवार खुशियां साझा कर सके।

2. हर मौके पर उपहार देना जरूरी नहीं

जन्मदिन, त्योहार, रिश्तेदारों से मुलाकात या किसी उपलब्धि पर उपहार देने की परंपरा आम है। उपहार देना गलत नहीं है, लेकिन इसे हर अवसर की अनिवार्यता बना देना उचित नहीं। बच्चों को समझना चाहिए कि किसी से मिलने जाना, उसके साथ समय बिताना और उसका हालचाल पूछना भी स्नेह जताने के महत्वपूर्ण तरीके हैं। हर मुलाकात में कुछ खरीदकर ले जाने की आदत अनावश्यक खर्च बढ़ा सकती है। माता-पिता स्वयं भी इस सोच को अपनाएं कि रिश्तों की मजबूती महंगे उपहारों से नहीं, बल्कि समय, सम्मान और अपनापन देने से बढ़ती है।

3. हर काम के बदले इनाम देने से बचें

बच्चों को घर के छोटे-मोटे कामों में शामिल करना अच्छी आदत है। हर काम के बदले पैसे या कोई उपहार देना सही तरीका नहीं है। यदि बच्चा अपना सामान व्यवस्थित करता है, किसी की मदद करता है या घर के सामान्य कामों में हाथ बंटाता है, तो उसे परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। हर अच्छे व्यवहार के बदले इनाम मिलने पर बच्चा यह सोच सकता है कि बिना किसी लाभ के काम करना जरूरी नहीं है। हालांकि, उम्र के अनुसार विशेष कामों के लिए सीमित प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

4. खरीदारी के नियम माता पिता मिलकर तय करें

बच्चों की हर मांग पूरी करना प्यार का प्रमाण नहीं है। कई बार माता-पिता किसी वस्तु के लिए मना करते हैं, लेकिन परिवार का दूसरा सदस्य उनकी बात काटकर वही चीज दिला देता है। इससे बच्चा सीमाओं को समझने के बजाय अलग-अलग लोगों से अपनी मांग मनवाना सीख सकता है। इसलिए माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के बीच बच्चों के खर्च को लेकर स्पष्ट सहमति होनी चाहिए। दादा-दादी या नाना-नानी का स्नेह भी महत्वपूर्ण है, लेकिन उन्हें बच्चों के लिए तय आर्थिक नियमों का सम्मान करना चाहिए।

5. जरूरत और चाहत के बीच अंतर बताएं

वित्तीय समझ विकसित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका बच्चों को जरूरत और चाहत के बीच अंतर सिखाना है। भोजन, पढ़ाई की सामग्री और जरूरी कपड़े आवश्यकताएं हैं, जबकि नया खिलौना, महंगा खेल या बार-बार बदलने वाला इलेक्ट्रॉनिक सामान इच्छा की श्रेणी में आ सकता है। उम्र के अनुसार बच्चों को उदाहरण देकर यह अंतर समझाया जा सकता है। यदि उनके पास सीमित राशि है, तो उन्हें दो विकल्पों में से एक चुनने को कहें। उदाहरण के लिए, वे उस पैसे से कोई खिलौना खरीद सकते हैं या कुछ सप्ताह बचत करके अधिक उपयोगी वस्तु ले सकते हैं।

6. भावनात्मक दबाव में खरीदारी न करें

कई बार माता-पिता काम में व्यस्त रहने या बच्चों के साथ कम समय बिता पाने के कारण अपराधबोध महसूस करते हैं। इसकी भरपाई के लिए वे बच्चों को महंगे उपहार देते हैं या उनकी हर मांग पूरी कर देते हैं। इसी तरह, गलती करने या गुस्से में डांटने के बाद भी कुछ माता-पिता उपहार देकर स्थिति संभालने की कोशिश करते हैं। यह तरीका बच्चों को गलत संदेश दे सकता है कि नाराजगी, गलती या भावनात्मक दूरी को खरीदारी से दूर किया जा सकता है। बेहतर होगा कि माता-पिता बच्चों से खुलकर बात करें, उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं और गलती होने पर उसे स्वीकार कर सुधार करें। पैसे के बजाय संवाद और व्यवहार को महत्व देना ज्यादा प्रभावी है।

7. छोटे आर्थिक फैसले लेने का अवसर दें

बच्चों को जिम्मेदार बनाने के लिए उन्हें उम्र के अनुरूप छोटे फैसले लेने देना चाहिए। खरीदारी के समय उन्हें तय बजट में से सामान चुनने दें। जेबखर्च देते हैं तो उसके कुछ हिस्से को खर्च, कुछ को बचत और जरूरत पड़ने पर कुछ को दूसरों की मदद के लिए अलग रखने की आदत डालें। बड़े बच्चों को बैंक खाते, बचत योजनाओं, ब्याज व चक्रवृद्धि वृद्धि जैसी अवधारणाओं की शुरुआती जानकारी भी दी जा सकती है। उन्हें यह समझाएं कि छोटी बचत भी समय के साथ बड़ी राशि बन सकती है।

जरूरत के समय पीपीएफ या पर्सनल लोन, कौन है बेहतर

ब्याज दर से लेकर चुकाने की अवधि तक समझें दोनों विकल्पों का अंतर

कम ब्याज के साथ भुगतान की शर्तों पर भी दें ध्यान

बिजनेस डेस्क

यदि आपके पास पात्र पीपीएफ खाता है, कम रकम की जरूरत है और आप तय अवधि में कर्ज चुका सकते हैं, तो पीपीएफ लोन कम लागत वाला विकल्प हो सकता है। लेकिन यदि बड़ी रकम चाहिए, पीपीएफ लोन की पात्रता नहीं है या नियमित मासिक किस्तों में भुगतान करना सुविधाजनक है, तो पर्सनल लोन पर विचार किया जा सकता है।

अचानक पैसों की जरूरत पड़ने पर सबसे बड़ी चुनौती होती है कि रकम कहां से जुटाई जाए और उस पर कितना ब्याज चुकाना पड़ेगा। ऐसे समय में बैंक से पर्सनल लोन लेना एक आम विकल्प है, लेकिन यदि आपका सार्वजनिक भविष्य निधि यानी पीपीएफ खाता है तो उससे भी कर्ज लिया जा सकता है। दोनों विकल्पों में ब्याज दर, कर्ज की सीमा और भुगतान की अवधि का बड़ा अंतर है। इसलिए केवल कम ब्याज देखकर फैसला करने के बजाय अपनी जरूरत और भुगतान क्षमता को समझना जरूरी है।

ब्याज दर में बड़ा अंतर

पीपीएफ खाते पर मिलने वाले कर्ज का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी कम ब्याज दर है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस पर सालाना एक प्रतिशत ब्याज लिया जाता है। हालांकि, मूल रकम समय पर नहीं चुकाने पर बकाया राशि पर ब्याज की दर बढ़कर छह प्रतिशत सालाना हो सकती है। इसलिए कम ब्याज का लाभ तभी मिलेगा, जब कर्ज की शर्तों का पालन किया जाए। दूसरी ओर, पर्सनल लोन की ब्याज दर बैंक, वित्तीय कंपनी, ग्राहक के क्रेडिट स्कोर और अन्य पात्रता शर्तों पर निर्भर करती है। यह सामान्यतः पीपीएफ लोन से काफी अधिक हो सकती है। कर्ज लेने से पहले ब्याज दर के साथ प्रोसेसिंग फीस और अन्य शुल्क भी जांचने चाहिए।

कितनी रकम मिलेगी

पीपीएफ से मिलने वाले कर्ज की सीमा खाते में मौजूद पात्र राशि और योजना के नियमों पर निर्भर करती है। सामान्य नियम के अनुसार, संबंधित आवेदन वाले वर्ष से पहले के दूसरे वित्त वर्ष के अंत में खाते में मौजूद पात्र बैलेंस का अधिकतम 25 प्रतिशत तक कर्ज मिल सकता है। इसके लिए खाते की अवधि और अन्य पात्रता शर्तें भी पूरी करनी होती हैं। पर्सनल लोन में मिलने वाली रकम ग्राहक की आय, नौकरी या कारोबार, क्रेडिट हिस्ट्री और बैंक की नीतियों के आधार पर तय होती है। यदि अधिक रकम की जरूरत है और पीपीएफ खाते से मिलने वाला कर्ज पर्याप्त नहीं है, तो पर्सनल लोन उपयोगी विकल्प हो सकता है।



भुगतान की अवधि भी समझें

पीपीएफ लोन में मूल रकम चुकाने के लिए 36 महीने यानी तीन साल तक का समय मिलता है। इसके बाद ब्याज चुकाने के लिए भी योजना के नियमों का पालन करना होता है। भुगतान में देरी होने पर ब्याज का बोझ बढ़ सकता है। पर्सनल लोन में आम तौर पर हर महीने समान किस्त यानी ईएमआई चुकानी होती है। इसकी अवधि एक साल से लेकर कई साल तक हो सकती है। लंबी अवधि चुनने से मासिक किस्त कम हो सकती है, लेकिन कुल ब्याज अधिक चुकाना पड़ सकता है। इसलिए केवल कम ईएमआई देखकर लंबी अवधि का विकल्प नहीं चुनना चाहिए।

किस स्थिति में कौन सा विकल्प बेहतर?

यदि आपके पास पात्र पीपीएफ खाता है, कम रकम की जरूरत है और आप तय अवधि में कर्ज चुका सकते हैं, तो पीपीएफ लोन कम लागत वाला विकल्प हो सकता है। लेकिन यदि बड़ी रकम चाहिए, पीपीएफ लोन की पात्रता नहीं है या नियमित मासिक किस्तों में भुगतान करना सुविधाजनक है, तो पर्सनल लोन पर विचार किया जा सकता है। कितनी रकम चाहिए, कर्ज कितने समय में चुकाया जा सकेगा और सभी शुल्क जोड़ने के बाद कुल भुगतान कितना होगा। कम ब्याज वाला विकल्प तभी बेहतर है, जब उसकी भुगतान शर्तें आपकी आर्थिक स्थिति के अनुकूल हों।

मिडकैप फंड मध्यम आकार की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। ऐसी कंपनियों के पास कारोबार बढ़ाने और नए बाजारों में विस्तार करने की संभावनाएं हो सकती हैं। यदि कंपनी की आय, मुनाफा और कारोबार तेजी से बढ़ता है, तो उसके शेयरों को भी फायदा मिल सकता है। यही वजह है कि अनुकूल बाजार में मिडकैप फंड बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

दस साल में मिडकैप ने दिया सबसे ज्यादा रिटर्न, जोखिम भी कम नहीं

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में निवेश करने वालों के सामने अक्सर यह सवाल रहता है कि म्यूचुअल फंड की किस श्रेणी में पैसा लगाने से बेहतर रिटर्न मिल सकता है। कोई ज्यादा कमाई की उम्मीद में मिडकैप फंड चुनता है तो कोई अपेक्षाकृत बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश के लिए लार्जकैप को प्राथमिकता देता है। वहीं, फ्लेक्सीकैप फंड में निवेश करने वालों को बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश का विकल्प मिलता है। आईसीआरए एनालिटिक्स की सितंबर 2026 की रिपोर्ट बताती है कि पिछले पांच और दस साल के औसत सालाना रिटर्न में मिडकैप फंड सबसे आगे रहे। हालांकि, अधिक रिटर्न का अर्थ यह नहीं है कि हर निवेशक के लिए यही सबसे अच्छा विकल्प है।

पांच और दस साल का रिटर्न कितना रहा?

आईसीआरए एनालिटिक्स के म्यूचुअल फंड आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2026 तक की अवधि में तीनों श्रेणियों का औसत सालाना रिटर्न इस प्रकार रहा।

फंड श्रेणी	1 साल	3 साल	5 साल	10 साल
लार्जकैप	3.78%	8.05%	7.20%	10.72%
मिडकैप	5.24%	14.22%	13.41%	14.80%
फ्लेक्सीकैप	0.91%	10.33%	9.38%	12.48%

मिडकैप का औसतन रिटर्न 5 साल में 13.41%

आंकड़ों के अनुसार, मिडकैप फंड ने पांच साल में औसतन 13.41 प्रतिशत और दस साल में 14.80 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया। फ्लेक्सीकैप का रिटर्न क्रमशः 9.38 और 12.48 प्रतिशत रहा। लार्जकैप फंड पांच साल में 7.20 प्रतिशत और दस साल में 10.72 प्रतिशत के औसत सालाना रिटर्न पर रहे। इस तरह लंबी अवधि के प्रदर्शन में मिडकैप ने दोनों श्रेणियों को पीछे छोड़ा।

मिडकैप में ज्यादा कमाई की संभावना क्यों?

मिडकैप फंड मध्यम आकार की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। ऐसी कंपनियों के पास कारोबार बढ़ाने और नए बाजारों में विस्तार करने की संभावनाएं हो सकती हैं। यदि कंपनी की आय, मुनाफा और कारोबार तेजी से बढ़ता है, तो उसके शेयरों को भी फायदा मिल सकता है। यही वजह है कि अनुकूल बाजार में मिडकैप फंड बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।



लार्जकैप में अपेक्षाकृत स्थापित कंपनियां

लार्जकैप फंड मुख्य रूप से बड़ी और स्थापित कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं। इन कंपनियों का कारोबार व्यापक और संचालन अपेक्षाकृत मजबूत हो सकता है। जो निवेशक छोटी कंपनियों के उतार-चढ़ाव से असहज होते हैं, वे इस श्रेणी पर विचार कर सकते हैं। हालांकि, लार्जकैप का अर्थ पूंजी की सुरक्षा नहीं है। शेयर बाजार में गिरावट आने पर बड़ी कंपनियों के शेयर भी टूट सकते हैं और फंड का मूल्य घट सकता है। पांच और दस साल के औसत रिटर्न में इस श्रेणी का प्रदर्शन मिडकैप तथा फ्लेक्सीकैप से पीछे रहा।

फ्लेक्सीकैप में निवेश की अधिक स्वतंत्रता

फ्लेक्सीकैप फंड के प्रबंधक नियामकीय नियमों के तहत बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश कर सकते हैं। इससे बाजार की परिस्थितियों और कंपनियों की संभावनाओं के अनुसार निवेश का अनुपात बदलने की सुविधा मिलती है। इस श्रेणी ने पांच और दस साल के औसत रिटर्न में लार्जकैप से बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन मिडकैप से पीछे रही। यह जरूरी नहीं कि हर फ्लेक्सीकैप फंड का जोखिम या रिटर्न समान हो। उसका प्रदर्शन इस बात पर भी निर्भर करता है कि प्रबंधक ने किन कंपनियों और क्षेत्रों में कितना निवेश किया है।

सितंबर की गिरावट ने जोखिम भी दिखाया

लंबी अवधि के बेहतर रिटर्न के बावजूद सितंबर 2026 में तीनों श्रेणियों का औसत प्रदर्शन नकारात्मक रहा। लार्जकैप फंड में औसतन 5.87 प्रतिशत, मिडकैप में 6.04 प्रतिशत और फ्लेक्सीकैप में 5.03 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे स्पष्ट है कि लंबी अवधि में अच्छा प्रदर्शन करने वाली श्रेणी भी किसी महीने में बड़ी गिरावट झेल सकती है। इसलिए निवेशक को यह नहीं मानना चाहिए कि मिडकैप ने दस साल में सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है तो वह आगे भी हर परिस्थिति में सबसे बेहतर रहेगा।

निवेशकों का भरोसा किस श्रेणी पर?

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के सितंबरके आंकड़ों के अनुसार, मिडकैप फंड में 7,835 करोड़ का शुद्ध निवेश आया। अगस्त में यह राशि 6,989 करोड़ थी। फ्लेक्सीकैप में शुद्ध निवेश 6,702 करोड़ रहा, जो अगस्त के 5,059 करोड़ रुपये से अधिक था। लार्जकैप फंड में सितंबर में 859 करोड़ का शुद्ध निवेश आया, जबकि अगस्त में 1,147 करोड़ की शुद्ध निकासी हुई थी। 30 सितंबर 2026 को फ्लेक्सीकैप फंड की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 5.88 लाख करोड़ रुपये, मिडकैप की 5.14 लाख करोड़ रुपये और लार्जकैप की 3.90 लाख करोड़ रुपये थीं।

**इजराइल के हाल ही में हुए संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। नेतन्याहू के नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन संसद में स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से आठ सीटों से पीछे रह गया है। चुनाव के आंकड़े साफ तौर पर बयान कर रहे हैं कि सन् 2022 चुनाव के मुकाबले में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की राजनीतिक लोकप्रियता में विकट गिरावट दर्ज की गई है। ऐसे में त्रिशंकु संसद के आसार बनते दिखाई दे रहे हैं। उधर, अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान हो रहे मिड-टर्म चुनाव उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीतियों, आक्रामक व्यापारिक रुख और वैश्विक कूटनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होने जा रहे हैं। यदि इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारा झटका लगता है तो इसके घरेलू राजनीति के साथ-साथ पूरी वैश्विक व्यवस्था पर दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। वहीं, यूरोप के कई देशों में हिंसा, आगजनी, विरोध-प्रदर्शनों और सामाजिक तनाव की घटनाएं सामने आई हैं। वहां शरणार्थी संकट स्पष्ट करता है कि केवल मानवीय आधार पर शरण देना पर्याप्त नहीं है; इसके साथ सामाजिक एकीकरण, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और दीर्घकालिक योजना पर भी गंभीरता से काम करना आवश्यक है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

इजराइल : सत्ता से बेदखल हो सकते हैं नेतन्याहू



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

इजराइल में संपन्न हुए संसदीय चुनाव के परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। चुनाव परिणाम के तत्पश्चात यक्ष प्रश्न उपस्थित हुआ है कि क्या बेंजामिन नेतन्याहू सत्ता से बेदखल हो सकते हैं? इजराइल के चुनाव पर यूं तो समस्त विश्व की निगाहें टिकी रही हैं, किंतु भारत में इस चुनाव को लेकर विशेष उत्सुकता और उत्कंठा व्याप्त रही है, क्योंकि इजराइल के साथ भारत की घनिष्ठ मित्रता कूटनीतिक ताल्लुकात से कहीं अधिक गहन होकर अत्यंत आत्मीय संबंधों के शिखर तक जा पहुंची है। इजराइल के इस संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। इजराइल बनाम ईरान जंग की जबरदस्त तपिश से सराबोर बड़े जोश खरोश के साथ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू चुनाव मैदान में उतरे थे।

इजराइल में संपन्न हुए संसदीय चुनाव के परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। चुनाव परिणाम के तत्पश्चात यक्ष प्रश्न उपस्थित हुआ है कि क्या बेंजामिन नेतन्याहू सत्ता से बेदखल हो सकते हैं? इजराइल के चुनाव पर यूं तो समस्त विश्व की निगाहें टिकी रही हैं, किंतु भारत में इस चुनाव को लेकर विशेष उत्सुकता और उत्कंठा व्याप्त रही है, क्योंकि इजराइल के साथ भारत की घनिष्ठ मित्रता कूटनीतिक ताल्लुकात से कहीं अधिक गहन होकर अत्यंत आत्मीय संबंधों के शिखर तक जा पहुंची है। इजराइल के इस संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। इजराइल बनाम ईरान जंग की जबरदस्त तपिश से सराबोर बड़े जोश खरोश के साथ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू चुनाव मैदान में उतरे थे। चुनाव परिणाम में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी तो केवल 27 सीटों पर सिमट कर रह गई है और उनके नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन भी इजराइली संसद में केवल 53 सीटें ही हासिल कर पाया। उल्लेखनीय है कि चार वर्ष पहले सन् 2022 के संसदीय चुनाव में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 32 सीटें हासिल हुई थी और नेतन्याहू के नेतृत्व में उनके राजनीतिक गठबंधन ने 64 संसदीय सीटों पर विजय हासिल हुई थी। 2022 के संसदीय चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री येअर लेपिड के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन को केवल 51 सीटों पर विजय हासिल हुई थी। वर्ष 2026 के संसदीय चुनाव में नेतन्याहू के नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन संसद में स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से आठ सीटों से पीछे रह गया है। संसदीय चुनाव के आंकड़े साफ तौर पर बयान कर रहे हैं कि सन् 2022 चुनाव के मुकाबले में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की राजनीतिक लोकप्रियता में विकट गिरावट दर्ज की गई है। जनरल आइजनकोट की कमान में विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को 48 संसदीय सीटों पर विजय हासिल हुई है। अत्यंत विस्मयकारी रूप से इजराइल की अरब पार्टियों को 19 सीटों पर जीत हासिल हुई है। वर्ष 2022 के संसदीय चुनाव में अरब पार्टियों को केवल 10 सीटें प्राप्त हुईं।



इजराइली लोकतंत्र के समक्ष गंभीर सुरक्षा चुनौतियां

मध्य पूर्व में मौजूद शाही सामंती सरकारों के मध्य स्थापित इजराइली लोकतंत्र के समक्ष गंभीर सुरक्षा चुनौतियां सदैव उपस्थिति रहती हैं। ऐतिहासिक तौर पर दृष्टि डाली जाए तो 1948 में अपने स्थापना काल से आज तक इजराइल में किसी भी एक राजनीतिक पार्टी की हुकूमत अस्तित्व में नहीं आ पाई। मैडम गोल्डा मायर जैसी अत्यंत लोकप्रिय लीडर को भी इजराइली संसद में केवल 56 सीटें हासिल हो पाई थीं। किसी भी राजनीतिक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत न मिल पाने के कारण वर्ष 2019 से वर्ष 2022 के मध्य इजराइल में पांच बार संसदीय चुनावों का आयोजन करना पड़ा था। इजराइल की तकरीबन एक करोड़ आबादी में छियत्तर लाख मतदाता हैं। वर्ष 2022 के संसदीय चुनाव के पश्चात इजराइल में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के राजनीतिक गठबंधन की सरकार का गठन किया जा सका, जिसने अपना चार वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। प्रबल प्रश्न है कि क्या विपक्षी गठबंधन नेतन्याहू को राजसत्ता से बेदखल करने के लिए अरब पार्टियों के साथ मिलकर हुकूमत निर्मित करने का जोखिम लेगा, जिनका वह विरोधी रहा है। प्रबल वामपंथी लीडर यायर गोलान ने कहा है कि राजसत्ता से नेतन्याहू को बेदखल करने के लिए अरब पार्टियों के साथ साझेदारी करने की पेशकश की है और कहा है कि यहूदियों और अरबों के मध्य धार्मिक और नस्लवादी मतभेदों को अब तो इजराइल में गहरा दफन कर देना चाहिए। वामपंथी लीडर यायर गोलान की पेशकश को यदि आइजनकोट का राजनीतिक गठबंधन स्वीकार कर लेता है तो फिर यकीनन नेतन्याहू इजराइल के अगले प्रधानमंत्री नहीं बन सकेंगे।

अरब पार्टियों को फंडिंग

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने संगीन इल्जाम आयद किया है कि इजराइल विरोधी शक्तियों द्वारा चुनाव में उनकी प्रबल विरोधी अरब पार्टियों को जबरदस्त फंडिंग की गई है और अरब पार्टियों द्वारा संसदीय चुनाव को चोरी कर लिया गया है। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने भी अपने बयान में इल्जाम लगाया कि मतदाताओं को बरगलाने और आकर्षित करने के लिए रिश्वतखोरी, हिंसा, धोखाधड़ी और प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया। हालांकि इस संगीन इल्जामात को सिद्ध करने के लिए कोई पुख्ता प्रमाण नेतन्याहू और लिकुड पार्टी द्वारा अभी तक पेश नहीं किए गए हैं। नेतन्याहू के इल्जामात पर इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने बाकायदा जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इजराइल की केंद्रीय चुनाव समिति के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने ने फरमाया है कि संसदीय चुनाव की निष्पक्षता के व्यवस्थित उल्लंघन के इल्जामात को साबित करने के लिए किसी किस्म के ठोस और पुख्ता सबूत उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। अतः केंद्रीय चुनाव समिति के महानिदेशक द्वारा इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया गया है। इजराइल के संसदीय चुनाव के अंतिम परिणाम प्राप्त हो जाने के तत्पश्चात हुकूमत निर्मित करने के सिर्फ तीन संभावित विकल्प दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

तीन संभावित विकल्प

प्रथम संभावित विकल्प है कि बेंजामिन नेतन्याहू और जनरल आइजनकोट के संयुक्त नेतृत्व में इजराइल में एक राष्ट्रीय सरकार का गठन किया जा सकता है। दूसरा विकल्प है कि नेतन्याहू के नेतृत्वकारी गठबंधन के साथ जनरल आइजनकोट के विपक्षी गठबंधन से पृथक होकर कुछ पार्टियां नेतन्याहू के नेतृत्व में राजनीतिक गठबंधन सरकार में शामिल हो सकती हैं। तीसरा संभावित विकल्प है कि जनरल आइजनकोट के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को अरब पार्टियों को समर्थन प्राप्त हो सकता है और जनरल आइजनकोट इसराइल के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इजराइल की कुल आबादी में तकरीबन बीस फ़ीसदी आबादी अरब नागरिकों की है। अरब आबादी में मुख्यतः मुसलमान और ईसाई हैं। आश्चर्यजनक तौर पर इस चुनाव में अरब पार्टियों को तकरीबन 15 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं। चुनाव अभियान के दौरान नेतन्याहू और आइजनकोट के नेतृत्वकारी राजनीतिक गठबंधनों द्वारा अरब पार्टियों से अपनी राजनीतिक दूरी बाकायदा बरकरार बनाए रखी। चुनाव के बाद आए परिणामों ने सरकार के गठन करने की विवशता ने अरब पार्टियों को हुकूमत का गठन करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बना दिया है।

नीतिगत प्रश्नों पर रहे हैं मतभेद

नेतन्याहू के नेतृत्व में गठित राजनीतिक गठबंधन और जनरल आइजनकोट की कयादत वाले राजनीतिक गठबंधन के मध्य अनेक नीतिगत प्रश्नों पर अत्यंत तल्ख और तनावपूर्ण मतभेद रहे हैं। अतः इस बात की संभावना अत्यंत क्षीण है कि दोनों राजनीतिक गठबंधन एकजुट होकर राष्ट्रीय सरकार का गठन कर सकेंगे। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा अंजाम दिए गए घातक आक्रमण में तकरीबन 1200 से अधिक इजराइली नागरिक हलाक कर दिए गए थे और 251 को बंधक बना लिया था। गजा युद्ध में बड़े पैमाने पर इजराइल के रिजर्व सैनिक हताहत हुए थे। कट्टरपंथी यहूदियों का एक संप्रदाय हरेरी है, जिसकी कुल आबादी तकरीबन 15 फ़ीसदी है। यहूदी संप्रदाय हरेरी के युवाओं को अनिवार्य सैन्य सेवा से सदैव छूट हासिल रही है। पूर्णतः छूट के प्रश्न पर दोनों राजनीतिक गठबंधनों में गंभीर मतभेद विद्यमान हैं। जनरल आइजनकोट हरेरी संप्रदाय को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट देने के विरुद्ध हैं। यहूदियों के धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष समाज के मध्य गहरी खाई सदैव विद्यमान रही है। इजराइल के राष्ट्रपति ने कहा कि संसदीय चुनाव में तकरीबन 78 प्रतिशत मतदान को दृष्टिगत रखते हुए कहा जा सकता है कि इजराइल के जनमानस में सजग और जीवंत लोकतंत्र के लिए कितनी गहरी इच्छा शक्ति विद्यमान है।

मिड-टर्म का महासंग्राम ट्रंप के भविष्य पर सवाल



चुनाव

डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

अमेरिकी राजनीति में मिड-टर्म यानी मध्यावधि चुनाव हमेशा से व्हाइट हाउस में बैठे राष्ट्रपति के कार्यकाल के लिए एक महत्वपूर्ण जनमत संग्रह माने जाते रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान हो रहे ये मिड-टर्म चुनाव केवल अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के नियंत्रण तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि यह उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीतियों, आक्रामक व्यापारिक रुख और वैश्विक कूटनीति के लिए भी एक निर्णायक मोड़ साबित होने जा रहे हैं। यदि इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारा झटका लगता है तो इसके घरेलू राजनीति के साथ-साथ पूरी वैश्विक व्यवस्था पर दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव मंगलवार, 3 नवंबर 2026 को आयोजित होने जा रहे हैं। अमेरिकी कानून के तहत मिड-टर्म चुनाव अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की सभी 435 सीटों, सीनेट यानी अमेरिकी उच्च सदन की 100 में से 35 सीटों, 36 राज्यों में गवर्नर पदों के लिए हो रहे हैं। कई प्रांतों में राज्य विधानमंडलों, मेयरों और स्थानीय अधिकारियों के चुनाव भी शामिल हैं। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव यह तय करेंगे कि डोनाल्ड ट्रंप अपने एजेंडे को खुलकर आगे बढ़ा पाएंगे या उन्हें अपने कार्यकाल के अंतिम दो वर्षों में कांग्रेस के कड़े विरोध और नियंत्रण का सामना करना पड़ेगा। मिड-टर्म चुनावों में हार या रिपब्लिकन पार्टी का कमजोर प्रदर्शन राष्ट्रपति ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। ऐसा होता है तो उनका विधायिका पर नियंत्रण कमजोर होना लाजिमी है। यदि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव या सीनेट में बहुमत हासिल कर लेती है तो ट्रंप प्रशासन के लिए अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना बेहद कठिन हो जाएगा।

> **अमेरिका में मध्यावधि चुनाव 3 नवंबर 2026 को आयोजित होने जा रहे हैं। मिड-टर्म चुनावों में हार या रिपब्लिकन पार्टी का कमजोर प्रदर्शन राष्ट्रपति ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। ऐसा होता है तो उनका विधायिका पर नियंत्रण कमजोर होना लाजिमी है।**

इमिग्रेशन, कर कटौती और संघीय बजट जैसे अहम मुद्दों पर संसद का कड़ा विरोध उनका रास्ता रोकेगा। ट्रंप अगर कमजोर होते हैं तो उन पर महाभियोग और जांच का खतरा बढ़ जाएगा। इतिहास गवाह है कि जब भी अमेरिकी राष्ट्रपति की पार्टी मिड-टर्म चुनावों में हारती है, विरोधी दल आक्रामक हो जाते हैं। यदि कांग्रेस पर विपक्ष का नियंत्रण होता है तो ट्रंप प्रशासन की नीतियों, कार्यकारी आदेशों और विदेश नीति के फैसलों के खिलाफ ताबड़तोड़ संसदीय जांच शुरू हो सकती है। वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में अमेरिका केंद्रीय धुरी है। यदि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को मिड-टर्म चुनावों में पराजय का सामना करना पड़ता है तो इसका असर व्यापार, युद्ध और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ना लाजिमी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक स्तर पर थोपे गए भारी-भरकम टैरिफ़ ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को हिलाकर रखा है। मिड-टर्म चुनावों में रिपब्लिकन्स की हार को अलोकप्रिय आर्थिक नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ जनता के गुस्से के रूप में देखा जाएगा। भले ही राष्ट्रपति ट्रंप के पास सीधे तौर पर ट्रेड टैरिफ़ लागू करने की कार्यकारी शक्तियां होती हैं, लेकिन संसद के दबाव और वैधानिक अवरोधों के कारण अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों की रफ्तार धीमी पड़ सकती है, जिससे वैश्विक बाजारों और मुक्त व्यापार समर्थकों को कुछ राहत मिल सकती है। वर्तमान में पश्चिम एशिया विशेषकर ईरान के साथ तनाव और सैन्य कार्रवाइयों के कारण वैश्विक तेल बाजार और अर्थव्यवस्था दबाव में हैं।

अमेरिकी जनता के एक बड़े वर्ग में इस बात की नाराजगी है कि इन विदेश नीतियों के कारण देश के भीतर जीवन स्तर महंगा हुआ है। जनता अगर रिपब्लिकन पार्टी को नकारती है तो अमेरिकी कांग्रेस युद्ध शक्तियों के प्रस्तावों के जरिए राष्ट्रपति के सैन्य हस्तक्षेप के अधिकारों पर लगाम कसने का प्रयास तेज कर देगी। इससे ईरान और अन्य संघर्ष क्षेत्रों में अमेरिका की सैन्य आक्रामकता सीमित हो सकती है जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा और तेल कीमतों को कुछ स्थिरता मिल सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका के रुख में नाटकीय बदलाव आए हैं और पारंपरिक यूरोपीय सहयोगियों के साथ दूरियां बढ़ी हैं। यदि डेमोक्रेट्स या ट्रंप विरोधी सांसद कांग्रेस में मजबूत होते हैं तो वे यूक्रेन के लिए अमेरिकी सैन्य और आर्थिक सहायता को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर सकते हैं। इससे यूरोपीय संघ (ईयू) और नाटो के भीतर यह संदेश जाएगा कि अमेरिकी लोकतंत्र में अभी भी पारंपरिक गठजोड़ और बहुपक्षवाद के समर्थक मजबूत हैं। हालांकि, वाशिंगटन के भीतर इस खींचतान से वैश्विक सुरक्षा नीति में अनिश्चितता और बढ़ सकती है। ट्रंप प्रशासन ने ग्लोबल वार्मिंग, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कई अंतरराष्ट्रीय मंचों से दूरी बनाने या अमेरिका को समेटने की नीति अपनाई है। अमेरिकी मिड-टर्म चुनाव 2026 केवल घरेलू राजनीति का विषय नहीं हैं बल्कि यह इस बात का पैमाना है कि क्या दुनिया का सबसे ताकतवर देश एकांगी और राष्ट्रवादी मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा या बहुपक्षीय संतुलन की ओर लौटेगा। यदि इन चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को बड़ा झटका लगता है तो यह उनकी अजेय छवि को खंडित करेगा और वैश्विक मंच पर अमेरिकी फैसलों का पूर्वानुमान दोबारा स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा राजनीतिक संदेश साबित होगा।

लूला की जीत से ब्रिक्स को मिलेगी निरंतरता



मंथन

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

ब्राजील में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की चुनावों में जीत ने भारत समेत सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारत में उनकी विजय को लेकर उत्साह अभूतपूर्व रहा है। लूला ने दक्षिणपंथी फ्लावियो बोल्सोनारो को शिकस्त दी। यह जीत सिर्फ ब्राजील की घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। इसके संदेश अमेरिका, भारत, चीन, रूस और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के लिए भी अहम हैं। खासकर ऐसे समय में जब दुनिया अमेरिकी दबदबे, चीन के बढ़ते प्रभाव और नए आर्थिक शक्ति केंद्रों के उभार के बीच बदलाव के दौर से गुजर रही है, लूला की वापसी को एक बड़े राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

सबसे पहले बात ब्रिक्स की। लूला की जीत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय संदेश ब्रिक्स को लेकर है। ब्राजील इस संगठन का भारत के साथ संस्थापक सदस्यों में शामिल है। भारत, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिलकर ब्राजील भी लंबे समय से इस बात की वकालत करता रहा है कि दुनिया की आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में विकासशील देशों की भूमिका बढ़नी चाहिए। लूला ब्रिक्स को सिर्फ आर्थिक सहयोग का मंच नहीं मानते, बल्कि इसे वैश्विक व्यवस्था में संतुलन बनाने का जरिया भी मानते हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अमेरिका और यूरोप का दबदबा कम होना चाहिए और भारत, ब्राजील तथा दूसरे विकासशील देशों को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। यही वजह है कि उनकी जीत से ब्रिक्स की मौजूदा दिशा को निरंतरता मिलने की उम्मीद है। चुनाव प्रचार के दौरान फ्लावियो बोल्सोनारो ने ब्रिक्स में ब्राजील की सदस्यता पर दोबारा विचार करने की बात कही थी। इसके उलट लूला ब्रिक्स के साथ सहयोग बढ़ाने के पक्षधर हैं। लूला भारत के मित्र हैं और भारत आते रहे हैं। जाहिर है कि लूला कि विजय से भारत खुश है। भारत और ब्राजील दोनों ही विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक मंचों पर मजबूती से उठाने की बात करते हैं। लूला की वापसी से भारत-ब्राजील संबंधों में निरंतरता बनी रहनी तय है।

भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, क्योंकि ब्रिक्स जैसे मंचों पर दोनों देशों के बीच सहयोग से विकासशील देशों की आवाज को और मजबूती मिल सकती है। इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुश तो नहीं होंगे लूला की सफलता से। फ्लावियो बोल्सोनारो की जीत से वाशिंगटन को ब्राजील में एक ऐसा नेतृत्व मिल सकता था, जिसकी राजनीतिक सोच ट्रंप प्रशासन से ज्यादा मेल खाती। लेकिन लूला की जीत ने इस संभावना पर फिलहाल विराम लगा दिया है। लूला अमेरिका के विरोधी नहीं हैं, लेकिन वह अमेरिकी दबाव में विदेश नीति चलाने के पक्षधर भी नहीं हैं। उनका जोर इस बात पर रहता है कि ब्राजील अपने राष्ट्रीय हितों के हिसाब से फैसले करे। वह अमेरिका के साथ व्यापार और निवेश बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए चीन या रूस से रिश्ते खराब करने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय में दोनों मुल्कों के रिश्तों में तनाव भी देखने को मिला है। जैयर बोल्सोनारो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और ब्राजील के घरेलू मामलों को लेकर ट्रंप प्रशासन की नाराजगी के बीच अमेरिका ने ब्राजील के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ भी लगाए थे। ऐसे में लूला की जीत के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और कूटनीतिक रिश्तों को लेकर खींचतान जारी रह सकती है। ब्राजील की अर्थव्यवस्था के लिए अमेरिकी बाजार और निवेश दोनों महत्वपूर्ण हैं। इसलिए लूला के सामने चुनौती यह होगी कि वह अमेरिका के साथ रिश्ते भी संभालें और अपनी स्वतंत्र विदेश नीति भी बनाए रखें। है। ब्राजील की प्राथमिकता अपने आर्थिक हितों को सुरक्षित रखना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका बढ़ाना है। कुल मिलाकर, लूला की चौथी जीत को अमेरिका के खिलाफ जीत या चीन के पक्ष में जनादेश मानना जल्दबाजी होगी।



ब्राजील में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की चुनावों में जीत ने भारत समेत सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह जीत सिर्फ ब्राजील की घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। इसके संदेश अमेरिका, भारत, चीन, रूस और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के लिए भी अहम हैं।

इसका असली संदेश यह है कि ब्राजील अपनी विदेश नीति में किसी एक महाशक्ति पर निर्भर नहीं रहना चाहता। वह अमेरिका से रिश्ते भी रखेगा, चीन के साथ व्यापार भी बढ़ाएगा और ब्रिक्स में अपनी भूमिका भी मजबूत करेगा। दुनिया की बदलती व्यवस्था में ब्राजील की यही स्वतंत्र भूमिका आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित कर सकती है।

प्रवासन नीति को जवाबदेह बनाना जरूरी



यूरोप

चरणजीत 'चरण'
स्वतंत्र पत्रकार

हाल के वर्षों में यूरोप के कई देशों में हिंसा, आगजनी, विरोध-प्रदर्शनों और सामाजिक तनाव की घटनाएं सामने आई हैं। कुछ घटनाओं में प्रवासियों और शरणार्थियों की संलिप्तता भी रही है। द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यूरोप ने स्वयं को मानवाधिकारों, उदारवाद और वैश्विक एकजुटता के प्रमुख समर्थक के रूप में प्रस्तुत किया। राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध, जातीय संघर्ष और आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पश्चिम एशिया, अफ्रीका और एशिया के लाखों विस्थापित लोगों के लिए यूरोपीय देश सुरक्षित आश्रयस्थल बनकर उभरे। वर्ष 2015 में सीरिया के संकट के दौरान जर्मनी की तत्कालीन चांसलर एंजेला मर्केल की उदार शरणार्थी नीति ने इस मानवीय दृष्टिकोण को नई ऊंचाई प्रदान की। किंतु पिछले कुछ वर्षों में यूरोप के विभिन्न देशों में बढ़ती हिंसा और सामाजिक तनाव ने वहां की सरकारों को अपनी प्रवासन नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए विवश किया है। कोई भी शरणार्थी अपने साथ अपनी भाषा, संस्कृति, विचारों और धार्मिक मान्यताओं को लेकर आता है।

विस्थापन की स्थिति में उसकी प्राथमिकता जीवन और आजीविका की सुरक्षा होती है, लेकिन समय के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने की इच्छा भी स्वाभाविक रूप से उभरती है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब प्रवासियों और स्थानीय समाज के बीच सांस्कृतिक दूरी बढ़ती जाती है और आपसी सामंजस्य स्थापित नहीं हो पाता। आज यूरोप के अनेक देश इसी चुनौती का सामना कर रहे हैं। यूरोपीय देशों ने मानवीय आधार पर लोगों को आश्रय तो दिया, लेकिन उन्हें मुख्यधारा में सम्मिलित करने के लिए आवश्यक दीर्घकालिक रणनीतियों को हर जगह प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका। भाषा की बाधा, रोजगार के सीमित अवसर, कौशल का अभाव और सांस्कृतिक अंतर ने अनेक प्रवासियों के सामाजिक एकीकरण को कठिन बनाया। परिणामस्वरूप, कुछ क्षेत्रों में सामाजिक अलगाव, बेरोजगारी और अपराध जैसी समस्याएं बढ़ीं। इन परिस्थितियों के कारण फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, बेल्जियम, ब्रिटेन और इटली जैसे देशों में सुरक्षा, रोजगार, सार्वजनिक संसाधनों और सांस्कृतिक पहचान को लेकर नागरिकों की चिंताएं बढ़ी हैं। यूरोपीय देश इस समय दो प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक ओर शरणार्थियों और प्रवासियों के सामाजिक एकीकरण तथा अवसरों की समानता को लेकर बहस तेज हुई है, तो दूसरी ओर यूरोपीय युवाओं और आम नागरिकों के बीच राष्ट्रवाद तथा सांस्कृतिक पहचान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। परिणामस्वरूप, विभिन्न विचारधाराओं के बीच टकराव बढ़ने लगा। किसी भी देश की शरणार्थी और प्रवासन नीति उसके राष्ट्रीय हितों, संवैधानिक व्यवस्था तथा अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप निर्धारित होती है। यूरोप में अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि मानवीय आधार पर शरण देने के साथ-साथ कौशल-आधारित वैध प्रवासन को भी व्यवस्थित और प्रोत्साहित किया जाए। यूरोप के अनेक देश बढ़ती आयु वाली आबादी और विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों की आवश्यकता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसलिए प्रवासन को पूरी तरह समाप्त करना व्यावहारिक समाधान नहीं है। यूरोप का शरणार्थी संकट स्पष्ट करता है कि केवल मानवीय आधार पर शरण देना पर्याप्त नहीं है; इसके साथ सामाजिक एकीकरण, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और दीर्घकालिक योजना पर भी गंभीरता से काम करना आवश्यक है। दूसरी ओर, प्रवासन को पूरी तरह समाप्त करना भी व्यावहारिक विकल्प नहीं है, क्योंकि यूरोप के अनेक देशों को श्रमिकों और पेशेवर लोगों की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में उदारता को समाप्त करने के बजाय प्रवासन नीति को अधिक व्यवस्थित, चयनात्मक और जवाबदेह बनाना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए मानवीय करुणा तथा मानवाधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। यूरोप का भविष्य इसी संतुलन पर निर्भर करेगा कि वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा, आर्थिक आवश्यकताओं और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के साथ शरणार्थियों के एकीकरण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है।



मानवीय करुणा तथा मानवाधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। यूरोप का भविष्य इसी संतुलन पर निर्भर करेगा कि वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा, आर्थिक आवश्यकताओं और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के साथ शरणार्थियों के एकीकरण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है।


वाल्मीकि समाज ने मनाई वाल्मीकि जयंती।

जय गुरुदेव, जय महर्षि वाल्मीकि के गूंजे जयकारे

शोभायात्रा, महाआरती के साथ हुआ महाप्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आदिकाव्य रामायण के रचयिता, जगत गुरु महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में प्रेमपुरा घाट, वाल्मीकि धाम और शाहजहांनाबाद रामघाट पर भक्ति, श्रद्धा और दिव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिला। मप्र सकल वाल्मीकि पंचायत अध्यक्ष विजय शंकर श्रवण ने बताया कि विधि-विधान से गुरु वंदना व पूजा-अर्चना कर महर्षि के चरणों में नमन किया गया। वाल्मीकि गुरु वंदना के साथ निकली अलौकिक चल समारोह व शोभायात्रा ने संपूर्ण क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया।

मंजीरों के थाप की गूंज

ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच संपन्न इस आयोजन के पश्चात आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा में उज्जैन अवंतिका नगरी से सम्मिलित हुए बड़े मंजीरे समूह ने मंजीरों की थाप और नाद से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया था। वहीं श्यामपुर दोराहा से शोभायात्रा में सम्मिलित हुए अखाड़े ने अपने अचरज भरे रोमांचकारी कर्तव्यों से लोगों का ध्यान खींचा। आयोजन में गंगाराम घोसरे, प्रदीप वाल्मीकि, जीवन लाल घोसरे, शेखर श्रवण, उमेश झा, श्याम लाल मैना सहित समाज के नागरिक शामिल हुए।




एक दिवसीय धर्म-चर्चा प्रवचन का आयोजन

सत्य सनातन, धर्म ही सनातन और धर्म ही है ईश्वरः सुशील

भोपाल। श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम में शनिवार को एक दिवसीय धर्म-चर्चा प्रवचन का आयोजन श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम के पीठाचार्य पंडित सुशील महाराज के सानिध्य में किया गया। पं सुशील महाराज ने बताया कि इस दुनिया में एकमात्र ईश्वर द्वारा प्रकृति के सिद्धांत पर बनाया गया धर्म 'सत्य सनातन धर्म' है और यह सत्य सनातन धर्म ही है, जो श्रृष्टि के आदिकाल से लेकर अंतकाल तक अजर-अमर रहता है। बाकी सभी धर्मों का निर्माण मानव जाति के द्वारा कर्म और प्रवृत्ति के आधार पर किया गया है। पं सुशील महाराज ने कहा कि जिस प्रकार शरीर में मन नाशवान होता है।

वर्चुअल सर्जिकल प्लानिंग भी सिखाई गई

एम्स डॉक्टरों ने सीखे रोबोटिक सर्जरी और सिमुलेशन के गुर


एम्स में वर्चुअल प्लानिंग सिखाई गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल में दो दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम एवं कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें चिकित्सकों ने रोबोटिक सर्जरी सिमुलेशन का व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया। सुश्रुत स्किल्स लैब में रोबोटिक उपकरणों को चलाने और ऑपरेशन के दौरान जरूरी तालमेल का अभ्यास कराया गया।

लैप्रोस्कोपिक एंडोट्रेनर कार्यशाला भी आयोजित

कार्यशाला में जबड़े के पुनर्निर्माण और डेंटल इम्प्लांट की वर्चुअल सर्जिकल प्लानिंग भी सिखाई गई। रोबोटिक्स मेंटर सिमुलेटर पर कैमरा नियंत्रण, रोबोटिक उपकरणों के संचालन, सुई संभालने और फुट पेडल के साथ तालमेल का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में स्त्री रोग, कोलोरेक्टल (बड़ी आंत और मलाशय), यूरोलॉजी, थोरेसिक (छाती) और सामान्य सर्जरी से जुड़े रोबोटिक प्रशिक्षण मॉड्यूल शामिल थे। इसके साथ लैप्रोस्कोपिक एंडोट्रेनर कार्यशाला भी हुई, जिसमें कैमरा नेविगेशन, उपकरणों के संचालन, हाथ और आंख के तालमेल, टांके लगाने तथा गांठ बांधने का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सिमुलेशन के जरिए इन कौशलों का अभ्यास किया। कार्यशाला में रोबोटिक सर्जरी सिमुलेशन के साथ फिबुला फ्री फ्लैप से जबड़े के पुनर्निर्माण और डेंटल इम्प्लांट पुनर्वास की वर्चुअल सर्जिकल प्लानिंग भी शामिल थी।

ट्रेनों में 100 से 150 तक वेटिंग, मजबूरी में बसों का रुख कर रहे यात्री

दीपावली पर ही बसों ने बढ़ाया किराया यात्रियों को देने पड़ रहे 4 गुना तक दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली और छठ पूजा पर घर जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों की जेब पर अभी से महंगाई की मार पड़ने लगी है। त्योहार में अभी एक सप्ताह का समय बाकी है, लेकिन बस ट्रैवल्स संचालकों ने प्रमुख रूटों पर किराया बढ़ाना शुरू कर दिया है। भोपाल से पुणे, प्रयागराज, मुंबई, रीवा और अन्य शहरों के लिए चलने वाली बसों का किराया सामान्य दिनों के मुकाबले दो से चार गुना तक पहुंच गया है। हालात यह हैं कि पुणे जाने के लिए यात्रियों को सामान्य दिनों के 1700 के बजाय 5500 तक चुकाने पड़ रहे हैं। वहीं प्रयागराज का किराया 1200 से बढ़कर 4000 तक पहुंच गया है। दरअसल, दीपावली और छठ पूजा के चलते ट्रेनों में अभी से लंबी वेटिंग चल रही है। भोपाल से गुजरने वाली कई ट्रेनों में 100 से 150 तक वेटिंग होने के कारण सीट मिलना मुश्किल हो रहा है।

पुणे का किराया 1700 से बढ़कर 5500 रुपए तक पहुंचा


बसों की फाइल फोटो।

किस बस स्टैंड से मिलती हैं किस रूट की बसें

- नादरा बस स्टैंडः गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, देवास, सीहोर और रतलाम।
- आईएसबीटीः सागर, बीना, विदिशा सहित लगभग सभी प्रमुख रूट।
- हलालपुर बस स्टैंडः इंदौर, उज्जैन, होशंगाबाद, इटारसी, बैतूल और मुलताई।

पुणे का किराया 1700 से बढ़कर 5500 रु. हुआ

किराए में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भोपाल-पुणे और भोपाल-प्रयागराज रूट पर देखने को मिल रही है। सामान्य दिनों में पुणे का किराया करीब 1700 रुपए रहता है, जो अब बढ़कर 5500 से 5900 रुपए तक पहुंच गया है। इसी तरह प्रयागराज का किराया 1200 रुपए से बढ़कर 4000 रुपए तक हो गया है। रीवा जाने के लिए भी यात्रियों को सामान्य किराए से करीब तीन गुना अधिक भुगतान करना पड़ रहा है।

अतिरिक्त बसें चलाने का दे रहे हवाला

ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि घर जाने वाले यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। ऐसे में यात्रियों को सीट उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त बसें चलानी पड़ती हैं। उनका तर्क है कि त्योहार से पहले जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रहती है, जबकि वापसी के दौरान बसों में सीटें खाली रह जाती हैं। अतिरिक्त बसों के संचालन और दोनों ओर यात्रियों की उपलब्धता में अंतर के कारण किराया बढ़ाना पड़ता है।

तय किराए से अधिक वसूली पर करें शिकायत

शासन स्तर पर अगस्त में बसों का किराया 2 रुपए प्रति किलोमीटर तय किया गया था। यदि कोई बस संचालक निर्धारित किराए से अधिक वसूली करता है,तो यात्री आरटीओ कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित बस का परमिट और फिटनेस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

जितेंद्र शर्मा, आरटीओ भोपाल

पांच दिन तक दिखेगा हुनर और अनुशासन

400 स्काउट्स-गाइड्स भोपाल में जुटेंगे

भोपाल। युवाओं में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित करने के लिए पश्चिम मध्य रेल की 9वीं राज्य स्तरीय स्काउट्स एवं गाइड्स रैली 1 नवंबर से भोपाल में शुरू होगी। पांच दिन तक चलने वाली इस रैली में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों सहित मुख्यालय से करीब 400 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स शामिल होंगे। आयोजन रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड, हबीबगंज रेलवे कॉलोनी में 5 नवंबर तक चलेगा। रैली में भोपाल, जबलपुर और कोटा मंडल के प्रतिभागी विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, टीम भावना और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही उनमें अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदार नागरिक बनने के गुण विकसित करने पर जोर रहेगा।

पोदार वर्ल्ड स्कूल के वार्षिक उत्सव तत्वांजलि में दिखी संस्कृति, कला और प्रतिभा की झलक

गणेश वंदना से सजा मंच, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन


पोदार वर्ल्ड स्कूल के वार्षिक उत्सव तत्वांजलि में दिखी संस्कृति की झलक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गणेश पूजन, गणेश वंदना और मां सरस्वती के पूजन के साथ पोदार वर्ल्ड स्कूल का वार्षिक उत्सव तत्वांजलि शुरू हुआ। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीबीएसई भोपाल के क्षेत्रीय अधिकारी थोंगलेट माटे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. मोनिका शुक्ला, आईसीआर भोपाल के निदेशक डॉ. मेहता और फैशन डिजाइनर मुमताज खान मौजूद रहे।

सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का रेलवे स्टेडियम में हुआ समापन

एकता की दौड़ में दौड़े रेल अधिकारी और कर्मचारी, डीआरएम ने भी लिया हिस्सा



दौड़ के बाद संबोधित करते डीआरएम।


रन फॉर यूनिटी के बाद डीआरएम का संबोधन सुनते रेल अधिकारी-कर्मचारी।

प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ दौड़ के कार्यक्रम में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस पर शनिवार को भोपाल रेल मंडल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पंकज त्यागी सहित बड़ी संख्या में रेल अधिकारियों, कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेंद्र बघेल और अभिराम खरे सहित रेलवे के खिलाड़ी, स्काउट-गाइड के सदस्य और बच्चे भी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करने के साथ लोगों में एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करना था। इस दौरान प्रतिभागियों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन रेलवे स्टेडियम, हबीबगंज में हुआ।

4 दिसंबर को भोपाल में मनाया जाएगा गो सम्मान दिवस

भोपाल। सम्पूर्ण भारत में गौमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान अब अपने तीसरे चरण में प्रवेश कर चुका है। अभियान के तहत देश में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और वेद लक्षणा गौमाता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को 31 करोड़ हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे। गो कृपा कथा में पूज्य स्वामी राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों के संतजन पधारेंगे। यह जानकारी शनिवार को राजधानी स्थित गायत्री शक्ति पीठ परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में अभियान से जुड़े प्रमुख संत नंदबाबा परमपूज्य स्वामी प्रकाश नारायण गिरि ने दी।

11 लाख गो भक्त जुटेंगे

विद्यार्थियों को रामसिंह अहिरवार स्मृति पुरस्कार से किया सम्मानित


मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नारियलखेड़ा वार्ड-12 में अनंत दशहरा उत्सव समिति द्वारा समाजसेवी स्व. रामसिंह अहिरवार की स्मृति में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। पार्षद देवेंद्र भार्गव की पहल पर आयोजित इस सम्मान समारोह में सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश दिया गया। मप्र अहिरवार समाज संघ के संस्थापक एवं पूर्व प्रांताध्यक्ष स्व. रामसिंह अहिरवार की स्मृति में शुरू की गई पुरस्कार योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। अजाक्स के प्रांतीय संयुक्त सचिव इंजीनियर विनोद सिंह बट्टी ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने पार्षद देवेंद्र भार्गव की पहल की सराहना की। इस अवसर पर राजीव अग्निहोत्री, रितेश मैना, विलास नागदोन, लखन गंगवार, सुरेश अहिरवार, प्रहलाद जाटव, स्व. रामसिंह अहिरवार के वंशज मनहर परिवार के सदस्य और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस

युवाओं ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की शपथ ली


बाबूलाल गौर कॉलेज में अपने पोस्टर प्रदर्शित करते स्टूडेंट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा और अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत, विषय पर पोस्टर एवं भारत के राजनीतिक एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर एक लघु फिल्म एवं एकता के लिए दौड़ तथा राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ संजय जैन ने कहा कि आज हम सभी यहां भारत के लोह पुरुष, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें यह संदेश देता है कि दृढ़ इच्छा शक्ति, साहस, समर्पण और दूरदर्शिता के बल पर असंभव प्रतीत होने वाले कार्य भी संभव किए जा सकते हैं।

वार्ड 12

पुराने भोपाल के नारियलखेड़ा वार्ड में रहवासियों ने बताईं समस्याएं पार्षद ने कहा, बारिश में नाला-नाली की दिक्कतों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नारियल खेड़ा, वार्ड कार्यालय पुराना भोपाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां बड़ी में संख्या में क्षेत्रीय रहवासी शामिल हुए और उन्होंने वार्ड से जुड़ी समस्याओं को साझा किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद देवेंद्र भार्गव ने लोगों समस्याओं को सुना और विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए समाधान और आगामी कार्य योजना की जानकारी दी।

इस दौरान पार्षद देवेंद्र भार्गव ने कहा कि हमारे वार्ड में रोड, पानी के साथ बारिश में नाला, नाली की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करवाया गया है। वार्ड के विकास के लिए एक करोड़ से ज्यादा खर्च किया जा चुका है। इसमें से 80 फीसदी विकास कार्यों में खर्च किए गए हैं, जबकि बची हुई राशि से विकास की योजनाएं तैयार हैं। मंजूरी मिलते ही काम जल्द शुरू हो जाएंगे।



आज आईएनएच न्यूज चैनल होगा कार्यक्रम का प्रसारण

पार्षद देवेंद्र भार्गव ने कहा कि वार्ड में रोड, पानी के साथ बारिश में नाला, नाली की समस्याओं का निराकरण हुआ।

वार्ड के विकास के लिए एक करोड़ रुपए से ज्यादा किए जा चुके हैं खर्च

समाधान और आगामी कार्य योजना की जानकारी दी

85 वार्डों में सबसे साफ-सुथरा

रहवासी- आदित्य भार्गव ने कहा कि जब से देवेंद्र भार्गव जी पार्षद की कमान संभाली है तब से 85 वार्डों में सबसे साफ-सुथरा है साथ ही गलियों मुहल्लों में किसी तरह की कोई परेशानी नही है चाहे पानी हो या बिजली सभी व्यवस्थाएं हमारे वार्ड में उपलब्ध है।





थोड़ी बहुत समस्या...

रहवासी, अरुण चौहान ने कहा कि जितने भी वादे किए गए है अगर उतनी सुविधाएं मिल रही होती तो हम इतने परेशान नही होते, पर अभी भी वार्ड में बहुत समस्याएं हैं, जिसका जिक्र करने से लोग बच रहे हैं पर सच्चाई कुछ और है। अभी बहुत सारी कमियां हैं।

इन्होंने बताया

पार्षद ने गिनाईं वार्ड की उपलब्धियां



वार्ड -12 पार्षद- देवेंद्र भार्गव ने कहा कि हमने पिछले सालों में सबसे ज्यादा अपने पूरे वार्ड का विकास किया है गलियों,सड़को और साफ सफाई पर ध्यान दिया है। भार्गव ने कहा कि हमारे वार्ड में किसी तरह की कोई कमी नहीं है अगर कोई कमी है तो लोगों के माध्यम से जानकारी लेकर तुरंत सुधार प्रक्रिया शुरु की जाएगी। साथ ही विकास हमारी सड़क पर रखे कलस से ही होती है।

अभी भी खुदी गलियों की समस्याएं बरकरार



पूर्व सचिव कांग्रेस, नसीम कुरैशी ने कहा कि सभी काम अच्छे किए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी साफ पानी और खुदी गलियों की समस्याएं बनी हुई है और स्कूल व्यवस्था उतनी अच्छी नही है साथ ही अतिक्रमण की होने से सड़को पर निकलना भी मुश्किल हो जाता है, इसकी व्यवस्था कब की जाएगी, सब ठीक है तो लोग परेशान क्यों है।

सबसे बेहतर वार्ड हमारा...



समाज सेवी, श्रीकांत विश्वकर्मा ने कहा कि पहले समस्यांए बहुत थी पर जब से हमारे पार्षद भार्गव जी ने कमान संभाली है तब से किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है वार्ड-12 का कोई भी रहवासी नहीं कह सकता है कि उसको गली, लाईट और सीवेज की कोई परेशानी है। सभी काम व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है।

खबर संक्षेप



जरूरतमंदों की दीपावली खुशहाल बनाने का संदेश

संतनगर। नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें उपप्राचार्य स्वाति बिल्लौरे ने छात्राओं को जरूरतमंदों की मदद कर खुशहाल दिवाली मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार की सार्थकता दूसरों के जीवन में खुशी बांटने में है। छात्राओं से मिठाई, वस्त्र और खाद्य सामग्री दान करने की अपील की। साथ ही पटाखों से बचने, घर की मिठाई और मिट्टी के दीये उपयोग करने को कहा। कक्षा पहली से बारहवीं तक की छात्राओं और शिक्षकों ने सेवा व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

दीपावली पर मानवता की मिसालः जरूरतमंदों को बांटे पुराने कपड़े



औबेदुल्लागंज। दीपावली पर खुशियां बांटने के लिए नगर में सराहनीय पहल की गई। जीपी बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास निःशुल्क पुराने कपड़ों का वितरण शिविर लगाया गया। शिविर में जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार कपड़े दिए गए। आयोजन का उद्देश्य था कि त्योहार की खुशी समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और कमजोर परिवार भी सम्मान के साथ दीपावली मना सकें। आयोजकों ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में उजाला लाने का पर्व है। इस सेवा कार्य में सहयोग के लिए नगरवासियों का आभार जताया।

स्वयंसेविकाओं ने विशेष बच्चों संग मनाई दिवाली



संतनगर। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने दीपावली एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयाम इन्क्लूसिव स्कूल, रातीबड़ का भ्रमण किया। इस दौरान रासेयो स्वयंसेविकाओं ने विशेष बच्चों के साथ दिवाली की खुशियां साझा की और उपहार बांटे। कार्यक्रम में कॉलेज और स्कूल दोनों जगह राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता, अखंडता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारियों की मौजूदगी में छात्राओं ने समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लिया।

13 से शुरू होगा महापर्व छठ, मछली तालाब घाट पर तैयारियां तेज



औबेदुल्लागंज। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां नगर में जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। नगर परिषद कार्यालय के पीछे मछली तालाब घाट पर निर्माण और सफाई कार्य जारी है। भोजपुरी समाज के प्रमुख अशोक जायसवाल और गणेश जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष छठ पर्व 13 नवंबर से शुरू होगा। 14 को खरना, 15 को संध्या अर्घ्य और 16 नवंबर को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ व्रत का पारण होगा। समाज के लोगों ने घाट को आकर्षक रूप से सजाने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम शुरू कर दिए हैं।

बीएमएचआरसी में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईसीएमआर-भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया। शनिवार को समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला थे।

ऋषि कुमार शुक्ला ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई की शुरुआत स्वयं की सत्यनिष्ठा और आचरण से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल तकनीक से भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हो सकता। इसके लिए निवारक सतर्कता, पारदर्शी कार्यप्रणाली और जवाबदेह नेतृत्व जरूरी है। सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया में स्वतंत्र निगरानी और नियमित समीक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान की विश्वसनीयता बेहतर सेवाओं, कर्मचारियों के ईमानदार व्यवहार और शिकायतों के निष्पक्ष निराकरण से बनती है। नैतिकता को केवल सिखाना नहीं, बल्कि अपने व्यवहार में अपनाना आवश्यक है।

केवल तकनीक से समाप्त नहीं होगा भ्रष्टाचार, इसके लिए जवाबदेह नेतृत्व जरूरीः पूर्व सीबीआई निदेशक ऋषिकांत

हेल्थ कैंप और रक्तदान शिविर का भी हुआ आयोजन



विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन

संस्थान की सतर्कता अधिकारी एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की समन्वयक डॉ. रोमा रस्तोगी ने बताया कि जागरुकता सप्ताह के दौरान पारदर्शिता की शपथ, जागरुकता रैली, स्वच्छता मित्रों के लिए हेल्थ कैंप, राहुल अग्रवाल की सीसीएस रूल्स पर विशेषज्ञ वार्ता, रक्तदान शिविर तथा भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसके साथ ही इस समारोह में मुख्य अतिथि सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला ने भाषण और पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

सतर्कता संबंधी लंबित मामलों की संख्या हुई बहुत कम

बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि चिकित्सा संस्थान में सत्यनिष्ठा का अर्थ मरीजों को सही उपचार देना, उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार रखना और चिकित्सा नैतिकता एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना भी है। उन्होंने बीएमएचआरसी के वर्तमान एवं पूर्व सतर्कता अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान में सतर्कता संबंधी लंबित मामलों की संख्या बहुत कम होना सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने शिकायतों के त्वरित निराकरण और मरीजों से सीधे संवाद को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटरीकरण एवं वेब आधारित सॉफ्टवेयर से संस्थान में पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ेगी।

कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

मंदिर जा रही बुजुर्ग महिला के गले से डेढ़ लाख रुपए की चेन झपटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर रोड सिरोजिया अग्रवाल धर्मशाला के पास बाइक सवार बदमाशों ने 62 साल की बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। घटना शनिवार सुबह सात से साढ़े सात बजे के बीच की है। घटना के समय वह मंदिर जा रही थी, तभी सामने से बाइक पर आए दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। झपटकी गई चेन की कीमत डेढ़ लाख बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात झपटमारों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर जाच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ओमवती गुप्ता पति स्व. द्वारिकाधीश गुप्ता (62) जामुन वाली गली, पुराना पोस्ट ऑफिस, इतवारा में रहती हैं। शनिवार सुबह वह घर से पीरगेट माता मंदिर पूजन के लिए जा रही थीं। वह जैन मंदिर रोड सिरोजिया अग्रवाल धर्मशाला के पास पहुंची ही थी कि बाइक पर आए बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उनके गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन खींच ली। वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही आरोपी तेजी से बाइक चलाते हुए जैन मंदिर की तरफ भाग निकले। चेन की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है।

क्राइम ब्रांच ने दंपती सहित तीन को पकड़ा, आरोपियों ने डर दिखाकर नगदी, सोना सहित रुपए ऐंठे

कारोबारी की पत्नी से तंत्र-मंत्र, गृह शांति कराने के नाम पर एक करोड़ रु. की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बागसेवनिया स्थित साकेत नगर में रहने वाले कारोबारी की पत्नी से तंत्र-मंत्र और गृह शांति के नाम पर एक करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दंपती सहित तीन आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गृह शांति के नाम से 12 लाख 54 हजार रुपए की नगदी और 7 लाख 16 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए थे। इसके अलावा 625 ग्राम सोने के जेवर और 500 ग्राम चांदी भी ले ली थी। प्रकरण में एक आरोपी की तलाश जारी है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार 14 अक्टूबर को 9बी साकेत नगर निवासी पुरूषोत्तम शर्मा ने शिकायती आवेदन दिया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि आशा यादव और हरीश कुमार पति-पत्नी है और तंत्र-मंत्र करते हैं। उन्होंने पत्नी राजेश्वरी शर्मा से 12 लाख 54 हजार रुपए की नगदी और फोन-पे के माध्यम से 7 लाख 16 हजार रुपए ट्रांसफर कराए हैं। इसके अलावा 625 ग्राम सोने के जेवर और 500 ग्रांम चांदी के जेवर धोखाधड़ी पूर्वक ले लिए। क्राइम ब्रांच ने पुरूषोत्तम शर्मा, उनकी पत्नी राजेश्वरी शर्मा सहित बेटों के बयान दर्ज किए। इस दौरान पता चला कि आशा यादव और उसके भाई मुकेश यादव ने राजेश्वरी शर्मा के साथ षड़यंत्र कर तंत्र-मंत्र लोभ लालच और डर दिखाकर लगभग 1 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है।

झांसा देकर कारोबारी की पत्नी से 12 लाख नकद, सात लाख ऑनलाइन और 625 ग्राम सोना-चांदी हड़पा

आरोपियों ने रकम दोगुनी करने का झांसा देकर की वारदात, एक की तलाश जारी



आरोपी आशा यादव।



आरोपी हरीश कुमार।



आरोपी मुकेश यादव।

- **जेपी, राम पंजवानी ज्वैलर्स से लाखों का सोना उधार लिया**
- **17 लाख का गोल्ड लेकर दिया चेक, 5 महीने बाद भी नहीं किया भुगतान**
- **बेटे के अलग रहने से परेशान थी महिला**

ऐसे पता चला कि हुई है ठगी

मूलतः भिंड निवासी पुरुषोत्तम शर्मा कारोबारी हैं और वर्ष 2005 भोपाल में रह रहे हैं। 29 सितंबर की शाम उनके पास जेपी ज्वैलर्स से कॉल आया। उन्होंने बताया कि पत्नी राजेश्वरी शर्मा (55) और उनकी सहेली आशा यादव (51) शुभालय ईशान, अवधपुरी ज्वैलरी शॉप आए थे। राजेश्वरी शर्मा ने आशा यादव से परिचय कराया और कहां की हमें कुछ सोना खरीदना है। मैंने राजेश्वरी शर्मा के कहने पर आशा यादव को दुकान से करीबन 5 महीने पहले 17 लाख का गोल्ड दे दिया था। बदले में 5 लाख रुपए की नगदी दी गई। बाकि के पैसों के बदले में चेक दिया गया था और कहा कि पैसे देकर अपने चेक वापस ले लेंगे, लेकिन अभी तक आशा यादव ने पैमेंट नहीं किया।

पुलिस ने बरामद किया 11 ग्राम सोना

तंत्र-मंत्र और गृह शांति सहित पैसा डबल करने का झांसा देकर आरोपियों ने राजेश्वरी शर्मा से ठगी की थी। पुलिस ने उक्त मामले में आशा यादव और उसके पति हरीश कुमार को गिरफ्तार कर 11 ग्राम सोना बरामद किया है। आशा के पति हरीश कुमार और परिचित श्यान पिता नासिर अजीम के द्वारा सोना चांदी के बदले लोन लिया गया था। हरीश पिता पूरण चढ़ार और श्यान पिता नासिर अजीम को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जिन जिन बैंकों में जेवर रखा गया है जेवर को फ्रीज करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण में फरार आरोपी मुकेश की तलाश जारी है।

पत्नी से पूछताछ में उड़ गए होश

पुरुषोत्तम शर्मा ने पत्नी से पूछताछ की। पत्नी ने बताया कि उनकी सहेली आशा यादव को उन्होंने राम पंजवानी की ज्वैलरी शॉप से सोना दिलवाया था। आशा यादव के बारे में पूछा तो बताया कि आशा यादव से उनकी पहचान मोहल्ले में रहने वाली एक महिला ने करवाई थी। उसने कहा था कि आशा यादव का भाई तंत्र-मंत्र और गृहशांति करवाता है। उस समय बेटा विवेक परिवार से अलग रह रहा था। राजेश्वरी को लगा कि घर में शांति हो जाएगी और परिवार साथ रहेगा। इसी कारण उन्होंने आशा यादव पर विश्वास कर लिया। आशा यादव ने गृहशांति करवाने के लिए पूजा-पाठ करवाने का झांसा देकर 25 मई 2025 को मुझसे पहले 20 हजार रुपए अपने खाते में लिए और धीरे-धीरे तंत्र-मंत्र का झांसा देकर अपने खाते में 7 लाख 16 हजार रुपए ले लिए। घर में रखी नगदी पैसों में से वह अलग-अलग समय में करीब 12 लाख 54 हजार रुपए दे चुकी है। रुपयों के अलावा वह 625 ग्राम सोने के जेवर व लगभग 500 ग्रांम चांदी के जेवर भी आरोपियों को दी चुकी थी।

पुष्पवर्षा, तिलक लगाकर मातृशक्ति ने किया स्वागत

औबेदुल्लागंज में गूंजे राष्ट्रभक्ति के स्वर, निकला संघ का पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते हुए शामिल हुए। संचलन में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और संगठन की एकजुटता का संदेश दिखा। संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मुख्य चौराहे पर मातृशक्ति ने तिलक लगाकर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ प्रचारक अमिताभ श्रीवास्तव ने उद्बोधन दिया। नगर के सबसे पुराने स्वयंसेवक अशोक मित्तल और रामकिशोर शर्मा भी शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मां भारती की सेवा में समर्पित स्वयंसेवकों का भाव अभिनंदनीय है।

अनिल को अध्यक्ष बनाने की मांग

औबेदुल्लागंज। हिरनिया-अर्जुन नगर के सैकड़ों लोगों ने अनिल प्रजापति को हिंदू उत्सव समिति का अध्यक्ष बनाने की मांग की। बताया गया कि वे पिछले 5 साल से अध्यक्ष पद के लिए सक्रिय हैं और हिंदू समाज के कार्यों में समर्पित हैं। समर्थकों ने उनके नाम पर सहमति जताई।

बिना एडिट वीडियो चलाने पर फंसे यूट्यूबर्स

दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले यूट्यूबर पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कमला नगर पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता का नाम और पता उजागर करने के मामले में चार यूट्यूब चैनल संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने पहले एक आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी मामले में तीन-चार यूट्यूब चैनलों के संचालकों ने आरोपी पक्ष से संपर्क कर आरोपी और उसकी मां की बाइट रिकॉर्ड की। आरोप है कि बाइट के दौरान आरोपी और उसकी मां ने पीड़िता का नाम, पता उजागर करते हुए उस पर गंभीर आरोप लगाए। चैनल संचालकों ने इस बाइट को बिना एडिट किए, जस का तस यूट्यूब पर अपलोड कर दिया। वीडियो के प्रसारित होने की जानकारी पीड़िता को लगी तो उसने संबंधित वीडियो के लिंक के साथ कमला नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद रेखा भारती, यशपाल, आशा राजपूत सहित एक अन्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ब्लॉक कांग्रेस ने याद किया दोनों नेताओं का योगदान

इंदिरा गांधी ने समय-समय पर पूरे विश्व को भारत की ताकत का अहसास करायाः अशोक मारण



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के शहादत दिवस और पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में विश्व को भारत की ताकत का अहसास कराया। उन्होंने तीन बार पाकिस्तान को पराजित कर उसके सैनिकों को बंदी बनाया।वरिष्ठ नेता माधु चांदवानी ने कहा कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में बांधा। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता महेश गुरबानी ने किया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान घनश्याम लालवानी, परषोतम हरचंदानी, जगदीश सांवले, लीलाधर पंवार, विष्णु मारण, नरेन्द्र केवलानी, सुरेश सिंगरोली, गगन भार्गव, राजकुमार धानुक, ओमी सतानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

साइबर सुरक्षा पोस्टर स्पर्धा में अभिनव, विनय पुरस्कृत

विद्यार्थियों ने सीखी संदिग्ध लिंक से बचने, सुरक्षित रखने की जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के 33 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत रीजनल साइंस सेंटर, भोपाल में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। 'क्लिक करने से पहले सोचें, साइबर स्मार्ट बनें' विषय पर हुई प्रतियोगिता में कक्षा 6-8 वर्ग में अभिनव सिंह और 9-12 वर्ग में विनय विश्वकर्मा ने स्थान बनाकर 250 रुपये नकद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। सचिव घनश्याम बूलचंदानी, प्राचार्या रेखा केवलानी और उपप्राचार्या दिव्या कृपलानी ने बधाई दी। विद्यार्थियों को कला शिक्षिका हुमा खान का मार्गदर्शन मिला।

मनावर के जंगलों में ऑपरेशन प्रहार, चार आरोपी गिरफ्तार

धार में ड्रोन से पकड़ी गई 25 करोड़ की गांजे की खेती, 67 क्विंटल जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धार जिले में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मनावर थाना क्षेत्र के जंगलों, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों और खेतों में छिपाकर की जा रही गांजे की अवैध खेती का पुलिस ने ड्रोन सर्विलांस से खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पिछले 48 घंटे से चले अभियान में अब तक



करीब 67 क्विंटल (6,700 किलोग्राम) गांजे की अवैध खेती का पता लगाया गया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 25 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी विजय डावर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार को हाईटेक बनाया गया है। आधुनिक ड्रोन तकनीक की मदद से संदिग्ध स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है। ड्रोन से मिले इनपुट के आधार पर टीमें मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रही हैं। एएसपी ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों की खेती, उत्पादन, बिक्री और परिवहन के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिले में नशे के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए ड्रोन के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है।

डीएसपी बोले- कलेक्टर की मंजूरी मिलते ही होगी कार्रवाई


औबेदुल्लागंज में फर्जी रजिस्ट्री कांड ने पकड़ा तूल मामला पीएमओ तक पहुंचा, भाजपा का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में दो माह पहले सामने आए सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मामला प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है। पुलिस उपाधीक्षक सलिल शर्मा ने बताया कि फर्जी रजिस्ट्री कांड की फाइल एसपी कार्यालय से कलेक्टर के पास पहुंची है। कलेक्टर की मंजूरी मिलते ही सख्त कार्रवाई होगी। इस मामले के सामने आने के बाद से नगर की राजनीति में भूचाल आ गया है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता वचन लोधी और धर्मेंद्र चौरसिया ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है, जो लगातार जारी है।



धरना स्थल पर नगर के लोग समर्थन दे रहे हैं। वहीं पीएमओ में शिकायत के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें हजारों लोग हस्ताक्षर कर रहे हैं।





71वें स्थापना दिवस समारोह में सजेगी 'राजा भोज का भोपाल' प्रदर्शनी


सांस्कृतिक गौरव यात्राओं में 400 से अधिक लोक एवं जनजातीय कलाकारों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भीमबेटका की प्रागैतिहासिक गुफाओं से लेकर ऐतिहासिक स्मारकों और स्वाधीनता संग्राम की गौरवगाथा तक, भोपाल और आसपास का अंचल अपने भीतर हजारों वर्षों का इतिहास समेटे हुए है। इस समृद्ध विरासत को जब चित्रकारों ने अपने रंगों और कल्पनाशीलता से कैनवास पर उतारा, तो इतिहास के अनदेखे पन्ने जीवंत हो उठे। करीब दो बाय तीन फीट आकार के वाटर कलर माध्यम में तैयार किए गए लगभग 160 जलरंग चित्रों के माध्यम से भोपाल परिक्षेत्र की इसी ऐतिहासिक, पुरातात्विक और सांस्कृतिक विकास यात्रा को प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया जाएगा मप्र के 71वें स्थापना दिवस समारोह में। लाल परेड ग्राउंड में आज से शुरू हुए इस समारोह में प्रदर्शित इन चित्रों की थीम 'राजा भोज का भोपाल' शीर्षक है।

ऐतिहासिक विरासत का चित्रांकन और दस्तावेजीकरण है उद्देश्य

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अधीन महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के राजा भोज शोध प्रभाग की ओर से तैयार इस प्रदर्शनी का उद्देश्य भोपाल और आसपास के क्षेत्रों की ऐतिहासिक विरासत का चित्रांकन और दस्तावेजीकरण करना है।





पुरातात्विक अवशेषों, सांस्कृतिक परंपराओं का संयोजन दर्शाते चित्र

कार्यशाला में वरिष्ठ चित्रकार विनय सप्रे, विवेक टेंबे, दिनेश दुबे, केके मालवीय, प्रभु ढोक, शुभम राज, विजय गहरवार और मंजू ने भाग लिया। कार्यशाला का संयोजन नितिन भांड ने किया। चित्रकारों ने इन ऐतिहासिक स्थलों की स्थापत्य कला, पुरातात्विक अवशेषों, सांस्कृतिक परंपराओं और ऐतिहासिक महत्व को अपनी कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

आज लाल परेड ग्राउंड में होगा शुभारंभ





लोकनृत्यों की थाप, जनजातीय संस्कृति की झलक, सुरों की मिठास और इतिहास की गौरवगाथा... मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को शहर के विभिन्न मार्गों पर निकली सांस्कृतिक गौरव यात्राओं में 400 से अधिक लोक एवं जनजातीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। वहीं रविवार से लाल परेड ग्राउंड में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय समारोह की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम 6:30 बजे समारोह का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन संध्या में गायिका मोनाली ठाकुर अपनी सुगम संगीत प्रस्तुति देंगी।

रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप की नृत्य-नाटिका 'जीवन धारा' का मंचन

छाऊ के साथ आधुनिक नृत्य शैलियों के सुंदर संयोजन से सजी नृत्य-नाटिका 'जीवन धारा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जहां कभी खेतों में बिखरे दाने और पेड़ों की डालियों पर बसेरा मिलता था, वहां अब प्रदूषण, शोर और जहरीले रसायनों ने जीवन मुश्किल कर दिया है। गांव से शहर की ओर उम्मीद लेकर आए पक्षियों को जब यहां भी सांस लेने की जगह नहीं मिली, तो उन्होंने फिर अपने प्राकृतिक परिवेश की ओर लौटने का फैसला किया।

उनके इसी दर्द और प्रकृति के साथ मनुष्य के बिगड़ते रिश्ते को शनिवार शाम रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप की ओर से प्रस्तुत नृत्य-नाटिका जीवन धारा में बेहद संवेदनशीलता के साथ मंच पर उकेरा गया। पद्मश्री सम्मानित शशधर आचार्य की नृत्य परिकल्पना प्रस्तुति ने पर्यावरण प्रदूषण, भूमंडलीय तापमान वृद्धि और पारिस्थितिकीय असंतुलन जैसे गंभीर विषयों को उकेरा।



पक्षियों का दिखा संघर्ष

कलाकारों ने पक्षियों की देहगतियों, समूह संरचनाओं और आकर्षक नृत्य विन्यास के जरिए उनके मनोविज्ञान और संघर्ष को जीवंत किया।



चलो-चलो रे, उड़ चलो रे.... का संदेश देते पक्षी

नृत्य-नाटिका में पक्षियों के माध्यम से ग्रामीण, शहरी और वन्य जीवन के बीच के अंतर को दशार्या गया। गांवों में कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण से परेशान पक्षी शहरों की ओर रुख करते हैं, ऐसे में पक्षी चलो-चलो रे, उड़ चलो रे.... का संदेश देते हुए अपने प्राकृतिक परिवेश की ओर लौट जाते हैं। प्रस्तुति की खासियत इसका छाऊ और आधुनिक नृत्य शैलियों का सुंदर समन्वय रहा।

मां के संघर्ष ने बचपन में ही जगा दिया था कुछ कर गुजरने का जुनून...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में स्पेशल गेस्ट के रुप में आए अभिनेता गोविंदा से हरिभूमि की खास बातचीत

यह किस्सा शायद मैं पहली बार साझा कर रहा हूं। जब मैं बहुत छोटा था, तभी मेरे मन में जिद थी कि मां के सारे दुख दूर कर दूं। मेरी चार बहनें थीं और मैं अकेला बेटा। मां को अकेले इतनी मेहनत करते देखकर मुझे बहुत दुख होता था। मन में हमेशा सवाल उठता था कि मेरी मां को इतनी तकलीफ क्यों उठानी पड़ रही है? 13-14 साल की उम्र में मेरी नई-नई मूंछें आईं तो मुझे लगने लगा कि मैं जवान हो गया हूं।

मैं बड़े-बड़े फिल्म हाउस के कार्यालयों में ऑडिशन देने पहुंच जाता था। वहां लोग कहते कि अभी तुम बहुत छोटे हो, पूरी तरह जवान भी नहीं हुए हो, फिर यह संघर्ष क्यों कर रहे हो? मैं उनसे कहता कि मैं जवान हो चुका हूं और मुझे हीरो बनना है। जब यह बात माता-पिता को पता चली तो उन्होंने मुझे खूब डांटा। इसके बाद मैं उनके पैरों में दंडवत लेट गया और मां से माफी मांगते हुए कहा कि मम्मी, अब मैं कभी ऐसी गलती नहीं करूंगा। यह कहना है जाने माने अभिनेता गोविंदा का जो शनिवार को इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में स्पेशल गेस्ट के रूप में आए और हरिभूमि से खास बातचीत में अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए।



मां की तकलीफ दूर करने की चाह में पहुंच गया पुलिस चौकी

एक बार खुद को बड़ा समझने के चक्कर में मुझसे एक गलती हो गई। दो हवलदार मेरा कान पकड़कर मुझे पुलिस चौकी ले गए। वहां मैंने उनसे कहा कि मुझसे गलती हो गई है, लेकिन मेरी मां मेरी जिम्मेदारी कैसे निभाएंगी? मेरी बात सुनकर हवलदार ने पूछा कि क्या तुम अपनी मां के दुख दूर करने के लिए यह सब कर रहे हो? मैंने कहा, हां। मुझे सजा से डर नहीं लगता। मेरी बात सुनकर हवलदार भावुक हो गए। उन्होंने पेन फेंकते हुए कहा कि मैं इस बच्चे की शिकायत दर्ज नहीं करूंगा। वहां मौजूद संजय इंस्पेक्टर साहब ने मुझसे कहा कि तुम जीवन में बहुत आगे जाओगे।

बीमारी के दिनों में मां ने भक्ति से जोड़ा

बचपन में मैं बहुत बीमार रहता था। मां ने मुझे साइकिल चलाने और ट्रेन में लटकने जैसी शरारतों की भी अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने मुझे भक्ति से जोड़ा और 24 लाख गायत्री मंत्रों का जाप करने के लिए कहा। उनका विश्वास था कि इससे सब ठीक हो जाएगा। उसी साल से मेरी तबीयत में सुधार होने लगा और मैं बिल्कुल स्वस्थ दिखने लगा। तब मैं मां से कहता था कि देखो, अब मैं बिल्कुल हीरो जैसा दिखने लगा हूं।



वैश्विक मंच पर भारतीय सीए की बढ़ती संभावनाएं, खुलेगा नए अवसरों का रास्ता

17वें ग्लोबल ऑर्बिट कार्यक्रम में गिफ्ट सिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए अवसरों का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। अब उनकी भूमिका केवल लेखांकन और ऑडिट तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं, वैश्विक कारोबार और तकनीकी नवाचारों तक विस्तार कर रही है। इन्हीं संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चा के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भोपाल शाखा की ओर से होटल हयात प्लेस में 17वें ग्लोबल ऑर्बिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें करीब 120 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया।

कार्यक्रम में आईसीएआई की ग्लोबल ट्रेड एंड सर्विसेज कमेटी के चेयरमैन सीए संजीब सांघी और प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन सीए अभय छाजेड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। भोपाल शाखा अध्यक्ष सीए आदित्य पी. श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय सीए की विशेषज्ञता की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग बढ़ रही है।

अंतरराष्ट्रीय प्रैक्टिस और नए क्लाइंट बनाने की रणनीति पर हुआ मंथन

गिफ्ट सिटी से ग्लोबल क्लाइंट तक की राह

कार्यक्रम में चार तकनीकी सत्रों में वैश्विक अवसरों के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा हुई। नबील अहमद साद ने आईएफएससी और गिफ्ट सिटी में उभरते अवसरों तथा सीए की भूमिका पर जानकारी दी। सीए संजीब सांघी ने स्वतंत्र प्रैक्टिस की शुरुआत, पहला क्लाइंट हासिल करने और नेटवर्किंग के गुर साझा किए। सीए अभय छाजेड़ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर और व्यावसायिक संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया, जबकि सीए अंकित चुघ ने वैश्विक ग्राहकों तक पहुंच बनाने और कार्यक्षमता बढ़ाने के तरीके बताए। वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने विशेषज्ञता के साथ तकनीकी दक्षता, संवाद कौशल और मजबूत प्रोफेशनल नेटवर्क भी जरूरी हैं। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव सीए अभिषेक जैन ने किया। आयोजन में सीए प्रदीप मुत्रेजा, सीए नंदन नरूला, सीए पीयूष छातर और सीए सुचिता गोयल का विशेष सहयोग रहा।

दुष्यंत कुमार संग्रहालय में सजी शारदीय काव्य संध्या

मोहब्बत की नई खिड़की अचानक खुल गई यारो...

भोपाल। दुष्यंत कुमार संग्रहालय में शारदीय काव्य संध्या का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कवि लक्ष्मीकांत जवने की पंक्तियों गुलाबी सी ठंडक हवा में घुल गई यारों, मोहब्बत की नई खिड़की अचानक खुल गई यारों... ने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं।

जीवन के अनुभव झलके

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कवि एवं रंगकर्मी हेमंत देवलेकर और अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार मोहन सगोरिया ने की। काव्य संध्या में किसी ने प्रेम और संवेदनाओं को शब्द दिए तो किसी की कविताओं में स्त्री विमर्श, स्वाभिमान और जीवन के अनुभव झलके। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम मैथिल अमृत ने किया।

कैमरों की नई तकनीक और रचनात्मकता का संगम बना भोपाल फोटो फेयर

25 से अधिक कंपनियों ने दिखाए आधुनिक उपकरण, छायाकारों विद्यार्थियों और फिल्ममेकर्स ने साझा किए अपने अनुभव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानस भवन में दो दिवसीय भोपाल फोटो फेयर 2026 के पहले दिन छायाकारों, फिल्ममेकर्स और कंटेंट क्रिएटर्स का जमावड़ा लगा। 25 से अधिक कंपनियों ने नवीनतम कैमरे, लेंस, प्रकाश, ध्वनि उपकरण और फिल्म निर्माण से जुड़ी तकनीकों का प्रदर्शन किया। शुभारंभ शहर के वरिष्ठ छायाकार जगदीश कौशल (94) और कमलेश जैमिनी (78) ने किया। आयोजन में निकॉन, कैनन, सोनी, फुजीफिल्म, पैनासोनिक और डीजेआई ने अपने उपकरण प्रदर्शित किए। वहीं, निकॉन और ल्यूमिक्स की कार्यशालाओं में प्रतिभागियों को नई तकनीकों और फिल्म निर्माण की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

पहले एक रोल में केवल 12 या 36 तस्वीरें ही ली जा सकती थीं: जैमिनी

इस दौरान वरिष्ठ छायाकार कमलेश जैमिनी ने पुराने दौर की फिल्म फोटोग्राफी के अनुभव साझा करते हुए बताया कि पहले एक रोल में केवल 12 या 36 तस्वीरें लेने की सुविधा होती थी, जबकि आज डिजिटल तकनीक ने फोटोग्राफी को अधिक सहज और सुविधाजनक बना दिया है। आयोजक धीरज पाहुजा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल उपकरणों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि छायाकारों और युवाओं को नई तकनीक से परिचित कराना तथा रचनात्मकता के लिए प्रेरित करना है।

पटेल प्रवाह समिति की साहित्यिक गोष्ठी

सरदार पटेल के विचारों का अनुकरण आज की जरूरत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पटेल प्रवाह समिति के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर साहित्यिक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला मंदिर के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा 'गौरीश' ने की। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने के लिए सरदार पटेल के विचारों और कार्यों का अनुसरण करना आज समय की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि बाल साहित्य केंद्र के निदेशक महेश सक्सेना ने सरदार पटेल के योगदान को पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में सुभाष स्कूल के बच्चों एवं हैप्पी कृष्णा स्कूल के बच्चों को उनके शिक्षा एवं विभिन्न गतिविधियों में योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया।

कविता, कला और रंगमंच का संगम बना 'शब्द उत्सव 2026' का पहला दिन

नृत्य-नाटिका, अनुवाद विमर्श नाटक 'जिस लाहौर नइ देख्या, ओ जम्याइ नइ' ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन के दो दिवसीय वार्षिक आयोजन 'शब्द उत्सव 2026' का शुभारंभ शनिवार को मयाराम सुरजन भवन में हुआ। उद्घाटन सत्र की पहली प्रस्तुति नीति नृत्य समूह द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की किशोरावस्था में रचित 'भानुसिंहेर पदावली' पर आधारित नृत्य-नाटिका थी। मधुरिमा बिस्वास के निर्देशन एवं नेतृत्व में प्रस्तुत इस नृत्य-नाटिका ने दर्शकों को राधा-कृष्ण के प्रेम, विरह और मिलन की काव्यात्मक यात्रा से परिचित कराया। जयदेव और विद्यापति की काव्य परंपरा से प्रेरित युवा रवीन्द्रनाथ ने 'भानुसिंह' नाम से ब्रजबुलि भाषा में इन पदों की रचना की थी।





'पसेपोलिस' पर केंद्रित अनुवाद विमर्श

इसके बाद ईरानी लेखिका मरजाने सत्रापी की चर्चित आत्मकथात्मक ग्राफिक कृति 'पसेपोलिस' पर केंद्रित अनुवाद विमर्श आयोजित हुआ। इस सत्र में साहित्य के अनुवाद के साथ-साथ संस्कृति, समाज, पहचान और राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियों के बीच व्यक्ति के अनुभवों को समझने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

नाटक लिखकर पाठकों के हाथ में सौंप दिया

शाम का प्रमुख आकर्षण असगर वजाहत लिखित चर्चित नाटक 'जिस लाहौर नइ देख्या, ओ जम्याइ नइ' का मंचन रहा। नाटक ने विभाजन, विस्थापन, सांप्रदायिक सौहार्द और मानवीय संवेदनाओं जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से सामने रखा। असगर वजाहत ने कहा कि जब मैंने यह नाटक लिखा तो उसे पाठकों और दर्शकों के हाथों में सौंप दिया। अब जब भी इसका किसी नई भाषा में अनुवाद होता है, उसमें कुछ नया जुड़ जाता है।

ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय एवं राजयोग फाउंडेशन का आयोजन

गीता का कर्मयोग प्रशासन में पारदर्शिता-संवेदनशीलता का सशक्त माध्यम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एवं राजयोग फाउंडेशन की ओर से उत्कृष्ट प्रशासन के लिए कर्मयोग पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि कर्मयोग से न केवल प्रशासन बल्कि मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने में उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आज समाज में मानवीय मूल्यों का निरंतर ह्रास हो रहा है इसका प्रभाव प्रशासक वर्ग पर भी है।

डॉ. सिंह ने उदाहरण के जरिए इसका उल्लेख करते हुए बताया कि मूल्यों के क्षरण के कारण पारिवारिक विवाद और माता पिता की ओर से अपने बच्चों की वृद्धावस्था में भरण पोषण संबंधी शिकायत के अनेक मामले आयोग में आ रहे हैं। वहीं जिलों में प्रवास के दौरान प्रशानिक अधिकारियों के असंवेदनशील



व्यवहार से नागरिकों को अपना जीवन समाप्त करने के प्रकरण देखने में आए। इस लिए मानसरोवर आध्यात्मिक परिसर में प्रशासकों के लिए यह आयोजन मूल्यों के संवर्धन के लिए सामयिक है। कार्यक्रम का संचालन बीके डॉ. रीना बहिन ने किया।

भारत सरकार द्वारा कर्मयोगी मिशन प्रारंभ किया गया

लोक सेवकों की क्षमता वृद्धि एवं जन केंद्रित बनने के लिए भारत सरकार द्वारा कर्मयोगी मिशन प्रारंभ किया गया। लेकिन गीता के कर्मयोग सिद्धांत द्वारा ही वर्तमान प्रशासन में नैतिकता और संवेदनशीलता लाई जा सकती है, जिसकी आज महती आवश्यकता है। डॉ सिंह ने कहा कि प्रशासकों को अधिकार ईगो के लिए नहीं बल्कि नागरिकों की सेवा के लिए प्रदान किए गए हैं, इसे वे आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं राजयोग मैडिटेशन करते हैं। इसके पूर्व राजयोगी बहिनों की ओर से डॉ. सिंह का आत्मीय अभिनंदन किया गया। सम्मेलन में ईश्वरीय विवि के महासचिव राजयोगी बीके करुणा भाई, नेपाल के राजदूत जेपी आचार्य, प्रशासनिक विंग की उपाध्यक्ष बीके पूनम दीदी, जम्मू से जीएसटी कमिश्नर महेश भारद्वाज, राष्ट्रीय प्रशासन प्रवर्ग के समन्वयक राजयोगी हरीश भाई एवं बड़ी संख्या में देश के विभिन्न क्षेत्रों से एवं नेपाल से आए अधिकारी, प्रबंधक व अधिकारी उपस्थित थे।

निर्माणाधीन बिल्डिंग से चढ़कर तीसरी मंजिल पर पहुंचा चोर काजू व्यापारी के यहां चोरी

भोपाल। हनुमानगंज पुलिस ने काजू व्यापारी की दुकान से बिना ताला तोड़े काउंटर से 3 लाख 78 हजार रुपए की नगदी चुराने वाले चोर को सिरोंज जिला विदिशा से गिरफ्तार किया है। आरोपी हम्माल ने सीढ़ियों के पास गेट से थोड़ी सी जगह से घुसकर नगदी चुराई थी और वहीं से निकलकर फरार हो गया।

■ बंद गेट के ऊपर से घुसा था हम्माल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिना ताला टूटे चोरी होने की बात पुलिस के गले नहीं उतर रही थी, लेकिन पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उससे चोरी के 3 लाख 78 हजार रुपए बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 25 अक्टूबर को रोहतास चौहान पिता साहाब सिंह चौहान (42) निवासी पुष्पानगर, ऐशबाग ने शिकायत करते हुए बताया था कि हनुमानगंज में मां नर्मदा ट्रेड्स नाम से दुकान का संचालन करता है। उसकी बिल्डिंग में तीसरी मंजिल पर दो कमरे की दुकान है। दुकान का ताला तोड़े बिना ही कोई अंदर घुसा और 3 लाख 78 हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन हालात चोरी जैसे नहीं लग रहे थे। इधर फरियादी लगातार चोरी होने की बात कह रहा था। लिहाजा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की। सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए, लेकिन फुटेज में कुछ हाथ नहीं लगा। पुलिस ने बगल में बन रही निर्माणाधीन बिल्डिंग के मजदूरों से पूछताछ की और बिल्डिंग में आने जाने वालों की जानकारी जुटाई। इस दौरान पता चला कि वहां अधिकतर हम्माल ही जाते हैं।

हम्माल की लिस्ट निकाली तो पकड़ाया आरोपी

पुलिस की टीम ने हम्मालों की लिस्ट निकाली और उनके मोबाइल नंबर पर कॉल किए। इस दौरान एक हम्माल का नंबर लगातार बंद आ रहा था। सुबह से रात तक नंबर बंद होने और उसका भोपाल में नहीं होने से पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने उसके सिरोंज स्थित निवास पर टीम पहुंचाई। इस दौरान पता चला कि वह घर पर नहीं है। पुलिस का संदेह उस पर बढ़ गया। पुलिस ने उसके घर के आसपास घेराबंदी की। आरोपी सुबह सुबह घर पहुंचा था। पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग निकला।

भोपाल से ही पकड़ाया आरोपी

पुलिस का संदेह हम्माल पर गहरा गया और पुलिस ने भोपाल में उसके ठिकाने पता कर उसे भोपाल से दबोच लिया। आरोपी की पहचान मोहम्मद उमर पिता चुन्नी (40) टोरी मोहल्ला सिरोंज, जिला विदिशा के रूप में की गई। आरोपी से 3 लाख 78 हजार रुपए की नगदी बरामद कर ली गई है।

मनजीत कलेक्शन का 'फेस्टिव कलेक्शन 2026' इस दिवाली रोशनी भी आप पर और नज़रें भी आप पर...



भोपाल। प्रतिष्ठित अपैरल शोरूम मनजीत कलेक्शन पिछले लगभग तीन दशक से भोपाल और नजदीकी शहरों को फैशन की नई परिभाषा देते आए हैं। इस दीपावली वह लेकर आए हैं 'मनजीत फेस्टिव कलेक्शन 2026'। त्यौहारों के इस मौसम में हर घर चमक-दमक और धूम-धाम से सजता, है, और हर शाम खास दिखने की चाह भी उतनी ही बढ़ जाती है। इसी सोच के साथ शोरूम में धनतेरस से भाईदूज तक के हर दिन के लिए नई फेस्टिव रेंज पेश की गई है। इसमें बड़ो से लेकर बच्चों तक, पूरे परिवार के लिए एथनिक, इंडो-वेस्टर्न और वेस्टर्न परिधान शामिल हैं। मनजीत कलेक्शन का मानना है कि त्यौहार पर जब घर रोशनी से जगमगाता है, तो पहनावा भी ऐसा हो कि सबकी नज़रें आप पर ही ठहर जाएं। महिलाओं के लिए शोरूम में डिजाइनर साड़ियां, पार्टी वियर सलवार-सूट, ट्रेंडी कुर्तियां और वेस्टर्न आउटफिट्स की शानदार रेंज मौजूद है। दिवाली के बाद शादियों के सीज़न को ध्यान में रखते हुए ब्राइडल लहंगों और दूल्हे की शेरवानी का खास कलेक्शन भी तैयार किया गया है। 10 नं. मार्केट स्थित मनजीत कलेक्शन का भव्य शोरूम इस फेस्टिव सीज़न में पूरे परिवार को एक ही छत के नीचे नया, स्टाइलिश और आकर्षक कलेक्शन देने के लिए तैयार है। यह आपकी दिवाली को सबसे जगमगाती और सबसे खुशियों वाली बनाएगा।

विभागीय प्रदर्शनी में ड्रोन दीदी, कौशल विकास के नवाचारों का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बैतूल में आयोजित तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस वितरण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं अंतर्गत संचालित गतिविधियों, हितग्राहियों को मिल रहे लाभ, स्थानीय स्तर पर तैयार किए जा रहे उत्पादों तथा नवाचारों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों पर अधिकारियों एवं हितग्राहियों से संवाद किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण योजना के तहत कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी और लैपटॉप वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बैतूल जिले में कुल 1731 विद्यार्थियों को लैपटॉप तथा 230 विद्यार्थियों को स्कूटी का लाभ मिला। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से 10 लैपटॉप और 30 स्कूटी वितरित की गईं।



आईओटी आधारित नल-जल मॉनिटरिंग और शिक्षा संजीवनी अभियान की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्टॉल पर आईओटी के माध्यम से नल-जल योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली का अवलोकन कर सराहना की। उन्होंने पशुपालन विभाग की डेयरी प्लस योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना एवं आचार्य विद्यासागर योजना पर केंद्रित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मत्स्य विभाग के स्टॉल पर उन्होंने केज कल्चर एवं मत्स्य उत्पादन की जानकारी ली। शिक्षा संजीवनी अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता से शालाओं में किए जा रहे अधोसंरचना विकास तथा डेस्क-बेंच, एलईडी सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता की भी उन्होंने सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टॉल पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं की ओर से तैयार ब्रास मेटल हस्तशिल्प एवं मिलेट्स उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि कार्यों में महिलाओं द्वारा ड्रोन के उपयोग की जानकारी ली। वन विभाग, सामाजिक न्याय, उद्यानिकी, स्वास्थ्य, पर्यटन और किसान कल्याण तथा कृषि विकास की प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की।

विद्यार्थियों के सोलर प्रोजेक्ट और जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी ली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के स्टॉल पर विद्यार्थियों की ओर से तैयार सोलर एनर्जी चार्जिंग स्टेशन एवं सोलर स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रोजेक्ट की कार्य प्रणाली की जानकारी ली और उनके नवाचार की सराहना की। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल पर मोटे अनाज (श्रीअन्न) से तैयार विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने नन्हीं बालिकाओं सनम सातपुते एवं रुचिका उईके को स्नेहपूर्वक दुलार किया तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किए।

नर्मदापुरम सड़क पर हुआ हादसा, दोस्त की हालत बेहद नाजुक

डिवाइडर से टकराकर खंभे से भिड़ी तेज रफ्तार बुलेट बाइक, एक की दर्दनाक मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नर्मदपुरम सड़क पर महिंद्रा शोरूम के सामने तेज रफ्तार बुलेट बाइक डिवाइडर से टकराकर गिर गई। तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकराने के कारण बाइक चला रहा युवक खंभे से टकराया था। जबकि पीछे बैठा युवक भी उछलकर बुलेट के सामने आ गया। इस हादसे में दोनों को ही गंभीर चोट थी। दोनों को एम्स ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बुलट चला रहे युवक को मृत घोषित कर दिया। उसके साथी की हालत नाजुक होने के कारण इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार केतन बघेल पिता प्रमोद बघेल (28) एमआईजी कृष्णपुरम मिसरोद में रहता था। केतन ने पॉलिटेक्निक की पढ़ाई पूरी कर ली थी और जॉब की तलाश कर रहा था। केतन अपने एक अन्य दोस्त के साथ बुलेट बाइक से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन जा रहा था। कृष्णपुरम से दोनों बाइक से निकले थे। बाइक केतन चला रहा था। महिंद्रा शोरूम पार करने के बाद थाने से पांच सौ मीटर पहले ही केतन की बुलेट डिवाइडर से टकरा गई जिससे बुलेट अनियंत्रित होकर गिर गई थी। जबकि तेज रफ्तार में बुलेट का मडघाट टकराने से केतन और उसका साथी उछलकर गिरे थे।

मौत के बाद परिवार में पसरा मातम

केतन के पिता मंडीदीप की दवा कंपनी में नौकरी करते हैं। केतन घर का इकलौता बेटा था, जबकि बड़ी बहन भारती की शादी हो चुकी है। केतन की मौत के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

करवाचौथ का व्रत रखा था, किया था श्रृंगार

कान के झुमके का टुकड़ा टूटा दुखी महिला ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बीडीए कॉलोनी सलैया में शनिवार दोपहर एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसने करवाचौथ का व्रत रखा था और श्रृंगार किया था। इस दौरान कान के झुमके का कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया। इसी के बाद से वह लगातार कान के झुमके का हिस्सा तलाश रही थी और दुखी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार रेखा बाई पति धनवीर सिंह धाकड़ (40) घरोंदा, बीडीए कॉलोनी सलैया में रहती थीं। वह गृहणी थी, जबकि पति चायनीज फूड की दुकान लगाता है। धनवीर ने पुलिस को बताया कि परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। बड़ी बेटी की शादी कर चुके हैं। मझली बेटी और छोटा बेटा स्कुल जाते हैं। शनिवार को वह स्कूल गए थे। दोपहर में साढ़े 12 बजे धनवीर बच्चों को लेने स्कूल चला गया। घर में रेखा बाई अकेली थी। करीब डेढ़ बजे धनवीर घर लौटा तो हर बार की तरफ दरवाजे की चिटकनी थोड़ी से लगी थी। उसने दरवाजे को धक्का दिया और अंदर पहुंचा।

पति बोला दुखी थी पत्नी

रेखा बाई का भाई शाहपुरा इलाके में रहता है। घटना की जानकारी मिलते ही वह भी घर पहुंच गया था। उसने पुलिस को बताया कि वर्ष 2008 में बहन की शादी हुई थी। बहन और जीजा बच्चों के साथ अच्छे से रहते थे। बहन ने कभी भी पति की शिकायत नहीं की। पति धनवीर सिंह ने बताया कि करवाचौथ के दिन झुमका टूटकर गिरने से रेखा दुखी थी। उसे समझाया था कि कोई बात नहीं दूसरा ले लेंगे, लेकिन वह गुमशुम रहने लगी थी।

स्थानीय खेल समाचार

भोपाल से पहली बार किसी को मिली सीडीसी की कमान

भोपाल के हर्ष पांडे बने एमपीसीए की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के क्रिकेट जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि भोपाल संभाग क्रिकेट संघ से जुड़े हर्ष कुमार पांडे को मप्र क्रिकेट संघ (एमपीसीए) की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी (सीडीसी) का चेयरमैन एमपीसीए के अध्यक्ष महान आर्यमन सिंधिया द्वारा नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को भोपाल के क्रिकेट इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। विशेष बात यह है कि भोपाल से पहली बार किसी खिलाड़ी को एमपीसीए की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी मिली है।

एमपीसीए के नवनियुक्त अध्यक्ष महानार्यमन सिंधिया के नेतृत्व में हुए बदलावों के बीच हर्ष पांडे को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से भोपाल के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है। सीडीसी की भूमिका क्रिकेट के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और खेल से जुड़ी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जाती है। हर्ष पांडे लंबे समय से क्रिकेट से जुड़े रहे हैं और स्वयं एक शानदार खिलाड़ी रहे हैं। उनकी नियुक्ति से भोपाल संभाग के खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह और सचिव शांति कुमार जैन ने एमपीसीए अध्यक्ष महानार्यमान सिंधिया एवं अन्य पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए हर्ष कुमार पांडे को शुभकामनाएं दी हैं।



अंडर 67 किग्रा में पियूष ने जीता गोल्ड

एलएनसीटी में धमिका काई नेशनल सीजन-1 का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धमिका काई इंटरनेशनल कराते फेडेरेशन द्वारा आयोजित नेशनल सीजन 1 प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ डॉ अजीत कुमार सोनी रजिस्ट्रार एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, हंशी रजनीश चौधरी धमिका काई इंटरनेशनल,पंकज कुमार जैन डायरेक्टर स्पोर्ट्स एलएनसीटी ग्रुप द्वारा किया गया। सचिव अंशु दास ने बताया कि मुकाबले में -67 किग्रा पुरुष वर्ग में पियूष त्रिपाठी मप्र स्वर्ण पदक, हर्षित पांडे आर्मी टीम रजत पदक, एवं नावेद शेख कॉम्बैट स्पोर्ट्स एंड फिटनेस तथा जयवर्धन नरूका टीम एलिट ने कांस्य पदक जीता। सीनियर मेल काता में अर्जुन नाथ हरियाणा स्वर्ण पदक, सत्यम शर्मा आर्मी टीम रजत पदक, हर्षित पटेल उदयपुर टीम उदयपुर और नईम खान आर्मी टीम ने कांस्य पदक जीता सीनियर महिला वर्ग में कुमीते -50 किलो ग्राम वर्ग में रूसा ताम्बत मध्य प्रदेश स्वर्ण पदक, तनुष्का पटेल साईं जबलपुर रजत पदक, प्रिया कुमारी दिल्ली एवं ज्योति मुदगल टीम एलिट ने कहां से पदक जीता।



राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट

टीआईटी की रोमांचक जीत, बंसल कॉलेज को 3 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के क्रिकेट मैदान पर आयोजित राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीआईटी कॉलेज ने बंसल कॉलेज को 3 विकेट से हराया। मुकाबले में टीआईटी कॉलेज के कप्तान सुजीत यादव ने मात्र 7 रन देकर 6 विकेट हासिल किए ।

बंसल कॉलेज की टीम टीआईटी के सामने टिक नहीं सकी और 14 ओवर में महज 47 रन पर सिमट गई। टीआईटी कॉलेज के कप्तान सुजीत यादव ने 3 ओवर में केवल 7 रन देकर 6 विकेट झटके। विपुल यादव ने भी 3 विकेट हासिल किए।



टीआईटी की शुरुआत खराब

जवाब में टीआईटी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। अभिषेक सिंह ने 22 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। रुपेश मिश्रा ने नाबाद 13 रन बनाते हुए टीम को 12.1 ओवर में 48 रन तक पहुंचाकर 3 विकेट से जीत दिलाई। बंसल के पवन पांडे ने 3 विकेट और संजय प्रजापति ने 2 विकेट हासिल किए।

बीडीसीए के चार सदस्य बने एमपीसीए के मैच रेफरी



भोपाल। भोपाल संभाग क्रिकेट संघ से जुड़े पीयूष सिंह बघेल, के.डी. गुप्ता, रॉय थॉमस एवं मोहम्मद तारिक खान मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के मैच रेफरी चयनित हुए हैं। चारों ने एमपीसीए द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर यह उपलब्धि हासिल की है।

चारों सदस्यों की इस सफलता से भोपाल संभाग क्रिकेट संघ में हर्ष का माहौल है। मैच रेफरी के रूप में चयनित होना क्रिकेट के क्षेत्र में उनकी योग्यता, खेल के नियमों की समझ और खेल प्रशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धि से भोपाल में क्रिकेट गतिविधियों से जुड़े लोगों में उत्साह है। भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह एवं सचिव शांति कुमार जैन ने चारों चयनित सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चारों मैच रेफरी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्पक्षता, ईमानदारी और खेल भावना के साथ करेंगे तथा मध्यप्रदेश में क्रिकेट के संचालन और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

10 नवंबर को होगी इंटर डिस्ट्रिक्ट के लिए टीम की घोषणा

सीनियर महिला फुटबॉल टीम के चयन शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से बीयू ग्राउंड पर 31 अक्टूबर से 10 नवंबर तक सीनियर महिला फुटबॉल टीम के चयन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न फुटबॉल अकादमियों और क्लबों से जुड़ी महिला खिलाड़ियों ने



उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रही हैं। 10 दिन तक चलने वाले इस शिविर में महिला खिलाड़ियों को फुटबॉल के तकनीकी कौशल, खेल की बारीकियों, रणनीति एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के समापन के बाद खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर भोपाल जिला सीनियर महिला फुटबॉल टीम का चयन कर आधिकारिक घोषणा की जाएगी। चयनित टीम आगामी 20 नवंबर को सिंगरौली में आयोजित होने वाली इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी सीनियर कोच सैफ उद्दीन एवं चंचल सिंह को सौंपी गई है। दोनों कोच शिविर के दौरान खिलाड़ियों की प्रतिभा, तकनीकी क्षमता और खेल प्रदर्शन का मूल्यांकन करेंगे। शिविर का उद्घाटन भोपाल जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तंवर एवं उपाध्यक्ष तनवीर दाद की उपस्थिति में किया गया।

अयोध्या में दीपोत्सव-2026 के दौरान दिखेगा अदभुत नजारा

2100 एरियल ड्रोन शो से आसमान में जीवंत होगी रामायण की गाथा, रोशनी का भव्य उत्सव दिखाई देगा, 15 खास ड्रोनों के फॉर्मेशन प्रदर्शित किए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

दीपोत्सव-2026 के दौरान दीयों की रोशनी से जगमगाने वाली रामनगरी का आसमान इस बार भी अद्भुत दृश्य का साक्षी बनेगा। दीपावली की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2026 में पर्यटन विभाग की ओर से भव्य एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। अयोध्या में 07 नवंबर को जब दीपों की रोशनी से सरयू तट जगमगाएगा, तब आसमान में भी रोशनी का एक भव्य उत्सव देखने को मिलेगा। दीपोत्सव-2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इस बार नए कलेवर में एरियल ड्रोन शो प्रस्तुत करेगा। इसमें राम दरबार, पुष्पक विमान और रामायण के प्रमुख प्रसंग आसमान में जीवंत होते नजर आएंगे।

राम की नगरी में 07 नवंबर को रामायण के कई प्रसंग आधुनिक रूप में दिखाई देंगे



'मेड इन इंडिया' ड्रोन 15 मिनट तक दिखाएंगे करतब

'मेड इन इंडिया' तकनीक से निर्मित 2,100 ड्रोन 07 और 08 नवंबर को आसमान में उड़ान भरेंगे। करीब 15 मिनट तक चलने वाले इस शो में कम से कम 15 अलग-अलग ड्रोन फॉर्मेशन प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें आधे से अधिक फॉर्मेशन पिछले वर्ष की प्रस्तुति से अलग होंगे।श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भव्य नजारे दिखाई देंगे।

कई अलग दृश्य आएंगे नजर

इस बार एरियल ड्रोन शो में भी नवीनता पर खास जोर रहेगा। स्टोरीबोर्ड, स्क्रिप्ट, संगीत और वॉयस ओवर से लेकर आसमान में बनने वाली ड्रोन आकृतियों तक को पहले से अलग रखा जाएगा। 15 विशेष ड्रोन फॉर्मेशन तैयार किए जाएंगे। अधिकतर आकृतियां पिछले दीपोत्सव में दिखाए गए फॉर्मेशन से पूरी तरह नई होंगी।

पात्रों और कथा प्रसंगों को आकर्षक दृश्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हर वर्ष अयोध्या के दीपोत्सव को नई भव्यता देने का प्रयास किया जाता रहा है। इस बार भी एरियल ड्रोन शो में रामायण के प्रमुख पात्रों और कथा प्रसंगों को आकर्षक दृश्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। ड्रोन से बने फॉर्मेशन के जरिए वीर मुद्रा में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान, रावण वध, पुष्पक विमान, दीपोत्सव, राम दरबार, हनुमान, महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास जैसे प्रसंग जीवंत होंगे। इसके साथ राम मंदिर, दीपोत्सव, उत्तर प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग के लोगो भी आकाश में प्रदर्शित किए जाएंगे। संगीत, रोशनी और विभिन्न दृश्यात्मक प्रभावों का तालमेल शो को भव्य रूप देगा। वॉयस ओवर और संगीतमय नैरेशन का विशेष समायोजन देखने को मिलेगा।

इस वर्ष ड्रोन की संख्या बढ़ाई गई

'उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ड्रोन शो की लोकप्रियता को देखते हुए हर वर्ष इसकी भव्यता बढ़ाने पर जोर दिया है। इस वर्ष ड्रोन की संख्या बढ़ाकर 2,100 कर दी गई है अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि हमारा प्रयास है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक दीपोत्सव की भव्यता के साथ एक अविस्मरणीय अनुभव लेकर लौटें।

खबर संक्षेप

राम मंदिर में सुबह 7 बजे से होंगे दर्शन

अयोध्या। ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रख श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीरामलला की दैनिक



पूजा, आरती, भोग, विश्राम एवं दर्शन की समय-सारणी में संशोधन किया गया है। अभी मंदिर के पट सुबह 3:45 बजे खुलते हैं और रात 10:30 बजे बंद होते हैं। अब यह समय क्रमशः सुबह 4 बजे और रात 10 बजे होगा। 7 बजे से दर्शन होंगे।

पालघर में 5वीं मंजिल से गिरी लिफ्ट, 7 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर से एक रिहाइशी इमारत में 5वीं मंजिल से लिफ्ट के नीचे गिर जाने से 7लोग



घायल हो गए। लिफ्ट की क्षमता केवल 5लोगों की थी।यह घटना दोपहर करीब 2 बजे पाटनकर पार्क इलाके में स्थित धनंजय एवेन्यू बिल्डिंग में हुई। घटलों में, 4 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं, जिन्हें भर्ती कराया गया है।

निर्देशक संजय का 57 साल की उम्र में निधन

मुंबई। फिल्ममेकर संजय गुप्ता का 30 अक्टूबर को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। उनके सिर में



गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। वह 57 साल के थे।'काबिल', 'शूटआउट एट वडाला', 'कांटे', 'मुंबई सागा' जैसी फिल्मों को डाइरेक्ट करने वाले निर्देशक इस दुनिया को छोड़कर जा चुके हैं।

आंध्र प्रदेश में क्लास में घुसकर गला रेता

अनंतपुर। एकतरफा प्रेम प्रसंग में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में शनिवार सुबह एक युवक आरी



लेकर राप्टाडु स्थित जिला परिषद हाई स्कूल की कक्षा में घुसा और 10वीं की छात्रा पर हमला कर उसका गला रेत दिया। उसकी पहचान धर्मावरम के रहने वाले हेमंत उर्फ डुम्मू (21 वर्ष) के रूप में हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एकतानगर को दी 400 करोड़ रुपए की सौगात

पर्यटन स्थल होंगे विशेष तो आकर्षित होंगे लोग, स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट व ईको ट्रेल समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया



एजेंसी ▶▶ एकता नगर

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने एकतानगर में बड़ी सुविधाएं दी हैं। अब यहां घूमने, ठहरने और मनोरंजन की सुविधाएं बेहतर होने जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एकतानगर में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया और कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन में 127 कमरों वाला आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और ईको ट्रेल, नर्मदा घाट का विकास और जल-सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। रेलवे स्टेशन के पास आईआरसीटीसी ने करीब 52.50 करोड़ से 127 कमरों वाला आधुनिक होटल तैयार किया है। करीब 2 एकड़ में बने इस होटल में 4 श्रेणियों के कमरे, रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, बैंक्वेट हॉल, कॉन्फ्रेंस सुविधाएं और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

2 एकड़ में बना विशेष होटल



एकता नगर के परेड ग्राउंड में सलामी लेते पीएम मोदी

ठहरने का खास विकल्प मिलेगा

स्टेशन के नजदीक होने से ट्रेन से आने वाले यात्रियों को यहां पहुंचने में आसानी होगी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने अब तक 3 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं। ऐसे में होटल की नई सुविधा से पर्यटकों को ठहरने का एक और ऑप्शन मिलेगा। इससे उम्मीद है कि लोग एकतानगर में अधिक समय बिताएंगे और आसपास के पर्यटन स्थलों को भी फायदा होगा।

रेनफॉरेस्ट, ईको ट्रेल और नर्मदा घाट का विकास

पर्यटन को बढ़ावा देने रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल से जुड़े प्रोजेक्ट भी शुरू किए हैं। नर्मदा घाट के उन्नयन और क्षेत्र में फसाड लाइटिंग की व्यवस्था से भी खूबसूरती बढ़ाने की योजना है। पर्यटकों को बेहतर अनुभव देना है।

इन नई परियोजनाओं की भी रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री ने कई अन्य विकास कार्यों की आधारशिला भी रखी। इनमें गोरा-भद्र रोड का विकास, इंटीग्रेटेड जीरो वेस्ट स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट और खलवानी ईको टूरिज्म डेवलपमेंट शामिल हैं। इसके अलावा कैक्टस और बटरफ्लाई गार्डन के एकीकृत विकास की योजना भी है।

अन्य व्यवसायों में भी होगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से एकतानगर में पर्यटन गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। होटल और पर्यटन सुविधाओं के संचालन से रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। वहीं, पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय दुकानदारों, टैक्सी चालकों, होटल कारोबारियों और खानपान से जुड़े व्यवसायों को भी लाभ मिल सकता है।

एकता दिवस परेड में शामिल हुए प्रधानमंत्री

सरदार पटेल के फैसलों ने देश को एकजुट किया

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता नगर के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देश की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति की झलक देखने को मिली। परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रदर्शित किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को आकार देने और उसकी रक्षा करने में अहम भूमिका निभाई। एकता हमें एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की ताकत देती है। इसलिए हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और एकता दिवस, ये तीनों अब पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं। इस अवसर पर मैं राष्ट्रीय एकता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं सरदार वल्लभभाई पटेल के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

'सरदार' ने राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में पिरोया

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने पूरे राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में भी पिरोया। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण से देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत भी की थी। इस महान कार्य के 75 वर्ष इस वर्ष पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ का ध्वज तमाम आक्रांताओं की मंशा को नाकाम कर स्वाभिमान के साथ लहरा रहा है।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती

शाह ने निकाली 'एकता दौड़' नशामुक्त भारत का लक्ष्य रखा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत आयोजित 'एकता दौड़' का शुभारंभ किया। उन्होंने देशवासियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। शाह ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल भारत का इतिहास बदला, बल्कि देश के भूगोल की संरचना भी की। अनेक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया। पटेल ने मात्र 1218 दिनों में अखंड भारत की रचना कर वह कर दिखाया, जिसे दुनिया असंभव मानती थी।

370 हटाना, नक्सलवाद समाप्ति बड़ी उपलब्धि

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ना, देश से नक्सलवाद समाप्त करना और एक देश, एक कर प्रणाली लागू करना शामिल है।

विविधता हमारी कमजोरी नहीं, सबसे बड़ी ताकत

शाह ने कहा कि भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और पारंपरिक विविधता देश की कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। यही सरदार पटेल का संदेश था।

सरदार को मिला वैश्विक सम्मान

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की परिकल्पना की और उसका शिलान्यास किया। इस प्रतिमा ने पूरे देश के सामने सरदार पटेल के विराट व्यक्तित्व को अपने नेतृत्व में प्रतिष्ठित भी किया।

490 पुलिसकर्मियों को 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक'

विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के 490 कर्मियों को शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' प्रदान करने की घोषणा की गई। इसमें सीबीआई के 14 अधिकारी भी हैं। यह पदक राज्यों के पुलिस बलों, सुरक्षा संगठनों, खुफिया इकाइयों, शाखाओं एवं विशेष शाखाओं, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को मिलेगा।

नड्डा ने कर्तव्य भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सरदार की जयंती पर स्वास्थ्य मंत्रालय तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कर्तव्य भवन-1 में समारोह में अधिकारियों ने एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली।

वाराणसी से स्लीपर वंदेभारत शुरू

9 घंटे में दिल्ली पहुंचेगी प्रमुख 4 स्टेशनों पर रुकेगी

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

सीएम योगी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वाराणसी से वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है, जो काशी से दिल्ली के बीच दौड़ेगी। सफर करीब 9 घंटे में पूरा होगा। ट्रेन प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़ और गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी। शुक्रवार और दिल्ली से शनिवार को नहीं चलेगी। पूरी तरह एसी इस ट्रेन में 16 कोच हैं। इसमें 823 यात्री सफर कर सकेंगे।



ट्रेन में फर्स्ट एसी का 1, सेकंड एसी के 4 और थर्ड एसी के 11 कोच हैं। योगी और वैष्णव ने इसका निरीक्षण किया। दोनों ने लोको पायलट से बातचीत की। वैष्णव ने योगी को ट्रेन की खूबियां भी बताईं। दोनों कोच में मौजूद स्कूली बच्चों से मिले। छात्र की 'बनारस विकसित भारत' की पेंटिंग को दोनों ने सराहा।

भाजपाध्यक्ष नवीन आज रोहतक में

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा शुरू करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को हरियाणा के रोहतक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। यह विपक्ष के खिलाफ भाजपा के देशव्यापी अभियान का हिस्सा है। नवीन ऐसे दिन विपक्ष के खिलाफ भाजपा की पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे, जब 'इंडिया' गठबंधन दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर और कथित वोट चोरी के खिलाफ रैली करेगा। पार्टी विपक्ष के कथित 'भ्रामक सूचनाओं, दुष्प्रचार और सुनियोजित अराजकता' के खिलाफ यह पदयात्रा निकाल रही है। पदयात्रा छोटू राम पॉलिटेक्निक मैदान से शुरू होगी और मॉडल टाउन स्थित डी-पार्क पर समाप्त होगी। नवीन बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देंगे। यह हताश विपक्ष के झूठ, साजिशों के खिलाफ वैचारिक आंदोलन है।

नासिक में सिंहस्थ महाकुंभ का शुभारंभ



नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में सिंहस्थ महाकुंभ के ध्वज स्तंभ पूजन, ध्वजा पूजन और ध्वजारोहण समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

सीबीएसई ने जारी किया नया सर्कुलर

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किया बदलाव

9वीं के सिलेबस से समाज में व्यक्ति कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई हटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सीबीएसई शैक्षणिक-सत्र 2026-27 कक्षा 9वीं में पढ़ रहे छात्रों के सिलेबस में बदलाव किया गया है।

बोर्ड की ओर से 29 अक्टूबर को एक सर्कुलर जारी किया। अब सिलेबस से समाज में व्यक्ति, कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई विषय को हटाया गया है जब इसी बैच के छात्र बोर्ड परीक्षा यानी शैक्षणिक सत्र 2027-28 में शामिल होंगे, तब उन्हें पर्यावरण शिक्षा विषय नहीं पढ़ना होगा। यह नियम वर्तमान में कक्षा 10वीं में पढ़ रहे छात्रों पर लागू नहीं होगा।

10वीं में इन 5 विषयों को पढ़ना होगा



शैक्षणिक सत्र 2027-28 के 10वीं के छात्रों को 5 विषयों की परीक्षा देनी होगी। इनमें गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, पहली भाषा और दूसरी भाषा विषय शामिल हैं। 9वीं के छात्रों को अगले साल इन 5 विषयों की परीक्षा देनी होगी।

स्किल एजुकेशन अनिवार्य

22 कौशल विषयों रिटेल, सूचना प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, ऑटोमोटिव, वित्तीय बाजार, पर्यटन का परिचय, सौंदर्य और वेलनेस, कृषि में एक अनिवार्य है।

एडवांस्ड गणित और विज्ञान विषय चुनने का विकल्प

सीबीएसई ने एडवांस्ड स्तर पर गणित और साइंस विषय चयन करने का विकल्प भी दिया है।


अयोध्या में राम मंदिर की जमीन के सर्वे की मांग

सुप्रीम कोर्ट कल इस याचिका पर करेगा सुनवाई

जमीन की सीमाएं तय करने, पुराने नक्शों, चढ़ावे और दस्तावेज की जांच की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या में बने राम मंदिर की जमीन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल की गई है। इसमें



मांग की गई है कि एक स्वतंत्र समिति या आयोग बनाकर यह जांच कराई जाए कि राम मंदिर ठीक उसी जमीन पर बना है या नहीं, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में अपना फैसला सुनाया था। याचिका में जमीन की सही सीमाएं तय करने, पुराने नक्शों और दस्तावेजों की जांच करने के साथ मंदिर में आने वाले चढ़ावे का हिसाब-किताब पारदर्शी बनाने की भी मांग की गई है।



भूमि की सही पहचान की जाए

याचिका में कहा गया है कि विवादित जमीन की सही पहचान और उसकी सीमाओं का स्वतंत्र सर्वे कराया जाना चाहिए। इसके लिए जमीन के नक्शे, भौगोलिक निर्देशांक, क्षेत्रफल और वास्तविक स्थिति की जांच जरूरी बताई गई है। याचिकाकर्ता चाहता है कि अदालत ऐसे विशेषज्ञों की समिति या आयोग बनाए।

खातों की कैग से जांच कराई जाए

याचिका में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा मंदिर में मिलने वाले दान, चढ़ावे और रसीदों का रोजाना डिजिटल रिकॉर्ड रखने और उसका ब्योरा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने की मांग की गई है। खातों का हर साल भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से ऑडिट कराया जाए ।

2019 में दिया था फैसला

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने 9 नवंबर 2019 को अयोध्या जमीन विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। इस फैसले में विवादित 2.77 एकड़ जमीन राम मंदिर निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट को सौंपने का रास्ता साफ किया गया था। केंद्र को सुन्नी वक्फ बोर्ड को मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या में किसी प्रमुख स्थान पर पांच एकड़ वैकल्पिक जमीन देने का निर्देश दिया गया था।

पोलैंड के सुप्रीम कोर्ट चीफ के निलंबन पर हंगामा

पीएम टस्क पर तख्तापलट का आरोप, देशभर में प्रदर्शन, राष्ट्रपति का विमान बीच रास्ते से लौटा

एक जज ने शुक्रवार को संवैधानिक ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। इसके बाद उन्होंने खुद ही अध्यक्ष की जिम्मेदारी ले ली। विपक्ष इससे नाराज हो गया

एजेंसी ▶▶ वारसॉ

पोलैंड के सुप्रीम कोर्ट चीफ के निलंबन ने हंगामा खड़ा कर दिया है। देश में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। हालात बिगड़ने पर राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की सेनेगल जाते समय बीच रास्ते से ही वापस लौट आए। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में राष्ट्रपति का देश में रहना जरूरी है। यह कदम तब उठाया गया जब देश की संवैधानिक न्यायाधिकरण (टीके) के अध्यक्ष और उनके डिप्टी को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया गया।

हजारों लोग जज के फैसले के विरोध में अदालत के बाहर जमा हो गए

कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर चीजें फेंकीं


वारसॉ में संवैधानिक प्राधिकरण इमारत के सामने प्रदर्शनकारी

देश को बर्बाद मत करो

विपक्षी नेताओं ने इस कदम को 'तख्तापलट' करार दिया, जबकि पीएम डोनाल्ड टस्क ने कानून बहाल करने के प्रयासों का बचाव किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने हाथों में सरकार विरोधी पोस्टर ले रखे थे। इन पर लिखा था, 'कम्युनिस्टों और टस्क की सरकार को हटाओ' और 'देश को बर्बाद करना बंद करो'। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर कुछ चीजें फेंककर विरोध जताया।

पोलैंड में राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख


नावरोत्स्की

पोलैंड में राष्ट्रपति और पीएम दोनों की अलग-अलग जिम्मेदारियां हैं। पीएम डोनाल्ड टस्क सरकार चलाते हैं, जबकि राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की देश के संवैधानिक प्रमुख हैं। दोनों के बीच अदालतों में जजों की नियुक्ति और उनके काम करने के तरीके को लेकर विवाद चल रहा है। अब यह लड़ाई देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल तक पहुंच गई है। टस्क चाहते हैं कि पिछली सरकार के समय अदालतों में हुई नियुक्तियों और बदलावों को ठीक किया जाए।

पीएम टस्क पर संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप

पोलैंड में पीएम डोनाल्ड टस्क की सरकार पर देश की संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगा है। यह विवाद देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल को लेकर शुरू हुआ है। एक जज ने शुक्रवार को संवैधानिक ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया।

6 नए जजों की नियुक्ति से गहराया विवाद

इस साल मार्च में पोलैंड की संसद ने संवैधानिक ट्रिब्यूनल के लिए 6 नए जज चुने। लेकिन राष्ट्रपति नावरोत्स्की ने इनमें से केवल 2 जजों को अपने सामने शपथ दिलाई। बाकी 4 जजों को शपथ दिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद 9 अप्रैल को इन चारों जजों ने संसद में ही शपथ ले ली और राष्ट्रपति कार्यालय को इसकी जानकारी दे दी। इनमें अन्ना कोर्विन-पियोत्रोव्स्का भी शामिल थीं। राष्ट्रपति कार्यालय ने संसद में ली गई इस शपथ को मान्यता नहीं दी।

कानून का राज बहाल करना हमारी जिम्मेदारी: टस्क



डोनाल्ड टस्क

पीएम डोनाल्ड टस्क ने अपनी सरकार के फैसलों का बचाव किया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि पीआईएस पार्टी के शासन में सालों तक कानून का उल्लंघन हुआ। अब कानून का राज बहाल करना एक मुश्किल प्रक्रिया है। इसमें कभी-कभी कड़े और दर्दनाक फैसले लेने पड़ते हैं, लेकिन इसके अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

खबर संक्षेप

कैलिफोर्निया में फायरिंग 1 की मौत, 6 घायल

कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक दुकान में गोलीबारी की घटना हुई है।



फेयरफील्ड शहर के सोलानो टाउन सेंटर स्थित स्पिरिट हैलोवीन स्टोर में शुक्रवार देर रात गोलियां चलीं। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, सभी सात लोगों को गोली लगी थी। पुलिस के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से कम से कम तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। यह दुकान हैलोवीन के लिए कॉस्ट्यूम और सजावट का सामान बेचती है।

यूक्रेन को 500 पैट्रियट मिसाइलें बेचेगा यूएस

कीव। अमेरिका ने यूक्रेन को 500 पैट्रियट मिसाइलें बेचने की मंजूरी दे दी है। इस डील की कीमत करीब



19 हजार करोड़ रुपए है। इसका पूरा खर्च यूरोपीय देश और कनाडा उठाएंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूसी हमलों से बचाव के लिए हर महीने 100 मिसाइलें देने की मांग की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को इस संभावित सौदे को मंजूरी दी। इसके तहत यूक्रेन को पैट्रियट का सबसे आधुनिक वर्जन पीएसी-3 एमएसई मिसाइलें मिलेंगी। ये मिसाइलें हवा में ही दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर सकती हैं।

अटलांटा में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर की दो टूक

ऊर्जा संकट उत्पादन की कमी से नहीं, आपूर्ति और अनिश्चितताओं में बाधाओं से पैदा हो रहा

ऊर्जा व्यापार और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले सुनियोजित रणनीति


जी20 बैठक को संबोधित करते एस. जयशंकर

एजेंसी ▶▶ अटलांटा

अमेरिका के अटलांटा में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दूसरे पूर्ण सत्र को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऊर्जा संकट पर चिंता जताई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया आज ऊर्जा उत्पादन की कमी से नहीं, बल्कि अनिश्चितता, आपूर्ति में व्यवधान, अत्यधिक लागत और ऊर्जा तक पहुंच की चुनौतियों से पैदा हुए संकट का सामना कर रही है। उन्होंने ऊर्जा व्यापार और बुनियादी ढांचे पर जानबूझकर किए जा रहे हमलों को कीमतों को अपने नियंत्रण में रखने की सोची-समझी रणनीति करार दिया।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी टिप्पणी साझा करते हुए कहा कि ऊर्जा व्यापार और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर जानबूझकर किए जाने वाले हमले ऊर्जा कीमतों को बंधक बनाने की एक सुनियोजित रणनीति हैं। बाधाओं, प्रतिबंधों और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में रुकावटों के कारण ऊर्जा बाजार लगातार प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी स्थितियां अब अधिक बार सामने आ रही हैं और उनकी जटिलता तथा प्रभाव का दायरा भी बढ़ रहा है। उन्होंने कम आय वाले देशों की स्थिति पर विशेष चिंता जताते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन देशों की मुश्किलों और उनकी जरूरतों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है।

> जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर जानबूझकर किए जाने वाले हमले ऊर्जा कीमतों को बंधक बनाने की एक सुनियोजित रणनीति हैं। बाधाओं, प्रतिबंधों और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में रुकावटों के कारण ऊर्जा बाजार लगातार प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी स्थितियां अब अधिक बार सामने आ रही हैं और उनकी जटिलता तथा प्रभाव का दायरा भी बढ़ रहा है

छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों की जरूरत

विदेश मंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने के साथ ऊर्जा भंडारण, छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन को आगे बढ़ाने की जरूरत है। जयशंकर ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) की खोज से लेकर उनके पुनर्चक्रण तक की पूरी प्रक्रिया को शामिल करता है। इसके साथ ही भारत ने जी20 के समक्ष महत्वपूर्ण खनिजों के सर्कुलरिटी यानी पुनर्चक्रण और दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने की पहल का प्रस्ताव रखा है।

तेल और गैस के बीच अंतर करने पर उठाए सवाल

जयशंकर ने तेल और गैस के बीच सुविधानुसार अंतर किए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इन दोनों ऊर्जा स्रोतों को लेकर अलग-अलग छूट दिए जाने की प्रवृत्ति अपने आप में बहुत कुछ कहती है। हालांकि, उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया और न ही उन छूटों का स्पष्ट उल्लेख किया, जिनकी ओर उनका इशारा था। उन्होंने आगाह किया कि वैश्विक बाजार में एक क्षेत्र में पैदा होने वाले व्यवधान का असर दूसरे क्षेत्रों पर भी पड़ता है। परस्पर निर्भरता के इस दौर में ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के दूरगामी प्रभावों को कम करके नहीं आंकना चाहिए।

आतंकवाद के खतरे को नजरअंदाज नहीं कर सकते

जयशंकर ने बैठक में कहा कि वैश्विक चुनौतियों का हल सैन्य कार्रवाई से नहीं, बल्कि कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के खतरे को नजरअंदाज नहीं करने, समुद्री रास्तों पर जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने और नाविकों पर हमले रोकने की जरूरत भी उठाई। जयशंकर ने कहा कि समुद्री रास्तों में बाधा और सप्लाई चेन पर दबाव का सबसे ज्यादा असर ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहा है, जिससे ईंधन, खाद्य पदार्थों और उर्वरकों की उपलब्धता और कीमतें प्रभावित हो रही हैं।

साझा बयान पर सहमति नहीं बन पाई

रूस-यूक्रेन युद्ध, ईरान युद्ध, अमेरिकी टैरिफ और दक्षिण चीन सागर में चीन की गतिविधियों को लेकर देशों के बीच मतभेद रहे। होर्मुज स्ट्रेट समेत समुद्री रास्तों से व्यापार और जहाजों की सुरक्षित आवाजाही भी चर्चा का मुद्दा रही। इन मतभेदों के कारण बैठक के अंत में सभी देशों की ओर से साझा बयान जारी होने की संभावना नहीं रही।

विवादों में घिरी जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक

जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक अमेरिका के अटलांटा शहर में विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मेजबानी में हो रही है। यह बैठक शुरू से ही विवादों में घिर गई थी। दक्षिण अफ्रीका जी20 का संस्थापक सदस्य है और अफ्रीका का एकमात्र सदस्य देश है। इसके बावजूद ट्रंप प्रशासन ने उसे बैठक में नहीं बुलाया। इस बार ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को न्योता नहीं दिया। अमेरिका ने पोलैंड को जी20 की बैठक में मेहमान के तौर पर बुलाया। अमेरिका पोलैंड को जी20 का स्थायी मेंबर बनाना चाहता है।

जी20 देशों के विदेश मंत्रियों का फोटो सेशन रद्द

बैठक में शुक्रवार को रूस को लेकर विवाद हो गया। पहले दिन की बैठक का ग्रुप फोटो सेशन रद्द करना पड़ा। रूस के यूक्रेन पर हमले को लेकर करीब एक-तिहाई देशों ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ तस्वीर खिंचवाने से इनकार कर दिया था। कुछ देशों ने फोटो सेशन में शामिल नहीं होने की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद अमेरिका ने फोटो सेशन रद्द करने का फैसला लिया। हालांकि, इससे बैठक के बाकी कार्यक्रम पर असर नहीं पड़ा और बातचीत तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी रही।

ढाका में सरकार के खिलाफ रैली

एनसीपी की मांग- भारत को ट्रांजिट कॉरिडोर न दें

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में विपक्षी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के नेता नाहिद इस्लाम ने भारत को लेकर अपनी सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश की जमीन से भारत को किसी भी तरह का ट्रांजिट कॉरिडोर देने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने गंगा जल बंटवारे को लेकर भी भारत के साथ निष्पक्ष समझौते की मांग की है। नाहिद ने चेतावनी दी कि अगर नए समझौते में बांग्लादेश के हिस्से के पानी की सुरक्षा नहीं हुई तो लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।


नाहिद इस्लाम

ढाका में एनसीपी की ओर से आयोजित रैली में सैकड़ों समर्थक शामिल हुए। रैली में मुख्य रूप से गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद और बिजली, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्री इकबाल हसन महमूद टुकू के इस्तीफे की मांग की गई। आरोप लगाया कि दोनों मंत्री ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।

मातारबाड़ी बंदरगाह पर जापान कर रहा मदद

बता दें, तारिक रहमान 26 से 29 अक्टूबर तक जापान के दौरे पर थे। इस दौरान जापान और बांग्लादेश ने आपसी सहयोग बढ़ाने और बंगाल की खाड़ी के क्षेत्र में कनेक्टिविटी मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों देशों ने आर्थिक विकास, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने की बात कही। जापान बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी इलाके में मातारबाड़ी गहरे समुद्र के बंदरगाह को विकसित करने में आर्थिक मदद कर रहा है। जापान की एजेंसी जाइका इस परियोजना को वित्तीय सहयोग दे रही है।

पानी के हक से समझौता नहीं

नाहिद इस्लाम ने कहा कि बांग्लादेश इस बार गंगा जल समझौते में अपने जायज हिस्से से एक बूंद भी कम स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने साफ किया कि अगर समझौता बांग्लादेश के हितों के मुताबिक नहीं हुआ तो देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। वहीं, भारत का कहना है कि गंगा जल बंटवारे समेत साझा नदियों से जुड़े सभी मुद्दों पर दोनों देशों के बीच संयुक्त नदी आयोग (जेआरसी) के माध्यम से बातचीत होती है। यह आयोग 1972 में बनाया गया था।

आशुतोष दीक्षित ने वायुसेना प्रमुख का पदभार संभाला

3500 घंटे की उड़ान का अनुभव, 20 से अधिक विमानों के माहिर पायलट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शनिवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के नए प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हे 20 से अधिक तरह के विमानों पर 3,500 घंटे से ज्यादा उड़ान भरने का अनुभव है और वह एक कुशल फाइटर जेट पायलट हैं। रणनीतिक योजना के लिए पहचाने जाने वाले और 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाने वाले एयर चीफ मार्शल दीक्षित इससे पहले वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत थे।


आशुतोष दीक्षित, नए वायुसेना प्रमुख

कई अभियानों में सक्रिय भूमिका

लगभग चार दशक के अपने सेवाकाल के दौरान, एयर मार्शल दीक्षित कई अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं, जिनमें ऑपरेशन सफेद सागर, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर शामिल हैं।

1986 में वायुसेना की फाइटर यूनिट में हुए थे शामिल

29वें वायुसेना प्रमुख का पदभार संभालने वाले आशुतोष दीक्षित का जन्म 9 दिसंबर 1966 को हुआ। 6 दिसंबर 1986 को वायुसेना की लड़ाकू इकाई में शामिल हुए थे। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस स्टाफ सर्विस कॉलेज (बांग्लादेश) और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उनके पास मिराज-2000, मिग के विभिन्न संस्करण, किरण, जगुआर, आईएल-78, हॉक और तेजस समेत कई तरह के विमानों को उड़ाने का 3,500 घंटे से अधिक का व्यापक अनुभव है।

यूपी एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई

14 करोड़ के 7 दुर्लभ बाज के साथ पक्षियों का तस्कर अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी एसटीएफ ने दुर्लभ पक्षियों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। उसके पास से सात दुर्लभ बाज (फाल्कन) मिले हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत करीब 14 करोड़ रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुंबई निवासी फिरोज मसर्रत खान के रूप में हुई है। एसटीएफ को 30 अक्तूबर को सूचना मिली थी कि मुंबई का एक व्यक्ति प्रतिबंधित पक्षियों को लेकर लखनऊ आने वाला है। इस पर एसटीएफ की टीम ने वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की टीम के साथ मिलकर मदेयगंज थाना क्षेत्र के इरादतनगर मोहल्ले में छापा मारा। शुक्रवार शाम 7:30 बजे आरोपी को एक मकान से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से सात बाज, एक मोबाइल फोन और आधार कार्ड मिला।


दुर्लभ बाज फिरोज खान

ईरान और अमेरिका में फिर ठनी जुबानी जंग

मोजतबा ने कहा- ईरान तय करेगा कब खत्म होगा युद्ध, ट्रंप बोले- हमें भी कोई जल्दी नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष खत्म होता नहीं दिख रहा है। ईरानी सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने देश की सशस्त्र सेनाओं को एक सख्त आदेश जारी करते हुए कहा है कि दुश्मन के किसी भी खतरे का तुरंत और बिना किसी भौगोलिक सीमा के जवाब दिया जाना चाहिए। शनिवार को उनके आधिकारिक टेलीग्राम अकाउंट पर जारी एक बयान में कहा कि ईरान खुद तय करेगा कि दुश्मनों के खिलाफ शुरू हुए इस सैन्य संघर्ष या हमलों को कब और किन शर्तों के तहत खत्म करना है।


डोनाल्ड ट्रंप मोजतबा खामेनेई

ईरान संग कोई आम युद्ध नहीं: ट्रंप

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वॉशिंगटन को भी ईरान के साथ युद्ध को खत्म करने की जल्दी में नहीं है। ट्रंप ने कहा कि यह कोई आम युद्ध नहीं है, हमें वहां सात महीने हो चुके हैं। वे (ईरान) अपने सैनिकों और पुलिस को वेतन नहीं दे पा रहे हैं, वे भारी मुसीबत में हैं और सच कहें तो हमारे पास समय है। ट्रंप ने यह भी स्वीकार किया कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत की कोशिशें जारी हैं।

बिना देरी मुंहतोड़ जवाब दें

खामेनेई ने ईरान की सेना को सख्त और स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि दुश्मन के किसी भी नए सैन्य या आतंकवादी हमले का बिना किसी देरी के मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। इस आदेश के तहत सैन्य अधिकारियों को टारगेट लिस्ट को अपडेट करने को कहा गया है।

यूएन महासचिव पद पर तुर्किये की नजर

पूर्व विदेश मंत्री को मैदान में उतारा 5 स्थाई सदस्यों की अहम भूमिका

एजेंसी ▶▶ अंकारा

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अगले महासचिव पद की दौड़ में तुर्किये ने अपने पूर्व विदेश मंत्री फेरिदुन सिनिरलियोग्लू का नाम आगे बढ़ाया है।


फेरिदुन सिनिरलियोग्लू

तुर्किये ने शनिवार को आधिकारिक रूप से उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इस कदम को तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन का समर्थन हासिल है। सिनिरलियोग्लू 70 साल के हैं। वह 2015 में कुछ महीनों तक तुर्किये के विदेश मंत्री रहे थे। इसके बाद 2016 से 2023 तक उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में तुर्किये के राजदूत के तौर पर काम किया। फिलहाल वह वियना स्थित यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (ओएससीई) के महासचिव हैं। उनका मौजूदा कार्यकाल दिसंबर 2027 में खत्म होना है। संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस करीब 10 साल से इस पद पर हैं। उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद नए महासचिव की नियुक्ति होगी। सात अन्य उम्मीदवार भी इस पद की दौड़ में हैं। यूएन के अगले महासचिव के चयन में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की अहम भूमिका होगी। इसके पांच स्थायी सदस्य अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस हैं।

साइबर सुरक्षा कंपनी क्राउडस्ट्राइक की रिपोर्ट में खुलासा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब बना साइबर जासूसी का महत्वपूर्ण हथियार

14 देशों के 200 से ज्यादा संगठन निशाने पर, मंत्रालय और रक्षा कंपनियां प्रभावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल अब साइबर जासूसी अभियानों को बड़े पैमाने पर अंजाम देने के लिए भी किया जा रहा है। साइबर सुरक्षा कंपनी क्राउडस्ट्राइक ने चीन से जुड़े हैकर समूह 'वेपर पांडा' के ऐसे ही अभियान का खुलासा किया है। इसमें एआई आधारित एजेंटिक फ्रेमवर्क से 14 देशों के 200 से अधिक संगठनों को निशाना बनाया गया। इनमें कई मंत्रालय व सरकारी विभाग शामिल थे।



निशाने पर ईयू का विदेश मंत्रालय, राष्ट्रपति और पीएमओ

हैकर्स ने चीन में विकसित डीपसेक का उपयोग किया

इन संगठनों में सरकारी संस्थान, विदेश मंत्रालय, रक्षा-सेमीकंडक्टर क्षेत्र की कंपनियां, दवा निर्माता तथा दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं। 17 अक्तूबर से शुरू इस अभियान में हैकर समूह ने आर्टेक्स नामक ओपन-सोर्स एजेंटिक एआई फ्रेमवर्क के साथ चीन में विकसित डीपसीक और एक अन्य व्यावसायिक एआई मॉडल का इस्तेमाल किया। क्राउडस्ट्राइक की रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावरों ने संगठनों में पहुंच हासिल कर ब्लडअल्केमी नामक बैकडोर तैनात किया। नेटवर्क की पड़ताल तथा लॉगिन क्रेडेंशियल हासिल किए। 12 अन्य संगठनों के खिलाफ पासवर्ड सूचनाएं पाने के प्रयास भी दर्ज किए गए हैं। निशाने पर एक यूरोपीय देश का विदेश मंत्रालय, राष्ट्रपति-पीएमओ दफ्तर निशान पर हैं।

एआई एजेंट्स कर रहे मदद

एआई आधारित टूल्स की वजह से साइबर हमलों का तरीका बदल रहा है। जहां पहले हैकर्स को कई तकनीकी काम खुद करने पड़ते थे, वहीं एआई एजेंट्स (एजेंटिक एआई फ्रेमवर्क) कुछ प्रक्रियाओं को तेजी से और व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। अब हैकर्स को किसी सिस्टम में घुसपैठ करने के लिए हफ्तों मेहनत नहीं करनी पड़ती। एआई एजेंट बिना किसी इंसानी मदद के, खुद से निर्णय लेकर और बिना रुके 24 घंटे साइबर हमलों को अंजाम दे रहे हैं।

नेटवर्क निगरानी करनी होगी मजबूत

इससे सरकारी विभागों, कंपनियों और जरूरी सेवाओं से जुड़े नेटवर्क की सुरक्षा चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ऐसे में संगठनों के लिए नेटवर्क की निगरानी, मजबूत पासवर्ड व्यवस्था, लॉगिन गतिविधियों की जांच और संदिग्ध गतिविधियों की समय पर पहचान करना अहम हो जाता है।

जुरेल और पडिक्कल का जलवा, न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ मजबूत स्थिति में भारत 'ए'

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

कप्तान ध्रुव जुरेल के नाबाद 99 रन और देवदत्त पडिक्कल के 80 रन की मदद से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन शनिवार को 7 विकेट पर 291 रन बनाए। जुरेल 155 गेंद में 99 रन बनाकर और आकाश दीप 25 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

दोनों अभी तक आठवें विकेट की साझेदारी में 69 रन जोड़ चुके हैं। लंच के समय भारत ए का स्कोर एक विकेट पर 87 रन था। यशस्वी जायसवाल को पहले ओवर की चौथी गेंद पर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट ने पगबाधा आउट किया। लंच के बाद पहले ओवर में साइ सुदर्शन (41) आउट हो गए, जिन्हें तेज गेंदबाज जेरोड मैकी ने विकेट के पीछे मिचेल हे के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने दूसरा छोर संभालकर 101 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।



भारत के 7 रन पर गिरे 3 विकेट

भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर 131 रन था लेकिन न्यूजीलैंड ने 7 रन के भीतर 3 विकेट चटकाए। यश राठौड़ (13) पहले आउट हुए और उनके बाद पडिक्कल का विकेट गिरा। रविचंद्रन स्मरण को शीट ने पगबाधा आउट किया। वॉशिंगटन सुंदर को भी शीट ने ही पवेलियन भेजा। जुरेल और मानव सुतार (22) ने सातवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 93 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

शतक से एक रन दूर जुरेल

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 291 रन बना लिए हैं। कप्तान जुरेल अपने शतक से मात्र 1 रन दूर हैं। जुरेल 155 गेंदों पर 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 99 रन पर नाबाद हैं। उनके साथ आकाश दीप 58 गेंदों पर 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड की तरफ से फ्रेजर शेट से 4 विकेट लिए हैं। ब्रेट रैंडेल, जारोड मैके और जेडन लेनोक्स ने 1-1 विकेट लिए हैं।



जायसवाल का तीसरा फ्लॉप शो

एक तरफ जहां पडिक्कल ने अपनी बल्लेबाजी से छाप छोड़ी, वहीं सीनियर टीम के नियमित ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का खराब फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। यशस्वी मैच की पहली ही ओवर में फ्रेशर शीट की गेंद पर खाता खोले बिना चार गेंदों में शून्य पर आउट हो गए। आगामी न्यूजीलैंड सीरीज से पहले उनका यह लगातार तीसरा फ्लॉप शो है। इससे पहले उन्होंने सीरीज के पहले मैच में भी महज 17 और 5 रन बनाए थे।

डक पर आउट हुए रविचंद्रन

भारतीय मध्यक्रम की शुरुआत इस मैच में कुछ खास नहीं रही। पडिक्कल के आउट होने के ठीक बाद मैदान पर उतरे स्मरण रविचंद्रन भी अपनी पहली ही गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर गोल्डन डक का शिकार बन गए। वहीं पहले टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाने वाले विदर्भ के यश राठौड़ से भी बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन वे भी मात्र 13 रन बनाकर चलते बने, जिससे भारतीय पारी बीच में लड़खड़ाती नजर आई।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवां मैच आज, सूर्यवंशी की वापसी संभव

हार के बाद बदलाव की राह पर भारत आखिरी टी-20 में नई टीम इलेवन!

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

अपने स्थापित खिलाड़ियों का हमेशा समर्थन करने वाला भारतीय टीम प्रबंधन आकलैंड में पिछले मैच में मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में अंतिम एकादश में बदलाव कर सकता है। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढत बना ली है लेकिन विश्व चैंपियन टीम 5 मैचों की श्रृंखला से आखिरी मैच हारकर विदा नहीं लेना चाहेगी।

ऐसे में वैभव सूर्यवंशी की वापसी संभव है और उस दशा में संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है। सैमसन ने इस श्रृंखला में 67, 14, 18, 4 रन बनाए हैं। टीम प्रबंधन का उन्हें पूरा समर्थन हासिल है लेकिन एक ब्रेक से वह खोई लय हासिल कर सकते हैं।

लय हासिल करना चाहेंगे अय्यर

हाल ही में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन खुद श्रेयस का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वे लोगों का ध्यान खींचने में नाकाम रहे। अय्यर ने टी20 में पहला शतक जमाने के बाद अगले 8 मैचों में 40, 1, 16, 22, 42, 7, 5, 22 रन बनाए। यहां अच्छी पारी खेलकर वह भी लय हासिल करना चाहेंगे। अय्यर के नाकाम रहने से निचले क्रम में नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया।



भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर

गेंदबाजी में दूसरे और तीसरे टी20 में न्यूजीलैंड को 200 रन से कम पर रोकने के बावजूद भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर हुई हैं। भारत अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल पर विकेटों के लिये काफी निर्भर रहा है । चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर कुमार अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। भुवनेश्वर ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और उनका इकॉनॉमी रेट 12 के आसपास रहा है। अर्शदीप अकेले भारतीय गेंदबाज हैं, जिनका इकॉनॉमी रेट इस श्रृंखला में 10 से कम रहा है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में धार देने के लिए कुलदीप यादव या वरुण चक्रवर्ती को टीम में लाना होगा, जिसके लिए धीर को बाहर रहना पड़ सकता है। तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा को भी बैकअप गेंदबाजों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन उनके महंगे साबित होने का खतरा है।

आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कीवी टीम

न्यूजीलैंड टीम पांच मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले आखिरी मैच जीतकर आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी। अगले साल अफ्रीका में होने वाले आईसीसी विश्व कप से पहले यह वनडे श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे आकिब नबी

4 नवंबर को आकलैंड में पहला मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेज गेंदबाज आकिब नबी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले 3 वनडे मैचों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पांच मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। नबी चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम में थे लेकिन अब वह पहले मैच से ही चयन के लिए उपलब्ध होंगे। पहला मैच 4 नवंबर को आकलैंड में खेला जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा,' दाहिने हाथ के इस तेज गेंदबाज को चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुना गया था लेकिन अब वह वनडे श्रृंखला की शुरुआत से टीम में होंगे।' जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज नबी ने हाल ही में लिंकन में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ भारत ए के लिए चार दिवसीय मैच खेलकर दो पारियों में 6 विकेट लिए थे।

पहले तीन वनडे के लिए टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, अक्षर पटेल, नमन धीर, अंशुल कम्बोज, गुरनूर बरार, रूतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, ईशान किशन, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी (सिर्फ पहला वनडे), आकिब नबी।

चौथे और पांचवें वनडे के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ईशान किशन, अक्षर पटेल, नमन धीर,गुरनूर बरार, रुतुराज गायकवाड़,अर्शदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर, कुलदीप यादव।

खबर संक्षेप



ग्वांगझोउ ओपन : वीनस की डब्ल्यूटीए टूर में हार

ग्वांगझोउ। अमेरिकी टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को 8 साल बाद डब्ल्यूटीए टूर के किसी सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। ग्वांगझोउ ओपन के विमेंस डबल्स सेमीफाइनल में वह इंडोनेशिया की जेनिस त्जेन के साथ हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। 1 घंटे 45 मिनट तक चले इस मुकाबले में उन्हें 6-4, 6-7 (8), 10-6 से शिकस्त मिली। 2016 के ओलंपिक और विंबलडन के बाद से यह विलियम्स का पहला डब्ल्यूटीए टूर डबल्स सेमीफाइनल था। साथ ही, 2018 के इंडियन वेल्स के बाद यह उनका पहला सेमीफाइनल था।

विदर्भ की तरफ से खेलेंगे आदित्य ठाकरे

नागपुर। दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने मध्यप्रदेश के खिलाफ 2 नवंबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी मैच के लिए विदर्भ टीम में यश ठाकुर की जगह ली है, जो भारतीय टीम में चुने गए हैं। दो बार की रणजी चैंपियन विदर्भ टीम जामथा के वीसीए स्टेडियम पर ग्रुप ए का यह मैच खेलेगी। ठाकुर को न्यूजीलैंड में चौथे और पांचवें टी20 मैच के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, जिससे वह यह मैच नहीं खेल सकेंगे।



पैन पैसिफिक ओपन

फाइनल में लेयला अब डायना से भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| टोक्यो

कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने पैन पैसिफिक ओपन सेमीफाइनल में कामिला राखीमोवा को हराकर इस साल के अपने तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला डायना श्नाइडर से होगा, जो मिया पोहानकोवा को हराकर खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। फर्नांडीज ने दोनों सेट में ब्रेक डाउन के बाद राखीमोवा को एक घंटे 54 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5, 6-3 से हराया। तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद वह पहले सेट में 1-3 से पीछे चल रही थीं, लेकिन छठे गेम में उन्होंने इसे वापस हासिल करके स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों ने अपनी सर्विस बनाए रखी, इससे पहले कि कनाडाई खिलाड़ी ने 12वें गेम में निर्णायक ब्रेक लेकर पहला सेट 59 मिनट में 7-5 से जीत लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में ही उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दीं। उन्होंने चौथे गेम में उज्बेक खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-2 की बराबरी कर ली, फिर ब्रेक लेकर 5-3 की बढ़त बना ली और 49 मिनट के दूसरे सेट में होल्ड के साथ गेम खत्म किया।

वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

ढाका। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के नाबाद 81 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 8 विकेट से शिकस्त देकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। बांग्लादेश की दूसरी पारी 142 रन पर सिमट गई, जिससे वेस्टइंडीज को जीत के लिए 170 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 2 विकेट गंवाकर हासिल कर ली। कैरेबियाई स्पिनरों के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसने अपने आखिरी 9 विकेट गंवाकर केवल 169 रन की बढ़त हासिल की। कप्तान रोस्टन चेज ने अपनी चतुराई भरी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से 36 रन देकर पांच विकेट झटके। पहली पारी में 53 रन देकर 5 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 63 रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। चौथे दिन खराब होती पिच पर खराब रोशनी, बारिश और बिजली चमकने के कारण खेल कई बार बाधित हुआ। इसके बावजूद वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और किंग ने स्पिनरों के खिलाफ रक्षात्मक रवैया अपनाने के बजाय आक्रामक बल्लेबाजी की।

रबाडा ने रचा इतिहास, टेस्ट में लिए सबसे तेज 350 विकेट

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में इतिहास रच दिया है। रबाडा टेस्ट में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 350 विकेट लेने वाले बॉलर बन गए हैं।

रबाडा ने यह मुकाम 13,808 गेंद फेंककर हासिल किया है। उन्होंने इस मामले में डेल स्टेन को पीछे छोड़ा है। स्टेन ने यह उपलब्धि 14,719 गेंद फेंककर हासिल की थी। रबाडा साउथ अफ्रीका की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने हैं। उनसे पहले टीम की तरफ से यह मुकाम डेल स्टेन, शॉन पोलॉक और मखाया एंटिनी ही हासिल कर सके हैं।



रबाड़ा ने की मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी

रबाडा ने यह मुकाम अपने 75वें टेस्ट में हासिल करते हुए वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाज मैल्कम मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी की। मार्शल ने भी अपने टेस्ट करियर के 75वें मुकाबले में 350 विकेट पूरे किए थे। रबाडा मैचों के लिहाज से टेस्ट में सबसे तेज 350 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज बने हैं। रबाडा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट भी पूरे कर लिए हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले साउथ अफ्रीका के पांचवें गेंदबाज बने हैं। उन्होंने अपने करियर के 260वें मैच में यह मुकाम हासिल किया। साउथ अफ्रीका की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड शॉन पोलॉक के नाम है, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 823 विकेट निकाले हैं।

एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी थीं मनीषा

लॉस एंजिलिस ओलंपिक पदक पर मनीषा की नजरें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की पहली महिला विश्व चैंपियन बनी मनीषा भानवाला की नजरें 2005 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 57 किलोवर्ग में पदक जीतने पर है और इस अनुभवी पहलवान की ताकत उनके पिता है, जो उनके दिल में बसते हैं। 29 वर्ष की मनीषा ने कजाखस्तान के अस्ताना में इतिहास रच दिया जब वह सीनियर कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई।

एशियाई खेलों की नाकामी की बखूबी भरपाई करते हुए उन्होंने कैरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी मनीषा ने अपने कोच वीरेंदर दहिया की सलाह मानकर विश्व चैंपियनशिप पर पूरा फोकस रखा,जिसकी उन्हें फायदा मिला।



वजन कम करने के लिए मिला कम समय

मनीषा ने कहा,' एशियाई खेलों में किस्मत ने साथ नहीं दिया। मैं कोच से कुश्ती, अभ्यास और रिकवरी के बारे में पूछती रही। उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप होना चाहिए। मुझे अभी भी याद है कि उन्होंने कहा था कि ईश्वर ने मेरे लिए कुछ बड़ा सोच रखा है।' एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में भाग लेने के बाद विश्व चैंपियनशिप में वह 59 किलो में उतरी। उनका मानना है कि दोनों टूर्नामेंटों के बीच में अंतर कम रहने से उन्हें रिकवरी और वजन कम करने के लिए काफी कम समय मिला। उन्होंने कहा,' मुझे एशियाई खेलों में पदक जीतने का यकीन था। मुझे पता था कि विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। दस दिन में वजन कम करना कठिन था तो मुझे लगा कि 59 किलो सही रहेगा।'

पिता ने निभाई कैरियर में अहम भूमिका

मनीषा के लिए यह जीत पदक से कहीं अधिक मायने रखती है। उन्हें कुश्ती में उतारने वाले पिता ने उनके कैरियर में अहम भूमिका निभाई लेकिन 2022 में उनका निधन हो गया। विश्व चैंपियनशिप फाइनल से पहले उन्होंने अपने पिता की याद में एक खास टीशर्ट पहना था। मनीषा ने कहा,' मैं बता नहीं सकती कि मेरे पिता की कितनी बड़ी भूमिका रही है। मैं उनसे बात करती रहती हूं मानो वह मेरे भीतर हों। वह मेरे दिल में बसते हैं और मेरे जीवन का हिस्सा हैं।' उन्होंने कहा,'मेरे पिता ने सिखाया कि या तो कोई काम शुरू मत करो और करो तो पूरा करके ही दम लो। यह मेरे खून में है। कुश्ती मेरे लिए पहला और आखिरी विकल्प है। इसने मुझे जीवन, नाम और जीने का सामर्थ्य दिया।'



माधवन बने हॉरर फिल्म के हीरो, निर्देशक बोले- ऐसा खौफ कभी नहीं देखा होगा

मुंबई। आर माधवन जल्द ही निर्देशक विशाल फुरिया की अगली हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। 'छोरी' और 'मां' जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर विशाल ने बताया कि माधवन इस फिल्म के लिए उनकी पहली और इकलौती पसंद थे। फिल्म की शूटिंग साल 2027 की शुरुआत में शुरू होगी। इसे रोहित रंजन अपने प्रोडक्शन हाउस फ्रॉस्टलिट प्रोडक्शन लिमिटेड के बैनर तले बना रहे हैं। विशाल का कहना है कि वो दर्शकों को भारतीय हॉरर सिनेमा में पहले कभी न देखा गया डर दिखाना चाहते हैं। माधवन '13बी' और 'शैतान' जैसी हॉरर फिल्मों में काम कर चुके हैं। इसके अलावा वो विशाल फुरिया की फिल्म 'मां' में कैमियो करते भी नजर आए थे। अब दोनों की इस नई फिल्म से दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं।

लाइफ Style

जाह्नवी

शिखर के साथ कब शादी करेंगी, खोला राज

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया के रिश्ते पर उनके फैंस की नजरें हमेशा बनी रहती हैं। करण जौहर के 'कॉफी विद करण' के 9वें सीजन में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड संग भविष्य की योजनाओं पर बात की। होस्ट द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी उनकी शादी अभी तय नहीं हुई है, लेकिन एक आइडियल टाइमलाइन बताकर फैंस को उत्साहित कर दिया। बता दें कि चैट शो में जाह्नवी के साथ वरुण धवन भी पहुंचे थे। शो के दौरान, जब होस्ट करण ने एक सवाल में जाह्नवी से उनकी लव लाइफ और शादी की योजना के बारे में पूछा, तो अभिनेत्री ने बताया कि उनकी शादी अभी तय नहीं हुई है। जाह्नवी ने कहा, अभी अगले 2 से 3 साल तक नहीं। अभिनेत्री ने करण के सवाल पर स्पष्ट किया कि उन्हें अभी उनकी शादी के लिए कितना लंबा इंतजार करना होगा।



दिलजीत और डैडी ने नए पंजाबी-स्पेनिश गाने 'पोकीतो' के लिए मिलाया हाथ



मुंबई। पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने प्यूर्टो रिको के गायक डैडी यांकी से हाथ मिला लिया है। दोनों कलाकार 'पोकीतो' नाम का एक गाना लेकर आए हैं, जो पंजाबी और स्पेनिश भाषा का एक धमाकेदार कोलैबरेशन है।

ड्राईवर की आवश्यकता है
भोपाल में मीडिया समूह में कार ड्राईवर की आवश्यकता है। अपने बायोडाटा, ड्राईविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें।
मो.नं. 9303508298, 8770833858



टीवी मसाला



'बिग बॉस 20' की लव गिल संग नाम जुड़ने पर भड़के गुरप्रीत

मुंबई। सलमान खान के शो 'बिग बॉस 20' में नजर आ रहीं लव गिल और पंजाबी अभिनेता गुरप्रीत घुग्गी के कथित अफेयर की खबरें कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर छाई हैं। हालांकि, अब अभिनेता ने इन अफवाहों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। एक वीडियो स्टेटमेंट में विवाद पर बात करते हुए, गुरप्रीत ने इन दावों को अपनी इमेज खराब करने का एक कथित एजेंडा बताया और संकेत दिया कि वह मामले को कोर्ट में ले जाएंगे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो में उन्होंने कहा, आज, जब हम बोल पाएंगे, तो हम निश्चित रूप से इस पर बात करेंगे। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि यह संभव है कि मेरे खिलाफ कोई एजेंडा हो। उन्होंने लव के प्रति चिंता जताते हुए कहा, मैं यह कहना चाहूंगा कि यह संभव है कि मेरे खिलाफ कोई एजेंडा हो। लेकिन अगर वह लड़की, जिसने अभी अपना करियर शुरू किया है, जिसका एक परिवार है, आज उसकी क्या हालत होगी? गुरप्रीत ने बताया कि लव ने इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी थी। उन्होंने कहा, मैंने जब पता कराया तो पता चला कि उनकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। वो किस तरह के ट्रॉमा में होगी? मैं तो तगड़ा बंदा हूं। दिमागी मजबूत हूं, सुसाइड नहीं करूंगा। मुझे नहीं पता कि मैं बर्बाद हो गया हूं या नहीं। लेकिन मैं एक इंसान हूं। उन्होंने सवाल किया व्यूज, पैसे और ऑनलाइन लोकप्रियता के लिए लोग क्यों ऐसा काम करते हैं। अभिनेता ने इशारा दिया कि इस मामले को कानूनी तौर पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वो बेबुनियाद हैं और कहा कि पुलिस अपना काम करेगी। दरअसल, मामला कथित तौर पर फिल्म 'फर्लो' से जुड़ा है, जिसमें गुरप्रीत और लव थे। एक यूट्यूबर ने दावा किया था कि इस दौरान दोनों रोमांटिक रिश्ते में थे। लव प्रेग्नेंट हो गई थीं और मामले को निजी रखने के लिए 5 करोड़ रुपये का समझौता हुआ था।

'बिग बॉस 20' से बेघर हुए आसिफ

'पंचायत' से लोकप्रिय हुए अभिनेता आसिफ खान चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' से बाहर होने की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। इस हफ्ते नामांकित सदस्यों में से सबसे कम वोट मिलने के कारण उनके बेघर होने की संभावना जताई जा रही है। मिर्जापुर' और 'पाताल लोक' जैसे मशहूर शोज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने वाले आसिफ के इस एविक्शन से उनके फैंस काफी हैरान हैं। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। इस हफ्ते नामांकित सदस्यों में स्काउटऑप, लव गिल, आम्रपाली दुबे, गुल्लू (कुशल तंवर) और आसिफ खान शामिल थे। खबरों के अनुसार, आसिफ को सबसे कम वोट मिले हैं, जिससे 'बिग बॉस 20' में उनका सफर समाप्त हो गया है। अगर इन रिपोर्टों की पुष्टि होती है तो इस वीकेंड आसिफ शो से बाहर होने वाले अगले प्रतियोगी होंगे। इससे पिछले एलिमिनेशन में मैरी कॉम कम वोट मिलने के कारण शो से बेघर हुई थीं। शो में आसिफ और काजी तौकीर के बीच बड़ी बहस हुई थी। वीकेंड पर जब रोहित शेट्टी आए तो उन्होंने इस बात पर आसिफ की क्लास लगा दी। आसिफ ने सफाई में कहा था कि काजी की बातों से उन्हें बुरा लगा था। वो किसी का दिल नहीं दुखाना चाहते था।



HONDA
The Honda Joy Fest
इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी
कैशबैक ₹10000# तक
न्यूनतम ROI @5.99%*
लोन 100%* तक
लोन अवधि 60* महीने
नो हायपोथिकेशन*
Shine 100 DX
अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें
डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें
आकर्षक ऑफ़र के लिये अपने नज़दीकी डीलर से सम्पर्क करें
IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS # pine labs #

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL: Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Keshar Honda - 9111603390; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; K S Honda - 9074414163; Dhuadhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BHIND:** Bhagawati Moto Honda - 9238112718; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930